e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 262

# प्रभात मंत्र

**सुविचार**
परिस्थिति बदलना जब मुमकिन ना हो तो मन की स्थिति बदल लीजिए, सब कुछ अपने आप ही बदल जाएगा!

मंगलवार
24.09.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26



## तीन-तीन प्रथम पुरस्कार जीतकर बच्चों ने एमएसए स्कूल का बढ़ाया मान : अरूणा शंकर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** एमएसए पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मासूम आर्ट ग्रुप मेदिनीनगर द्वारा टाउन हॉल में आयोजित मासूम नाट्य महोत्सव एवं प्रतियोगिता -2024 में उत्साहपूर्वक भाग लिया। एमएसए के छोटे छोटे बच्चें ने दिल को छू लेने वाली प्रस्तुति एकलव्य गुरूभक्त नाटक के माध्यम से खुब वाह वाही लुटा। नाटक में विद्यार्थियों का भेष-भूषा ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे मानो वास्तव में गुरू द्रोणाचार्य, युधिष्ठिर, दूर्योधन, अर्जुन, भीम, नकुल, सहदेव एवं शिष्य एकलव्य साक्षात् प्रकट थें। सभी बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन बहुत ही शानदार तरीके से किया। जिसके बदौलत एमएसए पब्लिक स्कूल के बच्चों को सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा में प्रथम पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ हास्य अभिनेता में



प्रथम पुरस्कार व सर्वश्रेष्ठ रूप सज्जा में भी प्रथम पुरस्कार से मासूम आर्ट ग्रुप द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित करने के दौरान प्रथम मेयर अरूणा शंकर, समाजसेवी ज्ञानचंद पाण्डेय, युगल किशोर, अविनाश देव, प्रदीप नारायण, पंकज श्रीवास्तव सहित कई अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थिति थें। एम.एस.ए के बच्चों को सम्मानित करने के बाद प्रथम मेयर अरूणा शंकर ने कहा सैकट चटर्जी द्वारा पलामू के बच्चों का प्रतिभा निखारने का काम काफी सराहनीय है। संत मरियम स्कूल के चैयरमेन अविनाश देव व ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल के प्रदीप नारायण ने भी एम.एस.ए स्कूल के बच्चों के एकलव्य नाटक को खूब सराहा और कहा वाकई तीन प्रथम पुरस्कार जीतकर अपने स्कूल का मान बढ़ाया है। नाटक प्रतियोगिता को प्रस्तुत करने में विद्यालय के सभी शिक्षकों का विशेष मार्गदर्शन रहा, जिनकी मदद और अपनी अथक परिश्रम से विद्यार्थियों ने तीन-तीन प्रथम पुरस्कार हासिल किया। नाटक में सर्वश्रेष्ठ हास्य अभिनेता के लिए अभिनव (भीम)को प्रथम पुरस्कार सम्मान मिला, जो उनकी अभिनय प्रतिभा का प्रमाण है। इसके अलावा, सभी विद्यार्थियों को सम्मान पत्र मिला, जिससे सभी प्रतिभागी बच्चे के साथ साथ सभी अभिभावक भी काफ़ी उत्साहित थें। मौके पर मासूम आर्ट ग्रुप द्वारा भी दो शानदार कार्यक्रम दशरथ मांझी व राजपथ प्रस्तुत किया गया जिसे टाउन हॉल में उमड़े जनसैलाब भीड़ ने खूब सराहा। कार्यक्रम के अंत में मासूम ग्रुप के द्वारा विद्यालय प्रबंधन को अध्यक्षीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आज स्कूल के प्रार्थना सभा में भी बच्चों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के प्राचार्य निरंजन शुक्ला, उप-प्राचार्य अफजल शफीक द्वारा सभी विद्यार्थियों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया और सभी को निरंतर आगे बढ़ते रहने और बेहतर करने हेतु कई सुझाव दिया गया। स्कूल संस्थापक शिक्षाविद् मों शफीक अंसारी ने कहा एम.एस.ए संस्था से जुड़े सभी बच्चे और अभिभावकों के लिए यह एक गौरवशाली पल है।

## पोता की हत्या के आरोप में दादा गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के होल्या गांव निवासी अंकुश कुमार सिंह के 8 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार का शव 19 सितंबर 2024 को गांव के आहर से बरामद किया गया था. शिवम की माता खुशबू देवी के फर्द बयान के आधार पर हुसैनाबाद थाना में शिवम कुमार के दादा कपिलदेव सिंह के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई थी. मामले में दादा पर ही अपने पोते की हत्या करने का आरोप लगा था. मामले में रविवार को पुलिस ने आरोपी दादा को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तारी की पुष्टि हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने की है. उन्होंने बताया कि शिवम कुमार (8 वर्ष) की हत्या के संबंध में दिनांक 19 सितंबर 2024 की शाम हुसैनाबाद थाना कांड संख्या 204/2024 द्य धारा 103 (1) /238 बीएनएस के तहत अंकित किया गया था. मृत बालक की मां ने हत्या का आरोप अपने ससुर कपिलदेव सिंह पर लगाया था.वहीं घटना के बाद से कपिलदेव सिंह फरार था. कांड के उद्भेदन और फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने हुसैनाबाद एसडीपीओ के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया था. पुलिस टीम ने बिहार राज्य के औरंगबाद से हत्या के आरोपी कपिलदेव सिंह को गिरफ्तार किया है. पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है.थाना प्रभारी ने बताया कि अनुसंधान के दौरान पुलिस ने घटना स्थल से एक दूध का कमंडल, मृतक का चप्पल, अभियुक्त का चप्पल, मृतक की साइकिल बरामद की थी।

## 312 छात्र परीक्षा फॉर्म भरने से हो गए वंचित, हो सकता है एक साल बर्बाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** राजकीय कृत जमा दो विद्यालय भवनाथपुर के 312 छात्र एसए 1 परीक्षा का फॉर्म भरने से वंचित हो गये। उक्त छात्रों के एक साल का समय बर्बाद होने का आशंका जताई जा रही है। किंतु गढ़वा डीईओ कैशर राजा ने कुछ न कुछ हल निकालने की बात कही है। जमा दो उच्च विद्यालय भवनाथपुर के प्रभारी प्राचार्य अंकित त्रिवेदी ने बताया की 9वीं से लेकर, 12वीं तक कुल 2162 छात्र नामांकित है। जिसमे एसए 1 का आनलाइन फॉर्म भरने की लिए महज चार दिन का समय मिला था। 312 बच्चे जानकारी के अभाव मे या अन्यत्र होने के कारण इस फॉर्म को नहीं भर सके। उल्लेखनीय है की विभाग द्वारा राज्य के 80 स्कूल



ऑफ़ एक्सीलेंस एवंम 320 बीएलएवी की कक्षा 08 से 12 तक की कक्षाओं में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं के उन्नयन हेतु एसए 1 और एसए- II का आयोजन करने का निदेश प्राप्त था। इस संबंध में गढ़वा डीईओ कैसर राजा ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में है, सॉल्यूशन निकाल लिया जाएगा।

## श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा ने बुजुर्गों एवं असहायों के बीच फल एवं खाद्य पदार्थों का किया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटरी में स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल, कुपोषण उपचार केंद्र, वृद्ध आश्रम, गुलाब हॉस्पिटल सहित अन्य स्थानो पर रोगियों, बुजुर्गों एवं असहायों के बीच फल एवं खाद्य पदार्थो का वितरण किया। मौके पर शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने बतलाया कि सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर उंटारी मानव मात्र की सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत विकलांगों, बृद्धो, असहायों के समीप जाकर समय-समय पर उन्हें सहयोग करते आया है। उनके साथ उनका अपना परिजन बनकर उनके कष्ट को हारने का काम करता आया है। इसी के अंतर्गत आज श्री सर्वेश्वरी समूह नगर उंटारी के द्वारा विभिन्न अस्पतालों, वृद्ध आश्रमों, में जाकर




लोगों के बीच एवं अन्य खाद्य पदार्थ जैसे बिस्कुट, ब्रेड, का वितरण किया और उनका हाल-चाल जाना। मौके पर शाखा के मंत्री आनंद जायसवाल, संजीव कुमार सिंह, संयुक्त मंत्री नागेंद्र प्रसाद, मनोज प्रताप देव, छोटू रंजन, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## ऐसे हैं आंगनबाड़ी के हाल, कहीं ताला तो कहीं गिनती के बच्चे : प्रमुख



**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बूढ़ीवीर पंचायत के टोला बेलवादमार के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 1 और 2 का प्रमुख गायत्री देवी ने औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में आंगनबाड़ी केंद्र सं 2 की सेविका साहिन बानो और सहायिका शीला देवी केंद्र पर उपस्थित थें वहीं कुल रजिस्टर के अनुसार छह बच्चें की उपस्थिति मिली साथ ही बच्चों से पूछे जाने पर समय 10 बजे तक नौनिहाल बच्चों को नाश्ता में कुछ भी नहीं दिया गया था। वहीं दूसरी और आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 1 की सेविका सरिता देवी और सहायिका केंद्र से गैरहाजिर मिली साथ ही केंद्र पर बच्चें भी अनुपस्थित थें। इस संदर्भ में प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि जहां एक तरफ़ सरकार बच्चों को कुपोषण मुक्त व शिक्षित करने लिए हर वर्ष लाखों रुपए खर्च कर रही हैं?, लेकिन यह सिर्फ कागजी आंकड़ों में सिमट कर रह गई हैं। यहां बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

## शिक्षण अधिगम सामग्री सह कला प्रदर्शनी का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** सोमवार को अपग्रेडेड हाई स्कूल कामगारपुर में छात्र -छात्राओं द्वारा शिक्षण अधिगम सामग्री सह कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन अपग्रेडेड हाई स्कूल बेनी कलां के प्रधानाध्यापक अतुल कुमार पाण्डेय, शिक्षक रवीन्द्र कुमार तथा संकुल साधन सेवी ओमप्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक विश्वजीत कुमार तथा संचालन वरीय शिक्षक अंगद किशोर ने किया। प्रदर्शनी में लगभग एक सौ बच्चों ने भाग लिया। छात्र -छात्राओं ने एक से बढ़कर एक शिक्षण अधिगम सामग्री तथा कलात्मक वस्तुएं बनाकर प्रस्तुत किया। आगत अतिथियों ने कलात्मक वस्तुओं का मूल्यांकन कर तारीफ की। अतुल कुमार पाण्डेय ने कहा कि छात्र -छात्राओं की यह प्रस्तुति एक से बढ़कर एक हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विश्वजीत कुमार ने सभी बच्चों को बाल दिवस के अवसर पर सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगी अन्य शिक्षकों में सुरेन्द्र कुमार, सूरज कुमार,भंवर सिंह, संजय कुमार सिंह, राजेश्वर सिंह एवं वंदना कुमारी तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न नारायण सिंह उल्लेखनीय थे।

## विधायक ने पंडा नदी पर 3 करोड़ 66 लाख की लागत से पुल निर्माण का किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** थाना अंतर्गत ग्राम-पंचायत बलिगढ़ के मोटंगवा पंडा नदी पर 3 करोड़ 66 लाख की लागत से बनने वाला पुल का शिलान्यास एवं परती उपस्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने गांव के ही बुजुर्ग बलराम सिंह से नारियल फोड़ एवं विधिवत पूजा अर्चना कर करवाया।यह पुल बन जाने से बलीगढ़ और केतार पंचायत जुड़ने के साथ प्रखंड मुख्यालय की दूरी कम हो जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों को बरसात के दिनो मे पंचायत एवं प्रखंड मुख्यालय तक जाने में काफी सहूलियत होगा।शिलान्यास कार्यक्रम के बाद सभा का आयोजन किया गया जिसका संचालन दिलीप जायसवाल ने किया। सबसे पहले भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक भानु प्रताप शाही को माला पहना कर स्वागत किया।इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए उक्त विधायक ने कहा कि पहली बार जब मुझे भवनाथपुर विधानसभा की जनता विधायक चुना उस समय भवनाथपुर विधानसभा की अधिकतर गांव का संपर्क बरसात के दिनों में प्रखंड एवं पंचायत मुख्यालय से टूट जाता था। मेरे अथक प्रयास से भवनाथपुर विधानसभा में सबसे पहले आवश्यकता के अनुकूल पुल, बिजली, सड़क एवं शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत बनाया जो आज खेत में बिजली एवं पानी उपलब्ध है। उन्होंने कहा की हेमंत सोरेन सरकार में भ्रष्टाचारीयों का बोलबाला है। इस सरकार के अधिकारी गरीबों का काम नहीं कर रहे हैं। वन पट्टा दिलवाने के नाम पर आदिवासी और दलितों से दस-दस हजार रुपए वसुला जा रहा है। चेतावनी देते हुए कहा की गरीबों का पैसा वापस कर दो नहीं तो भाजपा की सरकार में आने पर दलालों को सलाखों में डाला जायेगा। उन्होंने कहा की मंईयां सम्मान योजना का पैसा कुछ ही महिलाओं को मिल रहा है, यह योजना दिसम्बर में बंद हो जाएगा। इस मौके पर केतार भाजपा मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, मुकुंदपुर मुखिया मूंगा साह, राजू सिंह, रवींद्र सोनी, विमलेश पासवान, अरविंद वर्मा, सीताराम जयसवाल, राजा प्रसाद, मनोज फौजी, राम प्रसाद कमलापुरी सहित अन्य लोग शामिल थे।

## किसान संकल्प महापंचायत में 11 सूत्री प्रस्ताव पारित

## भ्रष्टाचार मुक्त हुसैनाबाद का संकल्प : कर्नल संजय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** पलामू जिले के जपला में किसान संकल्प महापंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों किसानों, मजदूरों, युवाओं और महिलाओं ने भाग लिया। इस महापंचायत का नेतृत्व किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार के खिलाफ एक संगठित लड़ाई शुरू करना था।कर्नल सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद में भ्रष्टाचार सबसे बड़ी समस्या है, जो विकास योजनाओं से लेकर किसानों के अधिकारों की उपेक्षा तक हर क्षेत्र में फैला है। उन्होंने कहा,हम एक ऐसा हुसैनाबाद बनाएंगे, जहां कोई भी भ्रष्टाचारी टिक नहीं पाएगा। महापंचायत में किसानों की समस्याओं पर गहराई से चर्चा की गई। किसानों के लिए निःशुल्क बिजली, सिंचाई योजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन और फसल का उचित




मूल्य सुनिश्चित करने की मांग की गई। कर्नल सिंह ने कहा, ÷अगर हमारी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो यह आंदोलन और बड़ा रूप लेगा। **11 सूत्री मांगें रखीं :** इस महापंचायत में 11 सूत्रीय मांगें रखी गई, जिनमें भूमि सर्वेक्षण में सुधार, सिंचाई परियोजनाओं का शीघ्र क्रियान्वयन, किसानों के लिए मुफ्त बिजली और न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करना शामिल था। इसके अलावा, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार सृजन, रेलवे ओवरब्रिज और कोल्ड स्टोरेज जैसी सुविधाओं की मांग की गई। **में इनकी रही उपस्थित :** पर बिन्देशरी यादव - अध्यक्ष रविरंजन सिंह - संचालन ओबरा के पूर्व विधायक सोम प्रकाश यादव सचितानंद सिंह श्याम नारायण सिंह राम प्रवेश सिंह बद्रीनारायण सिंह अयोध्या सिंह भुनेश प्रसाद सिंह दुद्देशवर सिंह भोला पासवान लाल बहादुर सिंह राजेश पासवान विनोद पासवान भिष्म नारायण सिंह लालधन ठाकुर मृत्युंजय सिंह इशरार अहमद गुड्डु चंपा देवी लालमती देवी बबीता मेहता दीदी दीपांजलि वर्मा खैरूल नीशा देवपती देवी सहित किसान ब्रिगेड के हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित थे।

## चेंबर चुनाव में फिरोजुद्दीन का जमानत जप्त, उदय शंकर दुबे 45 मत से विजई

## एकता तोड़ने वाले व्यवसाई खुद अपनी पहचान खो देंगे : उदय शंकर दुबे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** रांची में झारखंड चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज का चुनाव दिलचस्प तरीका से संपन्न हुआ। इस चुनाव में पूरे झारखंड से चार रीजनल उपाध्यक्ष भी होते जिसमें एक पलामू प्रमंडल से चुने जाते। बताया जाता है कि वर्षो से चेंबर की एकता को बनाए रखने के लिए पलामू चैंबर, गढ़वा चैंबर, नगर चैंबर, लातेहार चैंबर, पलामू चेंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर के नेतृत्व में किसी एक सदस्य पर रायसुमारी करते हुए रीजनल उपाध्यक्ष के लिए नाम आगे किया जाता और निर्विरोध उसे जीता दिया जाता रहा है, जो व्यवसाईयों के एकता का प्रतीक रहा है। इस बार के चुनाव में पलामू चैंबर से अलग हुए एक गुट द्वारा मोहम्मद फिरोजुद्दीन अंसारी को खड़ा कर दिया गया वही दूसरी और अपने परंपरागत तरीके से सभी जिले के






चेंबर ऐवम पदाधिकारीयो ने चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर जी के नेतृत्व में बैठक कर निर्णय लेते हुए उदय शंकर दुबे उर्फ रिंकू दूबे को रीजनल उपाध्यक्ष के लिए प्रत्याशी बनाया। जिसका चुनाव कल रांची में सुबह 10 से लेकर शाम 7 तक गुरु गोविंद सिंह स्कूल के प्रांगण में संपन्न हो गया और देर रात झारखंड चैंबर ऑफ़ कॉमर्स चुनाव समिति द्वारा परिणाम भी घोषित कर दिया गया। जो परिणाम आया उसके हिसाब से फिरोजुद्दीन अंसारी का जमानत जप्त होते हुए 61 वोट में मात्र 7 वोट प्राप्त हुए। वहीं दूसरी ओर उदय शंकर दुबे को 45 मत प्राप्त करते हुए शानदार जीत मिली। इस अवसर पर पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, व्यावसायिक संघ, डाल्टनगंज चैंबर ऑफ़ कॉमर्स, गढ़वा चैंबर ऑफ़ कॉमर्स, लातेहार चैंबर ऑफ़ कॉमर्स, नगर चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एवं चतरा चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी ने नवनियुक्त रीजनल उपाध्यक्ष श्री उदय शंकर दुबे को बधाई दी। उदय शंकर दुबे ने बधाई लेते हुए सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा चेंबर व्यावसायिक एकता का प्रतीक है। मैं सदा व्यवसाययों के हित में कार्य करूंगा। इस एकता को तोड़ने वाले खुद अपनी पहचान खो देंगे।

## हाईवा वाहन का आतंक जारी, फिर ली एक गरीब युवक की जान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** सीसीएल के आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र स्थित बिंगलात एक नंबर गेट के समीप सोमवार को एक अनियंत्रित हाईवा कोल वाहन ने प्रखंड क्षेत्र के बुकरु गांव निवासी गौतम सिंह के अठाईस वर्षीय पुत्र रामप्रवेश सिंह को मोटरसाइकिल सहित अपने चपेट में ले लिया। हालांकि घटना स्थल पर मौजूद लोगों की मदद से टंडवा प्रखंड प्रमुख ने अपने गाड़ी से तुरंत टंडवा सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया। परंतु डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हाईवा वाहन आम्रपाली कोल परियोजना में संचालित जय मां अंबे कंपनी के अधीनस्थ कोयले की ढुलाई करती है। घटना की सूचना मिलते हीं त्वरित कार्रवाई करते हुवे घटना को अंजाम देने वाला कोल वाहन को आम्रपाली पुलिस पिकेट अपने कब्जे में ले लिया है।


झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़
ई०–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं० :–*RDSD/RAMGARH/05/2024-25*

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :– MMGSY मद अन्तर्गत।

| क्र | आईडेन्टीफिकेषन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | ग्राम/पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राषि | अग्रधन की राषि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | RDSD/RAMGARH/ MMGSY /01/2024-25 | पतरातु | बीचा | रामगढ़ जिला के प्रखण्ड पतरातु अन्तर्गत ग्राम/पंचायत बीचा में बेहरा टोला और होन्हेटांड के बीच बेहरा टोला नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 34306800 | 687000 | 10000 | 18 (अठारह) माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 25.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 25.09.2024 से 04.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 07.10.2024 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– 9939700965
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट ***Jharkhandtenders.gov.in*** एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,रामगढ़।

PR 336687 Rural Work Department(24-25)D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 262

# प्रभात मंत्र

मंगलवार
24.09.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
परिस्थिति बदलना जब मुमकिन ना हो तो मन की स्थिति बदल लीजिए, सब कुछ अपने आप ही बदल जाएगा!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### सिक्किम के मुख्यमंत्री ने एआईएफएफ प्रमुख के साथ फुटबॉल के विकास पर की चर्चा

**नई दिल्ली :** सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें राज्य में फुटबॉल के विकास और प्रचार पर ध्यान केंद्रित किया गया.चर्चा युवा फुटबॉल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और क्षेत्र में खेल की लोकप्रियता को और बढ़ाने के उद्देश्य से की गई पहलों के इर्द-गिर्द घूमती रही। मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में बैठक का विवरण साझा किया।

### मुख्यमंत्री ने जहानाबाद जिले में करोड़ों की योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को जहानाबाद जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत 57 करोड़ 14 लाख 59 हजार रुपये की योजनाओं का उद्घाटन तथा 65 करोड़ 62 लाख 4 हजार रुपये की योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने पटना से जहानाबाद जाने के क्रम में सरिस्ताबाद गांव के पास एनएच-30 और नाथूपुर गांव के पास एनएच-83 को जोड़ने वाले निर्माणाधीन पटना-गया-डोभी लिंक पथ का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

### तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने बाइक सवार मजदूरों को मारी टक्कर, तीन की मौत

**बांदा :** जिले में 24 घंटे के अंदर सोमवार को दूसरी बड़ी दुर्घटना हो गई। नरैनी कोतवाली क्षेत्र में भीषण सड़क हादसा होने से तीन मजदूरों की मौत हो गई और एक की हालत गंभीर बनी हुई है। बाइक में सवार मजदूर सवेरे मजदूरी करने जा रहे थे। लहुरेटा गांव के छनिया डेरा के पास तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने बाइक सवारों को रौंद दिया। उन्हें गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया ले जाया गया। डॉक्टर ने तीन को मृत घोषित कर दिया। एक मजदूर की हालत नाजुक होने पर उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। गया के नरैनी में भीषण सड़क हादसा हुआ। बाइक सवार युवकों को तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने टक्कर मार दी।

### हाई कोर्ट में आईएएस मंजूनाथ भजंत्री मामले में भारत निर्वाचन आयोग का अपील स्वीकृत

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने देवघर के पूर्व उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने एवं चुनावी कार्यों से उन्हें अलग रखने के इलेक्शन कमीशन ऑफ़ इंडिया के आदेश को लेकर मंजूनाथ भजंत्री की याचिका के आदेश को चुनौती देने वाली इलेक्शन कमीशन ऑफ़ इंडिया की अपील (एलपीए) पर सोमवार को फैसला सुनाया। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने ईसीआई की अपील को स्वीकृत कर लिया। साथ ही एकल पीठ के आदेश को निरस्त कर दिया।

### बिहार के 12 जिलों की 13 लाख आबादी बाढ़ से प्रभावित

**पटना :** बिहार में गंगा और इसकी सहायक नदियां पूरे उफान पर हैं। अबतक प्रदेश के 12 जिलों की करीब 13 लाख अबादी बाढ़ से प्रभावित है जबकि बीते 24 घंटे में बाढ़ से 10 लोगों की मौत हो चुकी है।

### कन्नौज : 50 हजार का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**कन्नौज :** जनपद में एक वर्ष पूर्व इत्र कारोबारी के घर डकैती के मामले में फरार 50 हजार का इनामी को पुलिस ने मुठभेड़ में रविवार की रात को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने सोमवार को बताया कि डकैती मामले में फरार चल रहे 50 हजार के इनामी बदमाश की लोकेशन जलालपुर पनवाड़ा के आसपास मिली थी। इस पर कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम ने घेराबंदी की। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो बदमाश ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में एक गोली उसके पैर में लगी, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर घायल अवस्था में इलाज के जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28° |
| न्युनतम | 22° |

## झामुमो ने शुरू किया मंईयां सम्मान यात्रा, परिवर्तन यात्रा में गरजे भाजपा के दिग्गज नेता

# हेमंत के साथ खड़ी है झारखंड की जनता : कल्पना सोरेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर (गढ़वा) :** भाजपा वालों ने हेमंत सोरेन को जेल में नहीं डाला, बल्कि कल्याणकारी योजनाओं को जेल में डाल दिया। भाजपा वाले नहीं चाहते हैं कि हमारी माताओं बहनों के खाते में हजार टका आए। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक विधायक कल्पना सोरेन ने गोसाईबाग के मैदान में आयोजित मइँया सम्मान यात्रा के शुभारंभ के पश्चात आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि ये वही हेमंत सोरेन हैं जिनको पांच महीने जेल में डाला था। इस योजना की शुरुआत हेमंत सोरेन ने पहले ही कर ली थी।आज आपको दूसरा किस्त मिल रहा है। आज आपको 7 वां किस्त मिल रहा होता। लेकिन भाजपा वालों की वजह से ये योजना रूक गया। कल्पना ने कहा कि जैसे ही हमने मंईयां सम्मान योजना के पहली किस्त दी, वैसे ही बीजेपी के कुछ लोगों ने पीआईएल कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं आपसे पूछना चाहती हूं कि आप इस योजना से खुश है या नहीं। यदि आप खुश हैं तो उनको दिखा देना है। कल्पना सोरेन ने विपक्ष पर वार करते हुए कहा कि सभी योजनाएं अनवरत चलने वाली है। आप रोक सकते हैं तो रोक कर दिखाइए। कहा कि जो केंद्र में बैठे हुए हैं वो लोग झारखंड में मंडरा रहे हैं। वो बरगलाने आ रहे हैं कि आदिवासी बेटा हेमंत सोरेन झारखंड के लिए कुछ नहीं कर रहा है। लेकिन अब झारखंड की जनता उन्हें बताएगी कि बाहर से आप जितने भी मुख्यमंत्री को लाना है ले आईए। लेकिन आने वाले साल में भी हेमंत सोरेन ही झारखंड के मुख्यमंत्री रहेंगे। क्योंकि हेमंत सोरेन के साथ झारखंड की जनता खड़ी है।मौके पर पेयजल एवम स्वच्छता विभाग के मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश ठाकुर, सहकारिता विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय,महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्री बेबी देवी,पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव,जेएमएम नेता ताहिर अंसारी,जिप सदस्य शांति देवी ने भी सभा को संबोधित किया। मौके पर जिला पुलिस पदाधिकारी दीपक पांडेय,बीडीओ अदिति गुप्ता,सीओ विकास कुमार सिंह बड़ी संख्या में जेएमएम के नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

> **कल्पना सोरेन ने विपक्ष पर वार करते हुए कहा कि सभी योजनाएं अनवरत चलने वाली है। आप रोक सकते हैं तो रोक कर दिखाईए। कहा कि जो केंद्र में बैठे हुए हैं वो लोग झारखंड में मंडरा रहे हैं।**

### झामुमो कांग्रेस और राजद ने झारखंड के विकास पर लगाया ग्रहण : जेपी नड्डा



**खूंटी-हुसैनाबाद-विश्रामपुर :** खूंटी जिले के कचहरी मैदान में पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दक्षिणी छोटानागपुर के परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ किया.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने झारखंड सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद ने झारखंड के विकास में ग्रहण लगाने का काम किया है. हेमंत सोरेन ने भी कांग्रेस से सीखने में कोई कसर नहीं छोड़ी. जेएमएम भी भ्रष्टाचारी पार्टी बन गई.उन्होंने परिवारवाद को बढ़ावा दिया, भाई भतीजावाद को पनाह दी, युवाओं के साथ छल किया और अपने ही परिवार में जो पराये दिखे उन्हें दरकिनार किया. झारखंड को कांग्रेस, जेएमएम और आरजेडी से मुक्ति दिलाने का काम करना होगा, साथ ही उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन यात्रा मां, बेटी-रोटी और आदिवासी अस्मिता की रक्षा की यात्रा है और ये यात्रा आदिवासी की जमीन को हड़पने से बचाने की यात्रा है.हुसैनाबाद अनुमंडल के हैदरनगर प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में भाजपा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि झारखंड की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए परिवर्तन यात्रा 2 अक्तूबर तक चलेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य अटल बिहारी बाजपयी जी ने बनाया था। शिबू सोरेन हेमंत सोरेन कांग्रेस राजद ने इसे लूट का अड्डा बना दिया। उन्होंने कहा कि सरकारें जन कल्याण के लिए बनती है। मगर यहां जिहादी कल्याण के लिए काम हो रहा है। संथाल में ट्राइबल की जनसंख्या 42 प्रतिशत से 28 प्रतिशत हो गई।कार्यक्रम में पलामू सांसद वीडी राम,चतरा के पूर्व सांसद सुनील सिंह , प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान,पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह, बिनोद कुमार सिंह, विपिन बिहारी सिंह ज्योतिरश्व सिंह, कर्नल संजय सिंह, कामेश्वर कुशवाहा के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा नेता कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।इधर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र में अनुराग ठाकुर का जोरदार स्वागत किया.रैली बीमोड़,विश्रामपुर,पांडू होते हुए उंटारी पहुंचा. श्री ठाकुर ने उंटारी प्रखंड मुख्यालय पर भाजपा द्वारा आयोजित परिवर्तन संकल्प रैली में उमड़ी महती भीड़ को संबोधित किया।कार्यक्रम को भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, संध्या सिंह,भाजपा गढ़वा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद मेहता,टिकैत चौबे, विभाकर नारायण पांडेय आदि ने भी संबोधित किया.सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमित तिवारी व संचालन जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने किया.

## मुख्यमंत्री ने खूंटी व सिमडेगा जिले को लगभग 734 करोड़ 55 लाख रूपए की योजनाओं की दी सौगात

# नारी शक्ति को मिल रहा सम्मान : हेमंत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि वर्ष 2021 में खूंटी की वीर भूमि उलिहातु से हमने आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का शुरुआत की थी। आज हमसभी लोग इस कार्यक्रम के चौथे चरण में हैं।मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने तोरपा प्रखंड अंतर्गत एनएचपीसी मैदान में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने पहले भी कहा है और आज भी यह बात कह रहा हूं। वर्तमान राज्य सरकार गांव से चलने वाली सरकार है। आज राज्य सरकार के अधिकारी आपके द्वार पहुंचकर आपकी समस्याओं का समाधान कर रहें हैं। आपको सरकार की योजनाओं से जोड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राज्य के सभी वर्ग-समुदाय को उनका हक-अधिकार देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों से अपील किया कि आपसभी अपना हौसला बुलंद रखिए। आप मजबूती के साथ खड़े रहिए। आपका यह बेटा आपके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आप सिर्फ अपना आशीर्वाद हमें देते रहे ताकि हम दिन रात जनहित का काम करते रहें।

आपका स्नेह और आशीर्वाद हमें कार्य करने की शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के लोग स्वाभिमानी होते है। यहां के लोगों ने हमेशा एकजुट रहकर राज्य के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य की महिलाओं को सम्मान, वृद्धजनों को बुढ़ापे की लाठी दी है। मुख्यमंत्री ने आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वारङ्कार्यक्रम में खूंटी एवं सिमडेगा जिले को कुल 73,454.146 लाख रूपए की सौगात दी। विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास एवं दोनों जिलों के 133,881 लाभुकों के बीच लगभग 148 करोड़ रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया। जिसमें खूंटी जिला अंतर्गत 31,360.918 लाख रूपए की 154 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास शामिल है, जबकि सिमडेगा जिला अंतर्गत 42,093.228 लाख रूपए की 143 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मंत्री रामेश्वर उरांव, सत्यानन्द भोक्ता, सांसद कालीचरण मुंडा, विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, विधायक भूषण बाड़ा, जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र के अलावा खूंटी एवं सिमडेगा जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सहित जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद रहें।

# भारत निर्वाचन आयोग की टीम पहुंची रांची, की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भारत निर्वाचन आयोग की टीम सोमवार को रांची पहुंची। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में पहुंची आयोग की इस टीम में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा डॉ सुखबीर सिंह संधू भी शामिल हैं। रांची पहुंचने पर आयोग ने बैठकों के क्रम में सर्वप्रथम झारखंड अंतर्गत राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों के साथ विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में बैठक कर उनसे विस्तार से संवाद किया। इस दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने आगामी विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने तथा बेहतर मतदान प्रतिशत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील भी की।राजनीतिक दलों के साथ हुई बैठक के उपरांत आयोग ने चुनाव कार्य से प्रत्यक्षतः संलग्न विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के राज्य स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उनकी कार्य योजनाओं की समीक्षा की।सभी से अपील की गयी कि सभी एजेंसियां स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु कमर कस लें।आयोग की समीक्षा के क्रम में उपरोक्त दो समीक्षा बैठकों के बाद राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी श्री एवी होमकर तथा सीएपीएफ के नोडल पदाधिकारी के साथ आयोग ने संबंधित निर्वाचन विषयों पर बिंदुवार समीक्षा की। समीक्षा बैठकों की कड़ी में आयोग ने झारखंड के मुख्य सचिव एल खियांग्ते तथा पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता के साथ बैठक की।

# पॉक्सो कानून के तहत अपराध है चाइल्ड पॉर्न देखना व डाउनलोड करना : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले को पलट दिया है। जिसमें कहा गया था कि केवल बाल पोर्नोग्राफी डाउनलोड करना और देखना पॉक्सो अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी कानून के तहत अपराध नहीं है। जिसके बाद मद्रास हाईकोर्ट के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इस फैसले पर सुनवाई करते हुए कहा कि, बाल पोर्नोग्राफी को डाउनलोड करना, फोन में रखना और देखना पॉक्सो और आईटी एक्ट के तहत अपराध है।संसद को चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द बदलने का दिया सुझाव। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्र की पीठ ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि, चाइल्ड पोर्नोग्राफी से जुड़े फोटो-वीडियो को स्टोर करना यौन



अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध है। यही नहीं सुप्रीम कोर्ट ने संसद को पॉक्सो अधिनियम में संशोधन के लिए कानून लाने का सुझाव दिया। जिसमें चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द को चाइल्ड यौन शोषण और अपमानजनक सामग्री से बदल दिया जाए।आरोपी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को बहाल करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने आज साफतौर पर कहा कि बाल पोर्नोग्राफी को शेयर, देखना, बनाना और डाउनलोड करना सभी दंडनीय अपराध हैं।सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दो याचिकाकर्ता संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील एचएस फुल्का की दलीलों पर ध्यान दिया था कि हाईकोर्ट का फैसला इस संबंध में कानूनों के विपरीत था। वरिष्ठ वकील फरीदाबाद स्थित गैर सरकारी संगठन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस और नई दिल्ली स्थित बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से अदालत में पेश हुए। संस्थाएं बच्चों के कल्याण के लिए काम करती हैं।

# मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

**एजेंसी**

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो पुरुष और एक महिला सहित तीन नक्सली मारे गए।नारायणपुर अबूझमाड़ के क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना प्राप्त होने पर सर्चिंग अभियान पर संयुक्त पुलिस पार्टी गई थी। सर्चिंग के दौरान आज शाम 4 बजे से लगातार पुलिस पार्टी और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। दो पुरुष और एक महिला नक्सली मुठभेड़ में



मारे गए। एके 47 सहित कई अन्य हथियार बरामद किये गए हैं। सभी जवान सुरक्षित हैं और सर्च अभियान जारी है।इससे पहले सुकमा के चिंतागुफाथाना क्षेत्र के ग्राम तुमालपाड के जंगल में पुलिस और नक्सलियों की मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान पुलिस ने एक पांच लाख के इनामी नक्सली को ढेर कर दिया था। जवानों ने बड़ी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद की थी। सुरक्षाबल के जवान थाना चिंतागुफा क्षेत्र कैंप करीगुड़म से नक्सलियों के कोंटा एरिया कमेटी एवं पीएलजीएल बटालियन सदस्यों के उपस्थिति की आसूचना पर नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना हुए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव ने बताया कि जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है।

## राज्य के कुछ हिस्सों में 25 से भारी बारिश की संभावना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के लोगों को एक बार फिर उमस भरी गर्मी से राहत मिलने वाली है। राज्य में फिर मौसम बदलने वाला है और 25 सितंबर से फिर भारी बारिश होगी। इसका असर राज्य के कई जिलों में देखने को मिलेगा। इस बीच कुछ जगहों पर गर्जन और वज्रपात होगा। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद कने अनुसार 25 सितंबर से भारी बारिश होने की संभावना है। 27 सितंबर तक कहीं-कहीं हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। इसका असर राज्य के कई जिलों में देखने को मिलेगा। इस बीच कुछ जगहों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात होने की भी संभावना जताई गई है। उन्होंने बताया कि राज्य में अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले दो दिनों में इसमें दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। 26 सितंबर तक राज्य में कहीं कहीं मेघगर्जन और वज्रपात होने की आशंका है। राज्य के उत्तर-पूर्वी हिस्सों के अलावा अन्य जिलों में भी मौसम के इस बदलाव का असर देखने को मिलेगा।



प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

### अवैध रूप से भरकर कर ले जा रहे गौवंशीय को पुलिस ने किया जब्त

**रांची।** बेड़ो पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बेड़ो महावीर चौक 12 चक्का ट्रक (जे एच 01 बी एच 5545) में अवैध रूप से भरकर कर ले जा रहे गौवंशीय पशु को काफी मशक्कत के बाद धर दबोचा। वहीं चालक भागने में सफल रहा। जबकि ट्रक के ऊपर सो रहा एक युवक मौका देख कर भागने लगा। जिसे पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया। वहीं मवेशी लदा ट्रक को जब्त कर थाना ले आई। पकड़े गए गौ तस्कर ने अपना नाम माजिद अंसारी पिता मोहिब ग्राम पंडरी थाना चान्हो बतलाया। वहीं उसने बताया कि वे लोग पत्थलगांव से गोवंशीय पशु को लोड कर रांची के नगड़ी ले जा रहे थे।

### भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**रांची :** भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक रांची स्थित झारखंड मंत्रालय में हुई। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव शाहनवाज हसन, राष्ट्रीय सचिव चंदन मिश्र, प्रदेश अध्यक्ष संपूर्णानंद भारती, शुभाशीष झा, शैलाज सिंह एवं नईम खान शामिल हुए।राष्ट्रीय सम्मेलन झारखण्ड की राजधानी रांची में 19-20 अक्टूबर को आयोजित किए जाने को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पाण्डेय से दूरभाष पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहमति मिलने के उपरांत तिथि निर्धारित की गई। देश भर के पत्रकार शनिवार की सुबह रेल, सड़क एवं हवाई मार्ग से झारखंड की राजधानी रांची पहुंचेंगे। 19 अक्तूबर शनिवार की सुबह 11 बजे सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में पत्रकारों के राष्ट्रीय एजेंडे पर देश भर की सभी 22 राज्य इकाई के अध्यक्ष अपनी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक देश के दो बड़े संत पत्रकारिता और अध्यात्म पर मार्गदर्शन देंगे।

# देर रात तक हज़रत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा के दर पे लगी रही अकीदतो की भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा र. अ के मजार पर जायरीनों ने चादरपोशी की और अपना, अपने परिवार , झारखंड व देश के लिए अमन चैन की दुआएं मांगी। चादरपोशी के बाद कव्वाली का आयोजन किया गया। दो दिनों तक कव्वाली आयोजन किया गया। कव्वाली के दूसरे दिन हजारों की भीड़ देखने को मिली । मुंबई के कव्वाल मुज्तबा अजीज नाजा और जुनैद सुल्तानी के बीच देर रात तक कव्वाली का मुकाबला हुआ। 2 दिनों तक चले इस कव्वाली मुकाबले में एक से बढ़कर एक कव्वाली पेश किया गया और कव्वाली सुनकर लोग झूमते नजर आए। इस पल को सभी लोग अपने मोबाईल , फेसबुक पर कैद कर लिये, कुछ तो फेसबुक पर लाइव भी कर रहे थे।

**50 लाख से अधिक का कारोबार :** इस मेले में करीब 300 से अधिक विभिन्न तरह के स्टॉल भी लगाए गए थे और करीब 50 लाख से अधिक का कारोबार भी इस मेले में होने की अनुमान लगाई गई है, वहीं दुकानदारों के चेहरे पर खुशी थी, इनका कहना था कि बारिश नहीं होने से बिक्री अच्छी खासी रही। हालांकि दरगाह कमेटी इस पर अपनी प्रतिक्रिया जारी नहीं की है।

**इन गणमान्य ने की चादर पोशी :** हजरत कुतुबुद्दीन रिशालदार साहब बाबा रहमतुल्लाह अलै के दर पर क्या गरीब क्या अमीर सभी एक शफ पे खड़े होकर बाबा की चौखट पर अपना मत्था टेका, चादर पोसी की और दुआएं मांगी। गली मोहल्ले से भी बड़ी धूमधाम के साथ चादर लेकर बाबा के दरगाह पर पहुंचे । वहीं चादर पोसी और मत्था टेकने में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पेय जल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर ,



कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व केंद्र मंत्री सुबोध कांत सहाय, कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव, राजद से कैलाश यादव, जैप वन, पुलिस एसोसिएशन , वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, झारखंड पुलिस एसोसिएशन के पदाधिकारी , उपायुक्त राहुल सिन्हा, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान, झामुमो के रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम सहित कई संस्थाओं के सदर , सचिव चादरपोशी की और बेहतर स्वास्थ, अमन चैन व खुशहाली की दुआएं की।

**डीजे में लाखो रुपए किए खर्च :** वहीं रांची शहर के आसपास के क्षेत्र से विभिन्न सामाजिक संगठनों, संस्थाओं से चादर शरीफ हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा दरगाह पर चढ़ने के लिए निकाले जुलुस में कई संस्थाएं, संगठनों ने जो 407 जैसी बड़ी-बड़ी गाड़ियों और उसपर बड़े बड़े साउंड बॉक्स व डीजे लेकर बाबा के दर पर पहुंचे थे । करीब दो दिनों तक चले इस उर्स मेला में 22 और 23 सितंबर तक 20 से अधिक डीजे जैसे साउंड वाली गाड़ियां शामिल थी , जिस कारण से कई जगहों पर केवल तार की ऊंचाई कम रहने के कारण दिक्कतें भी आई । डोरंडा फ्लाईओवर निर्माण के कारण भी जाम की स्थिति थी, ट्रैफिक पुलिस,पीसीआर पुलिस को काफी मेहनत करनी पड़ी। कुछ जानकार के अनुसार करीब एक डीजे में 25000 से अधिक रुपए खर्च किये जाते हैं वाहन खर्च , अमूमन बताया जाता है कि करीब दो दिनों के उर्स में सिर्फ डीए,गाडियों में 50 लाख से अधिक रुपए इस तरह खर्च किए गए, हालांकि रांची जिला उपायुक्त राहुल सिन्हा के द्वारा जश्न ए ईद मिलादुन्नबी की केंद्रीय शांति समिति की बैठक में दिशा निर्देश जारी किये थे कि बहुत ज्यादा ध्वनि वाले साउंड और डीजे का उपयोग नहीं किया जाएगा।

**दरगाह कमेटी के पदाधिकारी ने कहा :** हज़रत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा र.अ कमेटी के महासचिव जावेद ने कहा कि आयोजन बहुत अच्छा रहा। ढाई से तीन सौ तक सभी तरह के स्टाल लगायें गये थे, करीब करीब पचास लाख का कारोबार होने की उम्मीद है। जहां तक डीजे साउंड बड़ी गाड़ियों की बात है तो दरगाह कमेटी ने भी मना किया था , बावजूद इसके लोग लेकर आ आये, ऐसा नहीं होना चाहिए था आगे से और कड़ाई होगी।

### भाजपा का परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने के लिए राजीव रंजन ने किया बैठक

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजिय परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता बैठक सम्पन्न हुई ।बैठक में निर्णय लिया गया आगामी 01/10/2024 को भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित परिवर्तन यात्रा में हजारों की संख्या में लोग भाग लेंगे । मिश्रा ने राजधानी के लोगो से हजारो की संख्या में परिवर्तन यात्रा में शामिल होने की अपील की एवं यात्रा को सफल बनाने का आग्रह किया ।बैठक में राँची के विभिन्न छेत्रो से आए लोगो ने 8980808080 नंबर पर मिस कॉल कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । बैठक में शंकर दुबे , उपेन्द्र रजक , मुन्ना बड़ाईक , गोपाल पारीक , राहुल सिन्हा चंकी , लंकेश सिंह , पीयूष आनंद , ज्योति शंकर साहू , साहिल कुमार , राजीव सिंह , कौशल सोनी , बीरू पासवान , इंदर सिंह , प्रकाश पाल , मनीष केसरी , राहुल सिंह , करण नायक सहित सैकड़ों सदस्य शामिल थे ।

## गृहमंत्री अमित शाह से सुदेश महतो ने मुलाकात की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नई दिल्ली में आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात किया। इस दौरान राज्य के वर्तमान राजनीतिक हालात और आगामी विधानसभा चुनाव से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। मौके पर असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता विश्व सरमा भी उपस्थित रहें।

## झामुमो की प्रमंडल स्तरीय बैठक सोहराय भवन मे सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झामुमो की प्रमंडल स्तरीय बैठक रांची के हरमू स्थित सोहराय भवन मे सम्पन्न हुई। जिसमें दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल से राँची, गुमला, लोहरदगा और उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल से गिरिडीह, हजारीबाग, रामगढ़ जिला से झामुमो के केन्द्रीय समिती के पदाधिकारी एवं सदस्य, जिला समिती के पदाधिकारी, नगर / महानगर समिती के पदाधिकारी, वर्ग संगठनों के जिला समिती के पदाधिकारी और प्रखंड के अध्यक्ष एवं सचिव शामिल हुए। बैठक मे कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के लिए सुझाव लिए गए एवं संगठन की मजबूती के लिए विस्तार



से चर्चा हुई। साथ ही राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने मे कार्यकर्ताओं की भूमिका को लेकर दिशा निर्देश दिया गया। बैठक मे स्व विनोद बिहारी महतो के जयंती के अवसर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। उक्त बैठक में पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य, राज्य सभा सांसद डॉ. महुआ माजी, केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, नन्द किशोर मेहता, केंद्रीय प्रवक्ता प्रो.अशोक कुमार सिंह, मनोज कुमार पांडेय, विधायक भूषण तिर्की, श्री जीग्गा सुशरण होरो, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. कमल नयन सिंह सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

## डांडिया वर्कशॉप सफलतापूर्वक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** श्रीकन डांस स्टूडियो सेल सिटी पुंदाग के द्वारा डांडिया वर्कशॉप कराया गया। जिसमें 30 से भी ज्यादा महिलाएं शामिल हुई। या वर्कशॉप दो शिफ्ट में सिखाया जा रहा है ।

इस वर्कशाप का ऑर्गेनाइजर निकिता सूरज है । जिसमें पाजेब के डांस प्रशिक्षक पिंटू हंटर को डांडिया गरबा प्रशिक्षण देने के लिए बुलाया गया । पिंटू हंटर का कहना है की सेल सिटी की महिलाएं इस वर्कशॉप में काफी ज्यादा उत्साहित थी और यह डांडिया वर्कशॉप सफलतापूर्वक रहा।

## झारखंड राज्य पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का खेल मंत्री ने किया शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के डोरंडा स्थित जैप वन में सोमवार को 16वीं झारखंड राज्य पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। खेल मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सबसे पहले शहीद स्मारक पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर डीजीपी अनुराग गुप्ता, जैप एडीजी प्रिया दुबे, जैप आईजी राजकुमार लकड़ा, जैप डीआईजी मयूर पटेल कन्हैयालाल, जैप कमांडेंट राकेश रंजन समेत कई पुलिस अधिकारी



उपस्थित थे। इस खेलकूद प्रतियोगिता में लगभग 1500 पुलिस खिलाड़ी भाग लेंगे। बेहतर खेलने वाले खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली टीम के लिए किया जायेगा। खेलकूद प्रतियोगिता में फुटबॉल, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, पेंचाक सिलाट, योग, वॉलीबॉल, हॉकी, कुश्ती, कबड्डी, क्रास कंट्री, मैराथन, हैंडबॉल, तीरंदाजी, खो-खो, एथलेटिक्स, जिमनास्टिक, बॉक्सिंग, जूडो, वुशु, ताइक्कांडो, वेटलिफ्टिंग, कराटे, बॉडीबिल्डिंग और पावरलिफ्टिंग शामिल हैं। प्रतियोगिता में कुल आठ टीम भाग ले रही है। इस दौरान सीआईडी, जैप, कोल्हान क्षेत्र चाईबासा, कोयला क्षेत्र बोकारो, पलामू क्षेत्र डाल्टनगंज, संथाल परगना क्षेत्र दुमका, दक्षिणी छोटा नागपुर क्षेत्र रांची सहित अन्य टुकड़ियों ने परेड मार्च किया।

## एनटीपीसी प्रायोजित कौशल विकास प्रशिक्षण का पहला बैच सफल प्लेसमेंट के साथ हुआ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** एनटीपीसी अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहलों के माध्यम से विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों को सक्रिय रूप से क्रियान्वित कर रही है, जिनका उद्देश्य वंचित समुदायों को सशक्त बनाना, स्वरोजगार को बढ़ावा देना और उद्यमशीलता को बढ़ावा देना है। इस संदर्भ में, रांची में एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) ने झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में अपने कोयला खनन परिचालन के आसपास के परियोजना प्रभावित क्षेत्रों से 80 युवाओं, जिनमें 25 लड़कियां भी शामिल हैं, के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण प्रायोजित किया है। यह पहल सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआईपीईटी), रांची के सहयोग से की गई है।सीआईपीईटी ने दो प्रमुख पाठ्यक्रमों में नौकरी-उन्मुख प्रशिक्षण प्रदान किया: मशीन ऑपरेटर - प्लास्टिक प्रसंस्करण और मशीन ऑपरेटर - इंजेक्शन मोल्डिंग। हाल ही में, मशीन ऑपरेटर - प्लास्टिक प्रसंस्करण पाठ्यक्रम का पहला बैच, जिसमें पकरी सहित विभिन्न एनटीपीसी कोयला खनन परियोजनाओं के 40 छात्र शामिल हैं, का आयोजन किया गया। बरवाडीह , चट्टी बरियाटू , केरेन्डारी , बादाम, बनारडीह , दुलंगा और तलाईपल्ली के छात्रों ने सफलतापूर्वक अपना प्रशिक्षण पूरा कर लिया है, जो 20 मार्च, 2024 को शुरू हुआ और 19 सितंबर, 2024 को नौकरी नियुक्ति के साथ समाप्त हुआ। समापन समारोह में एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रजनीश रस्तोगी और सीआईपीईटी, रांची के संयुक्त निदेशक एवं प्रमुख प्रवीण बच्छव ने छात्रों के साथ बातचीत की और एनटीपीसी कोयला खनन परियोजनाओं के ग्रामीण छात्रों और परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) को प्रोत्साहित करने के लिए पाठ्यक्रम पूर्णता प्रमाण पत्र और नौकरी नियुक्ति पत्र वितरित किए । अपने संबोधन के दौरान, रस्तोगी ने छात्रों को पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने पर बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं ।

## राजद ने रिसलदार बाबा दरगाह पर किया चादरपोशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश राजद की ओर से डोरंडा स्थित रिसालदार बाबा दरगाह पर चादरपोशी किया गया । इस अवसर पर मुख्य रूप से राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता गौतम सागर राणा, प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव, महासचिव आबिद अली,शब्बर फातमी,संतोष प्रसाद इम्तियाज हुसैन वारसी,रमजान कुरैशी अरशद अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे और मौके पर दरगाह कमिटी के सदर अयूब गद्दी सचिव जावेद अनवर उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन बेलाल अंसारी अनीस गद्दी नसीम गद्दी मो फारूक पप्पू आलम व अन्य थे।

राजद की ओर से हजरत कुतुबुद्दीन रिसलदार शाह बाबा के मजार पर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के उत्तम स्वास्थ और दीर्घायु होने की दुआ मांगी गई।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने मनाया अपना 90वां स्थापना दिवस

**राँची।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र राँची अंचल कार्यलय में बैंक ऑफ महाराष्ट्र का 90 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस गौरवपूर्ण मौके पर राँची अंचल कार्यालय से शिखा कुमारी चौधरी, अंचल प्रबंधक, रोहित रमण, उप अंचल प्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी एवं मुख्य अतिथि के रूप में सरला बिरला विश्वविद्यालय के डीन, श्री हरि बाबु शुक्ला और बैंक के विभिन्न शाखाओ से जुड़े ग्राहक मुख्यत उपस्थित थे। इस अवसर पर ग्राहकों को सम्मानित किया गया तथा साथ ही साथ व्यापार वृद्धि पर विस्तृत चर्चा की गयी।

## भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा से हेमंत सरकार की होगी विदाई : प्रतुल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि सिर्फ तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पिछले 5 वर्षों में झारखंड का बेड़ा गर्क करके रख दिया।प्रतुल ने कहा कि झारखंड की जनता इस सरकार के भ्रष्टाचार लूट और कुशासन से त्रस्त हो गई है। इसलिए भारतीय जनता पार्टी के परिवर्तन यात्रा को शानदार सफलता मिल रही है। जिससे जेएमएम हकलान हो गया है। प्रतुल ने कहा कि पूरे प्रदेश में जनता को भाजपा की परिवर्तन यात्रा से एक आशा दिख रही है कि आतंक राज का अंत होगा। जेएमएम के नेताओं को भी पता है कि अब उनकी विदाई की बेला आ गई है। प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने ऐसा प्रतीत होता है बांग्लादेशी घुसपैठियों को अपने स्लीपर सेल के रूप में बना कर रखा है। तभी इन घुसपैठियों को बचाने के लिए संथाल परगना के कई जिलों के उपायुक्त उच्च न्यायालय में एफिडेविट करके झूठ बोलते है। केंद्र सरकार के द्वारा वर्ष 2021 में घुसपैठियों की सूची उपलब्ध कराने के बावजूद के बावजूद यह सरकार घुसपैठियों को निकालने हेतु कोई पहल नहीं की। ऐसा प्रतीत होता है कि इस सरकार में आदिवासी हितों पर बड़ा कुठाराघात करने वाले इन घुसपैठियों को राज्य सरकार में जमाई का दर्जा प्राप्त है।इसी सरकार के स्पेशल ब्रांच ने 2 जून, 2023 को पत्र लिखकर स्पष्ट किया था कि संथाल के मदरसों में बड़े पैमाने पर मुस्लिम घुसपैठियों के पहचान पत्र बनाने का कार्य चल रहा है। राज्य सरकार ने उस पत्र को तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण दबा दिया। प्रतुल ने कहा कि आजकल झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार मइयाँ सम्मान की बात कर रही है। जिस प्रदेश में 7000 से ज्यादा बेटियों का बलात्कार हुआ जिसमें एक तिहाई से ज्यादा बेटियां वंचित और शोषित समाज से आती हो ,उस सरकार की रियलिटी चेक हो जाती है। इस सरकार के राजपाट में बहू बेटियां सुरक्षित नहीं है।प्रतुल ने कहा कि सरकार में अगर हिम्मत है तो वह श्वेत पत्र जारी करके यह बताएं कि बलात्कार के कितने मामलों में सरकार ने समय पर चार्जशीट दाखिल किया और कितने बलात्कारियों को स्पीड ट्रेक कोर्ट के जरिए सजा दिलाई। इस मामले में सरकार का रिकॉर्ड फिसड्डी है।

## तीस सितंबर तक पूरा करें कांटा टोली फ्लाईओवर निर्माण कार्य : सुनील

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार कांटा टोली फ्लाईओवर निर्माण कार्य देखने पहुंचे। जुडको और कांटाटोली फ्लाईओवर का काम कर रही एजेंसी को 30 सितंबर तक काम पूरा कर चलायमान बना देने का निर्देश दिया है। उन्होंने कार्यरत एजेंसी डीआरए के प्रतिनिधि से कहा कि 30 सितंबर तक योगदा मठ बहुबाजार से शांतिनगर कोकर तक कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण कार्य पूरा कर दिया जाए। फ्लाईओवर को सभी 486 प्रीकास्ट सेगमेंटल बाक्स चढ चुके हैं। बाक्सों को केबल से बांधते हुये विशेष ग्लू (गोंद) से जोड़ा जा चुका है। सेगमेंटल बाक्स को सड़क का रूप देने के लिए 50 एमएम का बिटुमिन का स्तर पर लगाया जा चुका है। बिटुमिन के उपर 25 एमएम मास्टिक अस्फाल्ट का लेयर चढाने का काम अंतिम चरण में है । बताया गया कि फ्लाईओवर पर प्रकाश व्यवस्था के लिए लगभग 125 बिजली के खंभे लगाने का काम भी चल रहा है। शांतिनगर कोकर के पास



माइनर ब्रिज को चैड़ा करने का काम तेजी से चल रहा है। जुडको द्वारा आश्वस्त किया गया है कि 30 सितंबर तक माइनर ब्रिज का भी काम पूरा हो जायेगा। फ्लाईओवर के नीचे भी एलइडी बल्ब लगाये जा रहे है। मुख्य फ्लाईओवर पर यातायात शुरू कराने के बाद खादगढ़ा बस स्टैंड के प्रवेशद्वार के पास नामकुम एवं बस स्टैंड की ओर जाने के लिए रैंप बनेग। इसी तरह लालपुर की ओर जाने के लिए पेट्रोल पंप के पास एक रैंप बनेगा।

प्रधान सचिव के निरीक्षण के दौरान जुडको के पीडीटी गोपालजी, महाप्रबंधक विनय कुमार, उप परियोजना प्रबंधक प्रत्युष आनंद और सहायक परियोजना प्रबंधक विनय कुमार शील एव एजेंसी के प्रतिनिधि सहित कई लोग उपस्थित थे ।

## विस चुनाव से पूर्व सिल्ली विधानसभा सीट सबसे ज्यादा चर्चित : देवेंद्रनाथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सिल्ली राज्य में विधानसभा चुनाव की दस्तक शुरू होने वाली है। केंद्रिय निर्वाचन आयोग अपने निरीक्षण को लेकर झारखंड पहुंच चुके हैं। सभी राजनीतिक दलों की सर गर्मी तेज होने वाली है। इसके साथ झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने भी अपने जनसंपर्क अभियान को तेज कर दिया है। संगठन केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो द्वारा न्याय एवं नव निर्माण यात्रा जारी है।सोमवार को न्याय यात्रा का 11वीं दिन रहा। सोनाहातू और राहे प्रखंड में आज दौरा किया गया। सोनाहातू प्रखंड के एदेलडीह, इडकू, मगनडीह, हेसाहातु गांवों में एवं राहे प्रखंड के दुलमी गांव में पदयात्रा किया गया। संगठन के कार्यकर्ता में उत्साह देखा गया। लोग एक गांव से दूसरे गांवों तक पदयात्रा में शामिल हो रहे हैं। यात्रा के दौरान देवेंद्रनाथ महतो ने कहा की चुनाव से पूर्व राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में से यह सिल्ली विधानसभा सबसे ज्यादा चर्चित बना हुआ है। आए दिन विभिन्न मीडिया प्रवक्ता एवं पॉलिटिकल पंडित के द्वारा इस सिल्ली विधानसभा सीट को लेकर चर्चा जारी है। इस बार जनता नए बदलाव के दृष्टिकोण से मतदान करेंगी।

# एनआईटी राउरकेला की स्वश्रिता बनी विजेता और एनआईटी जमशेदपुर की मुस्कान उपविजेता

## टाटा स्टील वीमेन ऑफ मेटल स्कॉलरशिप कार्यक्रम के सीज़न 8 के विजेताओं की घोषणा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने 'वीमेन ऑफ मेटल' स्कॉलरशिप कार्यक्रम के सीज़न 8 के विजेताओं की घोषणा की। इस बार के संस्करण में 55 से अधिक प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों से 3,400 से अधिक छात्राओं की भागीदारी दर्ज की गई, इस सीज़न का निर्णय टाटा स्टील के तीन सदस्यीय जूरी ङ्क राजीव मंगल (वाइस प्रेसिडेंट, सेफ्टी, हेल्थ एंड सस्टेनेबिलिटी), संजय राजोरिया (जेनरल मैनेजर, झरिया डिवीजन) और अनुराग सक्सेना (चीफ, इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस) द्वारा किया गया।18 सितंबर को जमशेदपुर में आयोजित सीज़न 8 के भव्य फिनाले में, एनआईटी राउरकेला की स्वश्रिता सेनापति विजेता बनकर उभरीं। एनआईटी जमशेदपुर की मुस्कान कुमारी ने पहला रनर-अप स्थान हासिल किया, जबकि आईएसएम धनबाद की मेघा मित्रा ने दूसरा रनर-अप स्थान प्राप्त किया। राजीव मंगल ने अपने संबोधन में कहा, %मैं वीमेन ऑफ मेटल सीज़न 8 के सभी विजेताओं को बहुत बहुत बधाई देता हूं। यह न केवल टाटा स्टील क इस पहल ने भारत में नारी शक्ति को प्रोत्साहित करने और औद्योगिक विकास को गति देने में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।% इस परीक्षा में मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सीएस एंड आईटी, मेटलर्जी, चयनित टीमों ने टाटा स्टील के अनुभवी मेंटर्स के मार्गदर्शन में डेढ़ महीने तक काम किया। प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद, शीर्ष 10 टीमों ने ग्रैंड फिनाले में जगह बनाई।ग्रैंड फिनाले में पहुंची 10 सर्वश्रेष्ठ टीमों को ?2,00,000 की छात्रवृत्ति और टाटा स्टील में करियर के सुनहरे अवसर मिले। इन टीमों को टेक्निकल इंटर्न के रूप में शामिल होने का अवसर और प्री-प्लेसमेंट ऑफर दिया गया। इसके अलावा, इंजीनियरिंग के तीसरे वर्ष की 11-50 रैंक पर आने वाली टीमों को भी योग्यता के आधार पर समर इंटर्नशिप और प्री-प्लेसमेंट इंटरव्यू का अवसर मिलेगा।

# विधायक ने किया दो पीसीसी पथ का उद्घाटन व 2.14 करोड़ की लागत से सड़क का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विधायक सविता महतो ने दो पीसीसी सड़क का उद्घाटन व एक मुख्यमंत्री सड़क योजना से बनने वाले सड़क का शिलान्यास किया। विधायक ने विधायक मद से बाकलतोड़ीया में 10.20 लाख की लागत से बने पीसीसी सड़क व काठघोड़ा में 7.24 लाख की लागत से बने पीसीसी सड़क का उद्घाटन व शिलापट्ट अनावरण कर किया। वहीं छोटा आमड़ा से जाहिरडीह तक मुख्यमंत्री सड़क योजना से 2.14 करोड़ की लागत से बनने वाले सड़क का शिलापट्ट अनावरण किया। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा आनलाइन शिलान्यास किया गया था। उन्होंने कहा कि एक दो सड़कों को छोड़कर लगभग सभी सड़कों का नव निर्माण कराया जा रहा है। आने वाले समय में ईचागढ़ को एक आदर्श विधानसभा के रूप में जाना जाएगा । मौके पर झामुमो केन्द्रीय सदस्य काबलू महतो, प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, सचिव अभय यादव, मुखिया राखोहरी सिंह मुण्डा,ग्राम प्रधान गोकुल लायेक ,पशुपति बागची , उत्कल ठाकुर,मीशु मोदक सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# अंशु के नाम एक और अवार्ड, कोलकाता में मिला बंगो गौरव-2024



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** वर्ल्ड बुक ऑफ़ स्टार रिकॉर्ड्स एवं वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति विकास संस्था, इंडिया के तत्वावधान में कोलकाता के ताज सिटी सेंटर में 22 सितंबर, 2024 को आयोजित समारोह में शहर की योग संस्था सरकार योग अकादमी के संस्थापक सह वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ योगासना स्पोर्ट्स इंडिया के अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय योगगुरु अंशु सरकार को %बंगो गौरव% अवार्ड देकर सम्मानित किया गया. यह सम्मान उन्हें डॉ स्वरूप प्रसाद घोष (निदेशक, मौलाना अबुल कलाम आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ एशियन स्टडीज, मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर, भारत सरकार) ने उनकी उपलब्धि, कड़ी मेहनत एवं उत्कृष्टता के लिए प्रदान किया. उक्त समारोह में देश के कई प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित थे, जिनमें स्वामी पद्मानंद जी महाराज, डॉ राजीव पॉल, डॉ. स्वरूप प्रसाद घोष, कौशल चौधरी, पी एम प्रसाद, राज्यश्री लहरी, डॉ प्रगति बंदोपाध्याय, विशाल घोष, नाबूरन चटर्जी, संतश्री भट्टाचार्य एवं पद्मश्री काजी मासूम अख्तर आदि के नाम शामिल है. अंशु सरकार ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए आयोजक डॉ. राजीव पॉल एवं वर्ल्ड बुक ऑफ़ स्टार रिकॉर्ड्स और भारत सरकार के उत्कृष्ट पहल वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति विकास संस्था के सभी पदाधिकारी के प्रति आभार प्रकट किया.

# विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल में विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल, मानगो, ने सेंट जोसेफ कम्यूनिटी कॉलेज हॉल में शांति संभव है विषय पर एक रोमांचक इंटर-स्कूल वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में 8वीं और 9वीं कक्षा के छात्रों ने भाग लिया, जिसमें 180 से अधिक छात्र उपस्थित थे।

विजेताः

- 8वीं कक्षाः
- पक्ष मेंः पायल कुम्भकर
- विपक्ष मेंः नाहिद सिद्दीकी
- 9वीं कक्षाः
- पक्ष मेंः अजीजा रहमान
- विपक्ष मेंः आयशा तजल्ली

विशेष अतिथियों में ह्यूमन इकोलॉजी सोसाइटी, जमशेदपुर से फादर जोसेफ, सिस्टर अनंता और सायरिल सैमुअल शामिल थे। मानस मुखर्जी, नाजिया परवीन और फैज खान ने जज के रूप में निष्पक्ष मूल्यांकन सुनिश्चित किया। विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल के द इंग्लिश क्लब/ द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके शिक्षक इनचार्ज शाहनवाज खान और निखिल साहू थे। प्रिंसिपल, डॉ. निधि श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दीं तथा सेंट जोसफ कम्युनिटी कॉलेज के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आनंद, अर्श, साखा, शाहिद, प्रियंका, निक्की कीर्ति की सराहनीय भूमिका रही।

# कल्पना सोरेन का पश्चिम सिंहभूम दौरा 28 को, कई कार्यक्रमों में शामिल होंगी

- झामुमो की पांच सदस्यीय महिला टीम में मंत्री बेबी महतो, सांसद महुआ माझी, सांसद जोबा माझी, विधायक सविता महतो शामिल



**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन पश्चिम सिंहभूम जिले का दौरा करने 28 सितंबर को चाईबासा पहुंचेंगी। इस क्रम में वे विभिन्न जगहों पर आयोजित आमसभा और रात्रि चौपाल में भाग लेंगी।वहीं महिलाओं से कल्पना सोरेन रु-ब-रु होंगी। उनके साथ कैबिनेट मंत्री बेबी महतो, राज्यसभा सांसद महुआ माझी, सिंहभूम सांसद जोबा माझी, ईचागढ़ विधायक सविता महतो रहेंगी। इस बात की जानकारी झामुमो जिलाध्यक्ष सह चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव ने सोमवार को अपने वनमालीपुर स्थित आवास में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि झामुमो पार्टी की पांच सदस्यीय महिला टीम पश्चिम सिंहभूम जिले का दौरा करेगी। विधायक कल्पना सोरेन 28 सितंबर को चाईबासा पहुंचेंगी। चाईबासा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वे खूंटपानी पहुंचेंगी। वहां चौपाल में शामिल होंगी। इसके बाद चक्रधरपुर पहुंचेंगी। भारत भवन स्थित होटल लग्जरी इन में रात्रि विश्राम करेंगी। उससे पहले शाम सात बजे रात्रि चौपाल में महिलाओं से रु-ब-रु होंगी। साथ ही चाईबासा ब्लड बैंक की मांग पर 29 सितंबर को विधायक आवास वनमालीपुर में लट्टू उरांव कल्याण समिति एवं दिशोम गुरु आशीर्वाद योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन करेंगी। साथ ही कल्पना सोरेन चक्रधरपुर प्रखंड के सिलफोड़ी पंचायत स्थित बुढ़ीगोड़ा मैदान में आयोजित आमसभा को संबोधित करेंगी। वहां से सोनुवा जाएंगी. सोनुआ से गोइलकेरा होते हुए मनोहरपुर पहुंचेंगी।वहां से जगन्नाथपुरी, मझगांव पहुंचेंगी। वहां कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जमशेदपुर के लिए रवाना होंगी। प्रेस वार्ता में विधायक प्रतिनिधि पीरु हेम्ब्रम, बंदगांव विधायक प्रतिनिधि मिथुन गागराई, झामुमो प्रखंड सचिव ताराकांत सिजुई मौजूद थे।

# ईचागढ़ : उपायुक्त व विधायक ने विस्थापितों के समस्याओं से हुए रूबरू, राहत कीट का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को आपदा से पीड़ित विस्थापितों के साथ विधायक सविता महतो कि उपस्थित में उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने बैठक कर समस्याओं से अवगत हुए। वहीं उपायुक्त ने कहा कि आपदा पीड़ितों के साथ विधायक के नेतृत्व में बैठक किया गया और लोगों के बीच चावल, ब्लिचिंग, दवा, तीरपाल आदि राहत कीट का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन से क्षति का मुआयना कर मुआवजा का भुगतान किया जाएगा, आबुआ आवास योजना का भी विस्थापितों को लाभ दिया जाएगा। वहीं विधायक सविता महतो ने कहा कि आपदा से लोगों को बहुत क्षति हुई है। उड़ीसा का डैम से भी पानी छोड़ा गया था, उन्होंने कहा कि चांडिल डैम का भी सभी गेटों को खोलवाया गया। उन्होंने कहा कि जल संसाधन मंत्री से भी बात कर विस्थापितों के मुद्दा पर मांग किया जाएगा। मौके पर डीडीसी प्रभात कुमार बारदीयार प्रमुख गुरूपद मार्डी, बीडीओ किकु महतो,सीओ दीपक प्रसाद, मुखिया राखोहरी सिंह मुण्डा, ठाकुर दास मांझी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, सचिव अभय यादव, घासीराम साहू सहित,घनश्याम साहू आदि सैकड़ों विस्थापित उपस्थित थे।

# पोटका में आंधी- तूफान ने उड़ाया भाजपा परिवर्तन रैली का टेंट, दोबारा तैयारी में जुटे कार्यकर्ता



**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पोटका में संध्या समय अचानक मौसम ने करवट ले ली। इधर तेज आंधी- तूफान के साथ बारिश ने पोटका के जुड़ी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम स्थल में लगे भाजपा का टेंट को गिरा गया। इधर कल 24 सितंबर को घाटशिला से परिवर्तन संकल्प यात्रा पोटका के लिए प्रस्थान करेगी। इसके पूर्व ही सभा स्थल का टेंट गिर जाने से तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं को बड़ा झटका लगा है। सुचना मिलने पर भाजपा नेता उपेंद्र सरदार, मनोज सरदार, होपना महाली समेत पार्टी के कई नेता सभा स्थल मे पहुंचे और जायजा लिया। समय से पूर्व पंडाल को तैयार कर लिया जाएगा। कल 24 सितंबर को पोटका के जुडी मैदान परिवर्तन यात्रा सभा का आयोजन होना हैं, जिसमे झारखंड चुनाव प्रभारी शिव राज सिंह चौहान, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, जमशेदपुर के सांसद विधुत वरण महतो, प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी समेत कई वरिष्ठ नेता भाग लेगे।

# जिला शिक्षा अधीक्षक से मोती लाल नेहरू स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध शिकायत व कार्रवाई की मांग



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मोती लाल नेहरू पब्लिक स्कूल, बिष्टुपुर में अध्ययनरत कमजोर वर्ग के क्लास 9 और 10 के बच्चों को फीस नहीं जमा कर पाने के कारण स्कूल प्रबंधन द्वारा उन्हें क्लास से बाहर स्कूल ऑफिस के समीप बैठाकर रखने और उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करने व उन बच्चों को शिक्षा से वंचित करने के खिलाफ आज जमशेदपुर अभिभावक संघ ने जिला शिक्षा अधीक्षक सह नोडल पदाधिकारी, आर टी ई, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर को एक ज्ञापन सौंपकर स्कूल पर उचित कार्रवाई की मांग किया गया। मौके जमशेदपुर अभिभावक संघ के अध्यक्ष डा0 उमेश कुमार ने बताया कि मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल, बिष्टुपुर में पूर्व में आरक्षित सीटों पर नामांकन प्राप्त कमजोर वर्ग के बच्चे जो अब 9 और 10 में आ गए है उनसे स्कूल प्रबंधन द्वारा सामान्य वर्ग के बच्चों की तरह स्कूल फीस की मांग किया जा रहा है। फीस नहीं दे पाने के कारण बच्चों को दंड स्वरूप उन्हें क्लास रूम से बाहर स्कूल आफिस में पांच-पांच पीरियड तक बैठा कर रखा जा रहा है, जबकि इन बच्चों के अभिभावकों ने पिछले दिनों एकमत रूप से एक पत्र सौपा था और मांग कि थी की हमलोगों से कुल मासिक फीस का 25 से 30 फीसदी शुल्क ही लिया जाए। उससे ज्यादा हमलोग फीस नहीं दे पाएगें। उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक से मांग किया है कि स्कूल प्रबंधन इन सभी कमजोर वर्ग के अभिभावकों कि आर्थिक स्थिति को देखते हुए स्कूल फीस का 25 से 30 फीसदी फीस लेने तथा बच्चों को मानसिक रूप से प्रताड़िक न करने की आदेश दे।

# मनरेगा योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रखंड सभागार में सोमवार को मनरेगा की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत हुई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ प्रवीण कुमार ने किया। प्रशिक्षण में प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव और पंचायत स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हुए। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रथम सत्र में मनरेगा की मुख्य बातें, मनरेगा की आवश्यकता के कारण, इस योजना से संभावित लाभ, काम पाने की प्रक्रिया व जॉब कार्ड आदि से संबंधित जानकारी दी गई। इसके अलावा उन्होंने काम एवं बेरोजगारी भत्ता का लाभ लेने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत रूप से बताया। प्रशिक्षण के दूसरे सत्र में पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से मनरेगा पोर्टल व पंजीकरण के संबंध में जानकारी दी गई। वहीं, तीसरे सत्र में पंचायतवार तीन-तीन का समूह बनाते हुए प्रतिभागियों की ओर से पंचायत स्तर लॉगिन पोर्टल के लिए आइडी एव पासवर्ड का उपयोग करते हुए मनरेगा पोर्टल पर लॉगिन कर पोर्टल के बारे में जानकारी दी गई।

# चित्रगुप्त महासमिति की बैठक में 3 नवंबर को चित्रगुप्त पूजनोत्सव मनाने का निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** चित्रगुप्त महासमिति के सदस्यों की एक बैठक बड़ा गम्हरिया स्थित चित्रगुप्त भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के उपाध्यक्ष कृष्ण मोहन श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष समिति द्वारा 53वां वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है। इस दौरान आगामी तीन नवंबर को गम्हरिया में धूमधाम से चित्रगुप्त पूजनोत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर संध्या में भजन व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात अगले दिन सोमवार, चार नवंबर को पूजा अर्चना के बाद भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा विसर्जित की जाएगी। बैठक में छठ पर्व के बाद चित्रांश परिवारों के लिए प्रीतिभोज आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर चित्रगुप्त भवन का जीर्णोद्धार कराने पर भी चर्चा की गई। बैठक में महासचिव संजय कुमार वर्मा, पूर्व अध्यक्ष रत्नेश्वर सहाय, कोषाध्यक्ष अभय लाभ, प्रभाष चंद्र श्रीवास्तव, भूदेव वर्मा, मनोज प्रभाकर, महेश श्रीवास्तव, मुकेश कुमार समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

# खूंटपानी झामुमो की रुईडीह व माटकोबेडा पंचायत समिति का पुर्नगठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खूंटपानी के रुईडीह व माटकोबेडा में झामुमो की पंचयात स्तरीय बैठक आयोजित की गयी. बैठक में दोनों ही पंचायत समितियों का पुर्नगठन किया गया. बैठक में पहुंचे विधायक दशरथ गागराई ने पार्टी कार्यकर्ताओं से विस चुनाव की तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया.इस दौरान झामुमो की माटकोबेडा पंचायत समिति का पुर्नगठन किया गया. इसमें सर्वसम्मति से शशि कुमार पुरती को अध्यक्ष, पासिंग होनहागा, डाडू होनहागा व सिनुराम जारिका को उपाध्यक्ष, प्रधान हेंब्रम को सचिव,डोगोल गोप, सेलाय तियु व विक्रम हेंब्रम को सह सचिव, डिबर जारिका को संगठन सचिव, बबलू जारिका को कोषाध्यक्ष चुनाव गया. 21 लोगों को कार्यसमिति में रखा गया है. बैठक में झामुमो की रुईडीह पंचायत समिति का पुर्नगठन किया गया, जिसमें सामलाल तियु को अध्यक्ष, संदीप बानरा,बलराम बानरा व उदय मुंडरी को उपाध्यक्ष,विजय सिंह लेयांगी को सचिव,मनचुडी हेंब्रम, कांडे बानरा व संतोष बेसरा को सह सचिव,मरकुश लेयांगी को संगठन सचिव,सुमन हेंब्रम को कोषाध्यक्ष चुना गया. बैठक में झामुमो महिला मोर्चा की रुईडीह पंचायत समिति का गठन किया गया,जिसमें सर्वसम्मति से मालती कुई को अध्यक्ष, सोमवारी मछुवा, मानी बानरा व राखी बानरा को उपाध्यक्ष,लक्ष्मी तियु को सचिव, मेरी जामुदा,जोबना गोप व रिंदी दोराय को सह सचिव,जींगी बानरा को संगठन सचिव व नांदी लेयांगी को कोषाध्यक्ष चुना गया. बैठक में मुख्य रुप से जिप सदस्य यमुना तियु,प्रखंड अध्यक्ष डिंबु तियु,बबलू गोडसेरा, रजनी बानरा,दुर्गा चरण पाडेया, ज्योति बोदरा,राहुल गोप समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# स्वच्छता ही सेवा 2024 के तहत चक्रधरपुर के कई इलाकों में विशेष साफ सफाई अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** स्वच्छता ही सेवा-2024 के तहत आज चक्रधरपुर नगर परिषद् अंतर्गत गुदड़ी बाज़ार तथा पवन चौक में नप द्वारा विशेष साफ सफाई आभियान चलाया गया तथा आमजनो को गंदगी ना फैलाने का अपील किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी राहुल यादव ने बताया कि चक्रधरपुर नगर परिषद् साफ सफाई को लेकर सजग है तथा साफ सफाई से संबन्धित शिकायतों के निवारण हेतु निकाय कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। इसके तहत 24 सितंबर को थाना नदी घाट की सफाई सुबह 8 बजे से की जाएगी जिसमें आमजन शामिल होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग कर सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर प्रबंधक, निशांत कुमार, स्वछता ब्रांड एंबेसडर मजहर समशी, प्रशांति शाह ,प्रियदर्शी प्रधान, सभी सफाई सुपरवाइजर, सफाई मित्र तथा समाजसेवी चंद्रशेखर साव मौजूद थे।

# संकुल स्तरीय स्वावलंवी सहयोग समिति के वार्षिक आमसभा में शामिल हुए विधायक मंगल कालिंदी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने सोमवार को पटमदा प्रखंड के बिड़रा स्थित ग्राम संसद भवन में आयोजित संकुल स्तरीय आजीविका महिला स्वावलंबी सहयोग समिति लिमिटेड के वार्षिक आम सभा में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि महिलाएं बैंक से ऋण लेकर उस राशि का सही उपयोग करते हुए स्वावलंबन बने ताकि आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो और आजीविका अनवरत रूप से चलते रहे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने भी महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना का शुभारंभ किया है। इसके पहले समूह के अध्यक्ष ने वार्षिक लेखा जोखा सभी के सामने प्रस्तुत किया। दूसरी ओर विधायक ने जोड़सा टोला बिरखाम सामुदायिक भवन में महिला समूहों की बैठक में शामिल होकर समस्याओं से रूबरू हुए। इस दौरान महिलाओं ने विधायक से भवन निर्माण की मांग रखी। विधायक ने जल्द से जल्द भवन निर्माण करवाने का आश्वासन दिया है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, लक्ष्मी गोराई, जयंती सिंह समेत काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# उम्मीद जगाती कश्मीर में लोकतंत्र की बयार

**जम्मू-कश्मीर** का विशेष राज्य का दर्जा खत्म होने के उपरांत एक दशक बाद हुए विधानसभा चुनावों में मतदाताओं का उत्साह बताता है कि लोगों की लोकतंत्र में गहरी आस्था बरकरार है। पहले चरण में 24 सीटों के लिये हुए शांतिपूर्ण मतदान ने उम्मीद जगायी है कि शेष चरणों में भी यह उत्साह कायम रहेगा। हाल के दिनों में जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी हमलों की श्रृंखला ने शांतिपूर्ण मतदान को लेकर संशय पैदा कर दिया था। लेकिन चुनाव आयोग, राज्य प्रशासन व नेताओं द्वारा जनता को जागरूक करने का सकारात्मक प्रतिसाद मिला है। निष्कर्षतः कहा जा सकता है कुछ शिकवे-शिकायतों के बावजूद कश्मीर का जनमानस शांति व लोकतंत्र में विश्वास रखता है। बहुत सालों बाद कश्मीर में मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें दिखाई दी। ऐसा ही उत्साह हालिया लोकसभा चुनाव में दिखा था जब पिछले साढ़े तीन दशकों के मतदान का रिकॉर्ड टूटा था। इस बार का साठ फीसदी मतदान इसी कड़ी का विस्तार कहा जा सकता है। निश्चित रूप से इन चुनावों को ऐतिहासिक कहा जा सकता है। साथ ही यह उन विदेशी ताकतों को करार जवाब है जो कश्मीर के मुद्दे का अंतर्राष्ट्रीयकरण अपने निहित स्वार्थों के लिये करते रहे हैं। बहरहाल, साबित हुआ कि देश के अन्य भागों की तरह ही कश्मीर के लोग भी शांति व सुशासन चाहते हैं। वे भी महंगाई व बेरोजगारी से निजात चाहते हैं। इस चुनाव में उन्होंने अलगाववादियों को दरकिनार करके मतदान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बावजूद अनुच्छेद 370 हटाने व राज्य का दर्जा खत्म किये जाने के मुद्दे से बहुत लोग सहमत नहीं थे। कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश बनाये जाने को लेकर भी लोगों की राय में विभाजन देखा गया है। कतिपय राजनीतिक दलों के साथ ही कुछ लोगों ने अनुच्छेद 370 की वापसी व राज्यत्व बहाली के मुद्दे को तरजीह दी। बहरहाल, कुछ मुद्दों पर असंतोष के बावजूद लोगों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की है। विचारों में यह असहमति लोकतंत्र की खूबसूरती भी है। बहरहाल, राजनीतिक दल विशेष के एजेंडे के इतर हमें स्वीकार करना चाहिए कि भारत एक ऐसा गुलदस्ता है, जिसमें विभिन्न धर्मों व संस्कृतियों के लोगों की हिस्सेदारी रही है। किसी राज्य का विशेष स्वरूप देश-काल व परिस्थितियों के अनुरूप भी तय किया जाता रहा है। वो समय की जरूरत रही है। शेष देश को किसी भी राज्य के धार्मिक, सांस्कृतिक व विशिष्ट स्वरूप का सम्मान करना चाहिए। बहुत संभव है किसी क्षेत्र विशेष की सोच का साम्य शेष देश के मिजाज व जरूरतों से भिन्न हो। लेकिन यही विविधता किसी लोकतंत्र की खूबसूरती है और उसका सम्मान किया भी जाना चाहिए। हमें नहीं भूलना चाहिए कि घाटी के लोगों की आकांक्षाओं की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद लोकतंत्र में गहरी आस्था मजबूत हुई है। वहीं ध्यान रखना चाहिए कि भविष्य में बहुसंख्यक कश्मीरी समुदायों के हितों के साथ अल्पसंख्यक कश्मीरी ब्राह्मणों के हितों का संरक्षण भी किया जाए। जिन्हें कतिपय राजनीतिक दलों द्वारा प्रमुख मुद्दा बनाये जाने के बाद भी न्याय नहीं मिला। उम्मीद करें कि विधानसभा चुनाव के बाद जब राज्य में चुनी हुई सरकार अस्तित्व में आए तो राज्य का दर्जा वापसी के बाद रोजगार व विकास के मुद्दों को प्राथमिकता मिले। इस संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में शांति देश के हित में है। जिसके लिये केंद्र से पर्याप्त सहयोग अपेक्षित है। निस्संदेह, राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय हितों को दलीय हितों से ऊपर रखना चाहिए। चुनाव के पहले चरण में मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें बताती हैं कि राज्य के लोग शांति व लोकतांत्रिक व्यवस्था के पक्ष में हैं। यह सुखद ही है कि ये चुनाव राज्य में चुनाव बहिष्कार की धमकियों व चेतावनियों से मुक्त शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए हैं। मतदाताओं ने ऐसी किसी भी आवाज को तरजीह नहीं दी है। उम्मीद करें कि ये चुनाव आतंकवाद के खात्मे के लिये निर्णायक जनादेश लेकर आएं। ताकि राज्य कालांतर अलगाववादी सोच का खात्मा करने में सहायक साबित हो सके।

> पहले चरण में 24 सीटों के लिये हुए शांतिपूर्ण मतदान ने उम्मीद जगायी है कि शेष चरणों में भी यह उत्साह कायम रहेगा। हाल के दिनों में जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी हमलों की शृंखला ने शांतिपूर्ण मतदान को लेकर संशय पैदा कर दिया था। लेकिन चुनाव आयोग, राज्य प्रशासन व नेताओं द्वारा जनता को जागरूक करने का सकारात्मक प्रतिसाद मिला है। निष्कर्षत : कहा जा सकता है कुछ शिकवे-शिकायतों के बावजूद कश्मीर का जनमानस शांति व लोकतंत्र में विश्वास रखता है। बहुत सालों बाद कश्मीर में मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें दिखाई दी। ऐसा ही उत्साह हालिया लोकसभा चुनाव में दिखा था जब पिछले साढ़े तीन दशकों के मतदान का रिकॉर्ड टूटा था। इस बार का साठ फीसदी मतदान इसी कड़ी का विस्तार कहा जा सकता है। निश्चित रूप से इन चुनावों को ऐतिहासिक कहा जा सकता है।

### प्रसाद के मिलावटी एवं अपवित्र होने की बात सही है तो इससे अधिक आघातकारी, अनैतिक एवं अधार्मिक और कुछ हो ही नहीं सकता

# तिरुपति में प्रसादम से खिलवाड़ आस्था पर आघात

ललित गर्ग

> आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने पहले यह कहा कि तिरुपति मंदिर में मिलने वाले लड्डुओं को बनाने में ऐसी सामग्री का इस्तेमाल किया जाता था, जिसमें पशुओं की चर्बी मिली रहती थी, फिर उन्होंने गुजरात की एक सरकारी प्रयोगशाला से मिली रपट के आधार यह कहा कि लड्डुओं को बनाने में जिस घी का उपयोग होता था, उसमें सचमुच पशुओं की चर्बी, मछली के तेल आदि का प्रयोग होता था। यह घटना हिन्दू आस्था, पवित्रता एवं मन्दिर संस्कृति को धुंधलाने की कुचेष्ठा एवं एक विडम्बनापूर्ण त्रासदी है।

**लाखों** करोड़ों हिन्दू श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र तिरुमाला भगवान वेंकटेश्वरस्वामी मंदिर में मिलने वाले लड्डू वाले प्रसाद में घी की जगह जानवरों की चर्बी और मछली के तेल का इस्तेमाल की शर्मनाक एवं लज्जाजनक घटना ने न केवल चौंकाया है बल्कि मन्दिर व्यवस्था पर सवाल खड़े किये हैं। यह मामला जितना सनसनीखेज है, उतना ही आस्था पर आघात करने वाला भी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने पहले यह कहा कि तिरुपति मंदिर में मिलने वाले लड्डुओं को बनाने में ऐसी सामग्री का इस्तेमाल किया जाता था, जिसमें पशुओं की चर्बी मिली रहती थी, फिर उन्होंने गुजरात की एक सरकारी प्रयोगशाला से मिली रपट के आधार यह कहा कि लड्डुओं को बनाने में जिस घी का उपयोग होता था, उसमें सचमुच पशुओं की चर्बी, मछली के तेल आदि का प्रयोग होता था। यह घटना हिन्दू आस्था, पवित्रता एवं मन्दिर संस्कृति को धुंधलाने की कुचेष्ठा एवं एक विडम्बनापूर्ण त्रासदी है। अगर प्रसाद के मिलावटी एवं अपवित्र होने की बात सही है तो इससे अधिक आघातकारी, अनैतिक एवं अधार्मिक और कुछ हो ही नहीं सकता। चौंकाने वाली बात यह है कि प्रसाद के तौर इन लड्डुओं का वितरण न केवल श्रद्धालुओं के बीच किया गया, बल्कि भगवान को भी भोग के तौर पर यही लड्डू चढ़ाया जाता था। अब इस मामले में केंद्र सरकार एवं प्रांत सरकार के दखल देने मात्र से संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता क्योंकि हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़ करने वाला यह प्रकरण अक्षम्य अपराध है, जिसकी गहन जांच होनी ही चाहिए, ताकि ऐसे जघन्य कृत्य अन्य मन्दिरों की अस्मिता के धुंधलाने के कारण न बने। प्रथम दृष्टया मंदिर प्रबंधन प्रसादम से खिलवाड़ का दोषी है। जो मंदिर प्रतिदिन तीन लाख लड्डू बेचकर सालाना 500 करोड़ रुपये तक लाभ कमाता है, वह क्या इतना सक्षम नहीं कि गुणवत्ता जांच के लिए एक किफायत्ती प्रयोगशाला ही बना ले? मंदिर प्रबंधन के पास न तो अपनी जांच सुविधाएं हैं और न वह जांच कराने का इच्छुक था? देश के संपन्नतम मंदिरों में शुमार यह तीर्थ अगर गुणवत्ता, आस्था एवं पवित्रता से समझौता कर रहा है, तो देश के बाकी मंदिरों में क्या हो रहा होगा, सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। मन्दिरों एवं आस्थास्थलों पर दिनोंदिन बढ़ रही श्रद्धालुओं की आस्था एवं भीड़ से आर्थिक लाभ कमाने की मानसिकता न केवल घिनौनी है बल्कि शर्मनाक भी है। मंदिर तो भगवान भरोसे चल रहे हैं, पर मन्दिर-प्रबंधन स्वयं को अर्थपति बनाने में जुटा है, यही कारण है कि मन्दिर को धंधा बना दिया गया है, ऐसे मन्दिर प्रबंधकों, पूजारियों एवं पदाधिकारियों की श्रद्धा न तो भगवान के प्रति है और न भक्तों के प्रति। वे तमाम मंदिर, जो अपने यहां से प्रसाद वितरित करते हैं या बेचते हैं, उन सभी को गुणवत्ता, शुद्धता एवं पवित्रता जांच की व्यवस्था जरूर करनी चाहिए। एक बड़ा सवाल यह है कि ये कौन लोग हैं, जिन्हें पवित्रता एवं जन-आस्था की परवाह नहीं है। मंदिर ट्रस्ट ने प्रसादम से खिलवाड़ और मिलावट की पुष्टि की है। देश के एक पवित्रम श्रद्धा केंद्र तिरुपति मंदिर का प्रबंधन करने वाली संस्था तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने कहा है कि घी के आपूर्तिकर्ताओं ने मंदिर में गुणवत्ता जांच की सुविधा न होने का फायदा उठाया है। अब सवाल उठता है कि मंदिर प्रबंधन की सफाई या स्वीकारोक्ति को कितनी गंभीरता से लिया जाए? क्या मंदिर प्रबंधन को अपराध की गंभीरता का अंदाजा है? क्या मंदिर प्रबंधन को मंदिर की पवित्रता का अनुमान है? देश एवं दुनिया के सबसे चर्चित आस्थास्थल से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। यह अफसोस की बात है कि मंदिरों में बाहर से चढ़ने वाला प्रसाद तो पहले से ही संदेह के दायरे में रहता है, पर अगर मंदिर की अपनी रसोई में तैयार होने वाले प्रसाद की भी विश्वसनीयता आहत हुई है, तो यकीन मानिए, इंसान फिर किन पर भरोसा करेगा? क्योंकि व्यापार में मिलावट तो चल ही रही है, अब मन्दिरों में यानी भगवान के दरबार में मिलावट से मनुष्यता गहरे रसातल में चली गयी है। मूल्यहीनता एवं अनैतिकता की यह चरम पराकाष्ठा है। गुणवत्ता एवं पवित्रता सुनिश्चित करने वाले अधिकारियों के लिए यह एक गंभीर चुनौती है और इस चुनौती को स्वीकार करते हुए युद्ध स्तर पर काम करने की आवश्यकता है। इस खुलासे के बाद लोग अपना गुस्सा एवं आक्रोश भी जाहिर कर रहे हैं। कुछ ऐसा ही 1984 में भी हुआ था जब डालडा में चर्बी मिले होने का मामला सामने आया था, लेकिन वह व्यापार का मामला था, लेकिन तिरुपति प्रसादम में मिलावट का मामला आस्था का है। भूल, अपराध एवं लापरवाही की नब्ज को ठीक-ठीक समझना जरूरी है। भूल सही जा सकती है, लेकिन लापरवाही एवं आपराधिक सोच को सहन नहीं किया जा सकता। दरवाजे पर बैठा पहरेदार भीतर-बाहर आने-जाने वाले लोगों को पहचानने में भूल कर सकता है मगर सपने नहीं देख सकता। लापरवाही एवं अपराधिक मानसिकता विश्वसनीयता एवं पवित्रता को तार-तार कर देती है। बुराइयां जब भी मन पर हावी होती हैं, गलत रास्ते खुलते चले जाते हैं। मन्दिरों पर बुराइयां हावी होना चिन्ताजनक ही नहीं, गंभीर खतरों के संकेत हैं। मन्दिर प्रबंधन को अधिक चुस्त-दुरस्त, पारदर्शी एवं नैतिक बनाने की भी जरूरत है। प्रश्न है कि हिन्दू मन्दिरों में ही ऐसे मामले क्यों सामने आते हैं, क्या मन्दिर प्रबंधन अन्य समुदायों के मन्दिरों या धार्मिक-स्थलों की तरह पवित्र, गुणवत्ता पूर्ण, उच्च चारित्रिक एवं नैतिक देखभाल नहीं कर सकते? यह मंदिर भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित है, जिसे तिरुपति बालाजी मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। इन्हें भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। मान्यता है कि भगवान वेंकटेश्वर ने लोगों को कलियुग के कष्टों और परेशानियों से बचाने के लिए अवतार लिया था। यहां बालों का दान किया जाता है। मान्यता है कि जो व्यक्ति अपने मन से सभी पाप और बुराइयों को यहां छोड़ जाता है, उसके सभी दुःख देवी लक्ष्मी खत्म कर देती हैं। लेकिन मन्दिर प्रबंधकों एवं प्रसाद निर्माताओं के पापों का क्या हो? बहरहाल, तिरुपति में लड्डुओं का वितरण तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है। अशुद्ध मिलावटी आपूर्ति के लिए जिम्मेदार ठेकेदार को काली सूची में डालना और उस पर जुर्माना लगाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उसे कठोर दण्ड दिया जाना चाहिए।



दृष्टि कोण

# यौन हिंसा की सोच के खिलाफ चले मुहिम

**एक** महीने से अधिक हो चला जब कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना हुई थी। इस किस्म के जघन्य कांड ने , वह भी एक सरकारी मेडिकल कॉलेज के अंदर, कोलकाता शहर या यूं कहें कि संपूर्ण पश्चिम बंगाल को झकझोर कर रख दिया। कोई हैरानी नहीं कि युवा डॉक्टर, छात्र, आम महिला-पुरुष और सांस्कृतिक अभिजात्य वर्ग, इनके स्वतःस्फूर्त सामाजिक आंदोलन ने काफी 'लोकप्रिय' रहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को हिलाकर रख दिया है। सरकारी मेडिकल कॉलेजों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और आरोपियों की राजनीतिक पहुंच की कहानियां, प्रशिक्षु डॉक्टरों की सुरक्षा और सम्मान को खतरे का मुद्दा उजागर हुआ। बात जब निष्पक्ष जांच की आई तो राज्य सरकार पर भरोसे की कमी देखी गई। मुख्यमंत्री के लिए इस 'वैधता संकट' से उबरना आसान नहीं होगा। हमने इस आंदोलन के सकारात्मक पहलुओं पर भी गौर किया है : प्रशिक्षु डॉक्टरों का अपनी समस्याओं के लिए लड़ने पर दृढ़ निश्चयी होकर डटे रहना और विरोध करने का उत्सव सरीखा स्वरूप, जिसमें आम नागरिक सड़कों पर उतर रहे थे, देर रात तक सार्वजनिक स्थानों पर जमे रहकर 'न्याय' के गीत गा रहे थे। इसके अलावा, इस जनांदोलन को मुख्यधारा के राजनीतिक दलों के सीधे प्रभाव से बचाने का प्रयास संभवतः दर्शाता है कि 'राजनीति' विशेषकर, जिस किस्म की पेशेवर राजनेता कर रहे हैं, इसने हमारे वक्त में अपने लिए एक बुरा अर्थ अर्जित कर लिया है। हालांकि, तथ्य यह भी है कि इस किस्म के आंदोलन ज्यादा लंबा खिंचते नहीं। सीबीआई अपने निष्कर्षों को उजागर करेगी, सुप्रीम कोर्ट अपना फैसला सुनाएगी, राज्य सरकार ने डॉक्टरों से समझौता किया, दोषियों को दंडित किया जाएगा, और कुछ -जिनमें मुख्यमंत्री भी शामिल हैं– अपराधी को मृत्युदंड देने का शोर मचाएंगे। फिर, सब कुछ पहले की भांति 'सामान्य' हो जाएगा! संभवतः, जो युवा डॉक्टर जो आज विरोध कर रहे थे, इनमें कुछ ऐसे होंगे जो 'सांसारिक' चीजों को अधिक प्राथमिकता देना शुरू कर देंगे, और आखिरकार किसी कॉर्पोरेट या निजी अस्पतालों का हिस्सा बनकर अपने अमीर ग्राहकों को एक वस्तु के रूप में 'अच्छा स्वास्थ्य' बेचते नज़र आयेंगे। और कोलकाता की गलियों में मुक्ति के गीत गाने वाला सांस्कृतिक अभिजात्य वर्ग भी अपने अनन्य कार्यक्षेत्रों में वापस रम जाएगा। इस बीच, हम बलात्कार की एक और कहानी के बारे में सुनेंगे... मत भूलें कि हमने अपने समाज में यौन हिंसा को लगभग रोजाना की सामान्य घटना बना डाला है। वार्षिक राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार, 2017 से 2022 के बीच, भारत में कुल 1.89 लाख बलात्कार के मामले दर्ज किए गए। लेकिन वर्गों में बंटे और जाति-केंद्रित समाज से पीड़िता की परवाह की आस कौन करे, विशेष तौर पर यदि वह महिला एक वंचित समाज से, कोई घरेलू सहायिका या फिर किसी गुमनाम गांव की स्कूली छात्रा हो। तब कोई सामाजिक आंदोलन नहीं होगा, न ही कोई कोलकाता या दिल्ली की गलियों में लैंगिक न्याय के गीत गाएगा। वास्तव में यदि हम इस सड़ांध का विरोध और यौन हिंसा के वायरस से यथोचित रूप से मुक्ति हेतु एक समझदार समाज की ओर बढ़ने की कोशिश करना चाहते हैं, तो हमें 'विषाक्त मर्दानगी' नामक विकृति का मुकाबला करने के लिए एक और आंदोलन में हिस्सा लेने की जरूरत होगी- मानसिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक। खैर, हमारे परिवारों में, लड़के इस मान्यता के साथ बड़े होते हैं कि उन्हें दबंग, सख्त और बहादुर होना चाहिए। हालांकि, 'विषाक्त मर्दानगी' का जीवन को पुष्टि देने वाले गुण जैसे कि साहस, आत्मविश्वास और आंतरिक शक्ति से कोई लेना-देना नहीं है।

कुछ अलग

# विस्फोटक पेजर

**लेबनान** व सीरिया में एक साथ हुए पेजर धमाकों ने इन देशों को ही नहीं, पूरी दुनिया को चौंकाया। लोगों को समझने में देर लगी आजकल उन्नत मोबाइल फोनों के दौर में पेजर का इस्तेमाल? दरअसल, तकनीकी तौर पर बेहद उन्नत इस्राइली फौज व दुनिया में तहलका मचाने वाली खुफिया एजेंसी मोसाद मोबाइल के जरिये अपने कट्टर दुश्मनों को निशाना बनाते रहे हैं। इसी वजह से ईरान समर्थित हिजबुल्लाह के लड़ाके अपनी स्थिति गोपनीय रखने के मकसद से पेजरों का इस्तेमाल सूचना संकेतों के लिये करते रहे हैं। बहरहाल पेजर धमाकों की श्रृंखला में लेबनान में नौ लोगों के मरने व पौने तीन हजार लोगों के घायल होने की बात कही जा रही है। लेकिन वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है। वहीं सीरिया में पेजर धमाकों की श्रृंखला देखी गई। बहरहाल, हालिया घटनाक्रम इस्राइल-हिजबुल्लाह संघर्ष के चिंताजनक स्थिति में पहुंचने का संकेत देता है। युद्ध में इस तरह की रणनीति का पहली बार दुनिया के सामने खुलासा हुआ है, जिसमें अपने विरोधी देश के संचार उपकरणों को निशाना बनाकर हमला किया गया हो। जो इस क्षेत्र में लंबे समय से जारी संघर्ष में परिष्कृत नई रणनीति को ही दर्शाता है। वहीं हिजबुल्लाह की सुरक्षा परत की कमजोरियों को भी उजागर करता है। निस्संदेह, हिजबुल्लाह ईरान समर्थित लेबनान की एक प्रमुख ताकत है, जो उन्नत इस्राइली ट्रैकिंग सिस्टम से बचने के लिये अपेक्षाकृत कम उन्नत तकनीक वाले उपकरण पेजर पर निर्भर रहा है। यही वजह है कि हिजबुल्लाह लड़ाकों, चिकित्सकों तथा नागरिकों द्वारा प्रयोग किये जाने वाले पेजर बेरूत के दक्षिणी उपनगरों व बेका घाटी सहित लेबनान के कई गढ़ों में एक साथ फट गए। अस्पताल की तरफ भागती सैकड़ों एंबुलेंसों से पूरे लेबनान में भय व असुरक्षा का माहौल बन गया। यहां तक कि सीरिया के कुछ हिस्सों में भी धमाकों की गूंज सुनायी दी, वहां भी हिजबुल्लाह के लड़ाके इससे प्रभावित हुए। बहरहाल, लेबनान व सीरिया में पेजर धमाकों की श्रृंखला पूरी दुनिया को कई सबक देती है कि संकटकाल में अपने संचार नेटवर्क को बाहरी हस्तक्षेप से बचाने के लिये बहुत कुछ किया जाना जरूरी है। विज्ञान व तकनीकी उन्नति ने युद्धों का पूरा स्वरूप ही बदल दिया है। परंपरागत सेना व सुरक्षा की सारी अभेद्य दीवारें तकनीक के हमलों के आगे बेकार साबित हो रही हैं। बहरहाल, इन हमलों के लिये, इस्राइली खुफिया एजेंसी पर साजिश करने के आरोप लग रहे हैं। हालांकि, इस्राइल ने इन धमाकों को लेकर कोई दावा नहीं किया है, लेकिन रिपोर्टें बता रही हैं कि निर्माण प्रक्रिया के दौरान पेजर से छेड़छाड़ करके उन्हें धमाकों के मकसद से ज्वलनशील बनाया गया है। जो एक बड़े सुनियोजित ऑपरेशन की ओर संकेत करता है। जिसमें दूर से सुनियोजित तरीके से विस्फोटों को अंजाम दिया गया। इस्राइल ने इन धमाकों के जरिये हिजबुल्लाह को यह संदेश देने का प्रयास किया है कि भले ही वह गाजा संघर्ष में उलझा हुआ है, इसके बावजूद वह दूसरे मोर्चे पर हिजबुल्लाह के बुनियादी ढांचे को भी निशाना बनाने की क्षमता रखता है। बहरहाल, यह घटना बताती है कि इस्राइल पर बीते साल हमास द्वारा किए गए हमले व अपहरण की वारदातों के बाद शुरू हुए टकराव का विस्तार होने की आशंका बलवती हुई है। इस्राइल इस समय न केवल हमास बल्कि हिजबुल्लाह व हूती विद्रोहियों के हमलों का एकसाथ जवाब दे रहा है। लेकिन इस्राइल की सीमा से लगते लेबनान में ईरान द्वारा दी गई उन्नत मिसाइलों व राकेटों के लगातार हो रहे हमलों के बीच इस टकराव के विस्तार लेने की आशंका बढ़ गई है।

देश दुनीया से

# टूटता यमुना को स्वच्छ बनाने का सपना

> दिल्ली-हरियाणा की जीवनदायिनी यमुना की स्थिति बेहद चिंताजनक है; वह ज़हरीली हो चुकी है। इसके पानी में लेड, कॉपर, जिंक, निकेल, कैडमियम और क्रोमियम जैसे हानिकारक तत्व मौजूद हैं। रसायनों के कारण बजबजाते झाग को रोकने के लिए प्रभावित सीवेज ट्रीटमेंट की जरूरत है। फिर भी, इस चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल ने यमुना के उद्धार के लिए कोई चिंता नहीं जताई। उनकी प्राथमिकता केवल हरियाणा में सत्ता हासिल करना है। दिल्ली में सत्तासीन आम आदमी पार्टी के संयोजक, पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, विधानसभा चुनावों से पहले यह कहते थे कि यमुना शुद्ध होने पर वह पहले स्नान करेंगे।

**आज** यमुना की स्थिति की किसी को चिंता नहीं है—न आम आदमी पार्टी, न भाजपा, और न ही कांग्रेस को। सभी दल हरियाणा चुनाव में सत्ता हासिल करने की दौड़ में लगे हैं, लेकिन यमुना के प्रदूषण पर कोई चर्चा नहीं कर रहा। दिल्ली-हरियाणा की जीवनदायिनी यमुना की स्थिति बेहद चिंताजनक है; वह ज़हरीली हो चुकी है। इसके पानी में लेड, कॉपर, जिंक, निकेल, कैडमियम और क्रोमियम जैसे हानिकारक तत्व मौजूद हैं। रसायनों के कारण बजबजाते झाग को रोकने के लिए प्रभावित सीवेज ट्रीटमेंट की जरूरत है। फिर भी, इस चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल ने यमुना के उद्धार के लिए कोई चिंता नहीं जताई। उनकी प्राथमिकता केवल हरियाणा में सत्ता हासिल करना है। दिल्ली में सत्तासीन आम आदमी पार्टी के संयोजक, पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, विधानसभा चुनावों से पहले यह कहते थे कि यमुना शुद्ध होने पर वह पहले स्नान करेंगे। लेकिन उनकी यह घोषणा अब तक केवल एक वादा ही साबित हुई है। पांच वर्षों के बाद भी यमुना की स्थिति पहले से अधिक खराब है, और यह अपने उद्धारक की प्रतीक्षा कर रही है। बीते दशकों का इतिहास बताता है कि यमुना हर साल अधिक प्रदूषित होती गई है, और अब इसका जल गंभीर जानलेवा बीमारियों का कारण बन चुका है। बारिश के मौसम को छोड़ दें, तो दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के अनुसार, यमुना के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में जल प्रवाह 23 घन मीटर प्रति सेकंड क्यूमैक्स कम है। यह जल प्रवाह न तो स्नान योग्य है और न ही नदी की पारिस्थितिकी को बनाए रखने के लिए पर्याप्त। दीगर बात है कि जल संसाधन संबंधी एक संसदीय स्थायी समिति ने सिफारिश की थी कि दिल्ली में यमुना के 22 किलोमीटर लंबे हिस्से में 23 घन मीटर प्रति सेकंड का ई-फ्लो रखा जाए। हालांकि, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) का कहना है कि 23 क्यूमैक्स का ई-फ्लो जैविक ऑक्सीजन मांग (बीओडी) को 12 मिलीग्राम प्रति लीटर तक घटा देगा। बीओडी वह ऑक्सीजन है जिसे सूक्ष्मजीव कार्बनिक पदार्थों को विघटित करने के लिए उपयोग करते हैं। यह जानना जरूरी है कि यमुना के दिल्ली में पड़ने वाले हिस्से के लिए लगभग 80 प्रतिशत प्रदूषण जिम्मेदार है। ई-फ्लो जल प्रवाह की वह न्यूनतम मात्रा है, जो नदी या जलाशय की पारिस्थितिकी को बनाए रखने और उसे स्नान योग्य बनाने के लिए आवश्यक है। हकीकत यह है कि आमतौर पर हरियाणा के यमुना नगर स्थित हथिनी कुंड बैराज से मात्र 10 क्यूमैक्स पानी छोड़ा जाता है। जबकि 23 क्यूमैक्स पानी यानी 43.7 करोड़ गैलन रोजाना अक्तूबर से जून के महीने के दौरान नदी में छोड़ा जाना चाहिए। यह सिफारिश राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान रुड़की ने 2019 में ही कर दी थी। लोकसभा की स्थायी समिति द्वारा यमुना पर तैयार रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है कि यमुना के जल में भारी धातु के प्रदूषक तत्वों की भरमार है, जो जानलेवा बीमारियों का कारण बन रहे हैं। समिति ने न केवल यमुना में पाए जाने वाले बीओडी, सीओडी और फीकल कोलीफार्म जैसे प्रदूषक तत्वों की सूची तैयार की है, बल्कि लेड, कॉपर, जिंक, निकेल, कैडमियम और क्रोमियम जैसे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक छह धातुओं से होने वाले नुकसान की जानकारी भी दी है। यह रिपोर्ट यमुना के संकट को उजागर करती है और उसके प्रदूषण की गंभीरता को रेखांकित करती है। समिति ने यमुना में झाग बनने से रोकने के लिए दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से प्रवाहित होने वाले समूचे सीवेज का प्रभावी ट्रीटमेंट करने की आवश्यकता बताई है। इसके अनुसार, झाग का मुख्य कारण बिना ट्रीटमेंट वाले सीवेज में सर्फेक्टेंट्स और फास्फेट की मौजूदगी है, जो त्वचा रोग और संक्रमण का खतरा बढ़ाते हैं। समिति ने सुझाव दिया है कि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों (एसटीपी) की तकनीक को उन्नत किया जाए, उनकी क्षमता बढ़ाई जाए, और सभी उद्योगों को साझा अपशिष्ट उपचार संयंत्रों से जोड़ा जाए। इसके अतिरिक्त, जल संसाधन विभाग से यह भी कहा गया है कि ऐसे नियम और दिशा-निर्देश तैयार किए जाएं, जिसमें यमुना सहित सभी नदियों में अपशिष्ट प्रवाहित करने पर दंडात्मक प्रावधान हों। समिति ने पर्यावरण मंत्रालय की आलोचना की है कि उसने 2018 में की गई सिफारिशों पर कार्रवाई में देरी की। जल संसाधन विभाग को यमुना के लिए स्वच्छ गंगा मिशन की तर्ज पर एक कोष स्थापित करने का सुझाव दिया गया है, ताकि सफाई के लिए फंड की कमी न हो। हालांकि, पिछले दो दशकों में करोड़ों रुपये यमुना की सफाई पर खर्च किए गए हैं, लेकिन इसके अमोनिया और बीओडी स्तर में कमी नहीं आई है। यमुना पहले से 20 गुना अधिक प्रदूषित हो चुकी है। आज यमुना बदहाली में जीने को विवश है। इसका अहम कारण यमुना का वोट बैंक न होना है।

आप का नजरीया

# निशाने पर बच्चे

**हाल** ही के दिनों में बच्चों व महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर देशव्यापी चिंता कई मंचों से उजागर हुई है। इन अपराधों के प्रति पुलिस व एजेंसियों की संवेदनहीनता पर अदालतें गाहे-बगाहे सख्त टिप्पणियां कर चुकी हैं। कुछ समय पहले जिला अदालतों के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने भी महिलाओं व बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर गंभीर चिंता जतायी थी। साथ ही त्वरित न्याय से समाधान की बात कही थी। देश के राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी के वे आंकड़े विचलित करते हैं, जिसमें कहा गया था कि साल 2022 में भारत में हर घंटे में औसतन 18 बच्चे अपराधों के शिकार बने। वहीं पिछले एक दशक में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 75 फीसदी वृद्धि की बात एनसीआरबी ने स्वीकारी है। बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों की गंभीरता को इस बात से समझा जा सकता है कि वर्ष 2023 में बीते वर्ष की तुलना में जहां अपराधों में कमी दर्ज की गई, वहीं दूसरी ओर बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों में नौ फीसदी की वृद्धि एनसीआरबी के आंकड़ों में दर्ज की गई। यह हमारे नीति-नियंताओं के लिये गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए कि देश में बच्चों के खिलाफ अपराधों में क्यों लगातार वृद्धि हो रही है। विडंबना यह है कि एनसीआरबी केवल उन्हीं अपराध के आंकड़ों का उल्लेख करता है, जो थानों में दर्ज होते हैं। दरअसल, बच्चों के खिलाफ बड़ी संख्या में होने वाले अपराध अक्सर दर्ज ही नहीं होते। कानूनी जानकारी न होने और थानों व कचहरियों के चक्कर काटने से बचने के लिये अभिभावक कई मामलों में रिपोर्ट दर्ज ही नहीं करवाते। कुछ मामलों को पुलिस दर्ज करने से बचती है। ऐसे में बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों की वास्तविक स्थिति का आकलन करना सहज नहीं होगा। बहरहाल, ये बढ़ते अपराध हमारे समाज में गहरी होती संवेदनहीनता और समाज में नैतिक मूल्यों के पराभव की ओर भी इशारा करती है। दरअसल, बच्चों के खिलाफ अपराध केवल हमारे सामाजिक व्यवस्था में ही नहीं बढ़े, बल्कि इसका दायरा वर्चुअल दुनिया में भी तेजी से बढ़ा है। बच्चों के खिलाफ साइबर अपराधों में खासी तेजी आई है। चौंकाने वाली बात यह है कि वर्ष 2022 में बच्चों के विरुद्ध पहले साल के मुकाबले बत्तीस फीसदी अधिक साइबर अपराध दर्ज हुए। जो निरंतर गंभीर होती स्थिति को दर्शाते हैं। हाल के दिनों में स्कूल-कालेजों में ऑनलाइन पढ़ाई का दायरा बढ़ने और मोबाइल की सहज उपलब्धता से बच्चों की इस क्षेत्र में सक्रियता बढ़ी है। सस्ते इंटरनेट व मोबाइल फोन ने बच्चों के लिये सोशल मीडिया व गेमिंग की दुनिया में पहुंच आसान बनायी है। लेकिन बच्चे इंटरनेट की आपराधिक दुनिया से अनभिज्ञ हैं। उन्हें इन खतरों से बचाव का प्रशिक्षण न तो स्कूल में दिया जाता है और न ही पुरानी पीढ़ी के अभिभावक दे पाए। जिसके चलते ही वे साइबर अपराधियों का आसान शिकार बनते हैं। दरअसल, कोरोना महामारी तो चली गई, लेकिन इस संकट के चलते उपजी परिस्थितियों ने बच्चों के ऑनलाइन रहने का टाइम बढ़ा दिया है।

**संक्षिप्त खबरें**

### पोस्को एक्ट के आरोपी युवक को भेजा गया न्यायिक अभिरक्षा में

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र से एक अपहरण कर बलात्कार करने का मामला परिजनों द्वारा सिमरिया थाना में दर्ज किया गया था। जिसे लेकर सिमरिया पुलिस ने कारवाई करते हुए फरार युवक को युवती के साथ बरामद कर सिमरिया थाना लाया गया। जहां कांड संख्या 165/24 धारा 137(2)/96 BNS ×8 पोस्को एक्ट के तहत न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पोस्को एक्ट के आरोपी थाना क्षेत्र के इचाक निवासी मो नेशार का पुत्र है। जानकारी के अनुशार उक्त युवक पर युवती के परिजनों ने सिमरिया थाना में आवेदन देकर युवक के विरुद्ध अपने युवती को अपहरण कर बलात्कार का मामला दर्ज कराया था। जिसे लेकर सिमरिया पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए अपहरण कर फरार युवक को युवती समेत बरामद कर लिया गया और युवक को न्यायिक अभिरक्षा में चतरा भेज दिया गया है।

## जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों ने लगाया सांसद, विधायक मुर्दाबाद के नारे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखंड के चोपे पंचायत जाने वाली मुख्य सड़क इन दिनों काफी जर्जर हालात में है।जिसकी निर्माण की मांग ग्रामीणों द्वारा दस वर्षो से की जा रही है।परंतु उक्त सड़क को निर्माण अभी तक नहीं कराया गया है। जिससे आक्रोशित चोपे पंचायत के ग्रामीणों ने सोमवार को रैली के माध्यम से विरोध प्रदर्शन कर बिरहु चौक पहुंचे।जहां ग्रामीणों द्वारा सिमरिया हजारीबाग मुख्य मार्ग से सटे चोपे पंचायत जाने वाले सड़क को बनाने की मांग पुनः कर रहे थे।इस दौरान ग्रामीणों के साथ युवाओं द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव का खुलकर विरोध किया है।इस दौरान ग्रामीण ने रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे लगा रहे थे। ग्रामीणों ने स्पष्ट रूप से कहा कि चतरा जिला के सिमरिया प्रखंड के अतिसुदूरवर्ती पंचायत चोपे जिला के अंतिम छोर पर बसा हुआ है। जिसके कारण यह क्षेत्र विकास के नाम पर आज भी उपेक्षित है। आगे ग्रामीणों ने




कहा कि चुनाव जीतने के बाद आज तक इस सुदूरवर्ती पंचायत क्षेत्र में किसी भी विधायक सांसद या मंत्री का ना आगमन हुआ है और ना ही यहां के ग्रामीण अपने गांवों में विधायक सांसद और मंत्री का सूरत देखा है। केवल वोट देते आ रहे हैं। जिसे लेकर ग्रामीणों के साथ युवाओं ने भी इसबार मतदान बहिष्कार करने तथा चुनाव के दौरान किसी भी पार्टी के उम्मीदवार को गांव में भ्रमन ना करने की अपील की है। ततपश्चात आक्रोशित ग्रामीणों ने भाजपा सांसद कालीचरण सिंह और विधायक किशुन कुमार दास के प्रति विरोध जताया और मुर्दाबाद के नारे बुलंद की है।विरोध प्रदर्शन के दौरान संजय भोगता, गुड्डू साव, मुंशी साव, बासदेव साव, बिनोद राम, झुबर साव, छोटू साव, सुनील यादव, मनोज साव, अर्जुन ठाकुर, राजू राणा, मुख्तार खान, वीरेंद्र यादव शामिल थे।

## अज्ञात वाहन के चपेट में आने से 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत, वाहन फरार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखंड के पीरी पंचायत स्थित तलसा गांव निवासी प्रेम साव 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हो गई। घटना रविवार देर शाम तलसा और पिरि के बीच जंगल की है।ज्ञात हो कि रविवार को सासाहिक हॉट पिरि से प्रेम साव साइकिल पर सवार होकर अपने घर तलसा वापस लौट रहे थे। इस दौरान पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें पीछे से टक्कर मार कर दिया और मौके वारदात से फरार हो गया है।जिससे मृतक प्रेम साव साइकिल समेत सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से प्रेम साव को हजारीबाग सदर अस्पताल पहुँचाया गया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। परिजनों द्वारा रांची ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। जिसे लेकर परिजनों ने घटना को लेकर अज्ञात वाहन के विरुद्ध शिला ओपी को आवेदन देकर कार्रवाई के साथ मुआवजे की मांग की है। जिसके बाद शिला ओपी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। जहां परिजनों ने अंतिम संस्कार स्थानीय नदी घाट पर सोमवार को कर दिया है।

### यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय में आयोजित होनेवाले कार्यक्रम की चल रही है तैयारी



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम चतरा विधानसभा के प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय में 25 सितंबर को होगा। हिंदू हृदय सम्राट उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ महाराज का आगमन होगा। कार्यक्रम परिवर्तन यात्रा के निमित होना तय है। कार्यक्रम का आयोजन हाई स्कूल मैदान में होगा। प्रतापपुर स्थित स्थल का जायजा लिया पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, भाजपा जिला अध्यक्ष राम देव सिंह भोक्ता, युवा नेता चतरा विधानसभा राजेश पासवान, मंडल अध्यक्ष चतरा ग्रामीण सुबोध सिंह गुड्डु, महामंत्री दिनेश गोप, चतरा नगर अध्यक्ष संजय प्रजापति, महामंत्री अमित राम समेत अन्य ने लिया।

### जन शिकायत कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पत्थलगड्डा प्रखंड के अंतर्गत नावाडीह पंचायत भवन में जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में एसडीओ सन्नी राज,एसडीपीओ अजय कुमार केसरी, पत्थलगड़ा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी, अंचलाधिकारी ऊदल राम के साथ साथ गिद्धौर पीएलभी शम्भू कुमार राणा, शारदा भारती, पत्थलगड्डा पीएलभी रविंदर कुमार मुख्य रूप से उपस्थित हुए। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने कई समस्या को रखा। जहां इनकी समस्या का शीघ्र समाधान को लेकर सलाह दी गई। उक्त मौके पर मुन्नीलाल दांगी, मो.नवाजुद्दीन मुखिया प्रतिनिधि मेघन दांगी सहित अन्य कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## आजीविका महिला संकुल स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड ने किया वार्षिक आम सभा का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**प्रतापपुर :** प्रखंड के आजीविका महिला संकुल स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड ने जेएसएल पीएस के प्रावधान में आम सभा का आयोजन किया गया जिसमे सीएलएफ का प्राप्त - भुगतान, आय - व्यय के साथ ऋण विवरण, सीएलएफ के माध्यम से किए जाने वाले कार्य का प्रस्तुतिकरण के साथ ऑडिट रिपोर्ट और वित्तीय वर्ष 2024-2025 में किए जाने कार्य योजना का विस्तार पूर्ण जानकारी साझा किया गया। साथ हीं पोषण माह का भी आयोजन किया गया है । मौके पर मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार दास प्रतापपुर, भावी सांसद उम्मीदवार सत्येंद्र पासवान बीजेपी, बभने पंचायत समिति सदस्या पार्वती देवी उपस्थित हुवे। प्रतापपुर सीएलएफ के पदाधिकारी सहित आई पीआरपी अर्जुन साहू के द्वारा इस कार्यक्रम को संचालित किया गया। जिसमे सभी ग्राम संगठनों के पदाधिकारी, सभी सक्रिय महिला एकेएम, एपीएस , एमबीके, बैंक सखी गुड़िया, सीएलएफ एसीसी पूनम देवी, और समूह के सैकडो दीदी उपस्थित हुई।

## प्रखंड स्तरीय ब्रह्मण समाज की बैठक हुई संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड में कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज की बैठक रविवार को बटेश्वर शिव मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुआ। बैठक ब्राह्मण समाज के प्रखंड अध्यक्ष संजय पांडेय के नेतृत्व में किया गया। संचालन झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य यदुनंदन पांडेय ने किया। बैठक में चर्चा मासिक बैठक पर किया गया। जिसमें सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि महीने के अंतिम रविवार को बैठक निश्चित तौर पर बैठना है। वही शिक्षा से संबंधित चर्चा की गई।जिसमें लोगों ने निर्णय लिया कि अपने से गरीब विप्र बांधुओं के बच्चों को अच्छी ज्ञान और शिक्षा मिले। इसके लिए भी हम सभी को ध्यान देने की जरूरत है। उसके बाद 29 सितंबर दिन रविवार को हजारीबाग में झारखंड प्रदेश कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति की बैठक होनी



सुनिश्चित की गई है। जहां प्रदेश के द्वारा गठित टीम के प्रदेश पदाधिकारीयो एवं कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थित अनिवार्य रूप से बुलाई गई है। जिसमें प्रदेश से जितने भी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी में जुड़े हैं। सभी 29 सितंबर को बैठक में जाने का निर्णय भी लिए हैं।यह बैठक प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक के निर्देश अनुसार बुलाई गई है।बैठक हजारीबाग के बस स्टैंड स्थित मधुबन होटल में होना सुनिश्चित हुआ है।बैठक में मौजूद जिला अध्यक्ष संजय पांडेय जिला संरक्षक कृष्ण देव पांडेय जिला सचिव राजन पांडेय गिद्धौर जिला कार्यकारी सदस्य प्रमोद पांडेय प्रदीप पांडेय शास्त्री भैरव पांडेय प बैजनाथ पांडेय लंबोदर पांडेय कृष्णा पांडेय श्रीकांत पांडेय कामदेव पांडेय मुनि पांडेय पंकज पांडेय बनवारी पांडेय सत्यदेव पांडेय जमुना पांडेय प्रदीप पांडेय लखन पांडेय बारिसाखी लक्ष्मी पांडेय दिनेश्वर पांडेय जगी गौतम पांडेय बसंत पांडेय प्रकाश पांडेय सैकड़ो ब्राह्मण समाज मौजूद थे।

### इलाज के दौरान युवक की मौत, गांव में मातम

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत गांगपुर गांव निवासी बीरेंदर साव के 27 वर्षीय पुत्र यशवंत कुमार की मौत रांची में इलाज के क्रम में हो गया।मौत की घटना की खबर मिलते ही परिजनों का रोकर बुरा हाल है। वही गांव में मातम छा गया।बीते 3 सितंबर को जशवंत का अचानक ब्रेन हेम्ब्रेज हो गया था। परिजनों ने उसे रांची में भर्ती कराया गया था। इलाज के क्रम में सोमवार को उसकी मौत हो गई।

### पत्थलगड़ा ब्लॉक परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड ब्लॉक परिसर में 17 सितंबर दिन मंगलवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता अभियान को पूरे झारखंड के सभी जिलों के प्रखंडों में चलाया जा रहा है जो 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलाया जाएगा।17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाला स्वच्छता अभियान, जो गांधी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाता है, भारत में स्वच्छता और साफ-सफाई के प्रति जागरूकता लाने के लिए इस अभियान को चलाया जाता रहा है। इस कार्यक्रम में साफ-सफाई अभियान स्थानीय क्षेत्रों व स्कूल कॉलेज में भी चलाए जाएंगे। ब्लॉक परिसर में चलाए गए सफाई अभियान में जलसहिया, सेविका समेत सिंघानी पंचायत सचिव राकेश प्रसाद, नावाडीह पंचायत सचिव राजू सिंह, बरवाडी पंचायत सचिव मोहम्मद असलम, नोन गांव पंचायत सचिव सुरेश साव, सामिल थे।

## केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का मनिका में किया गया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** मनिका प्रखंड स्थित बबन पासवान के आवास पर पासवान समाज एवं कई राजनीतिक दल के लोगों ने लोक जनशक्ति पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह भारत सरकार के मंत्री चिराग पासवान का गर्म जोशी से स्वागत किया गया। मौके पर लोगों ने चिराग पासवान जिंदाबाद रामविलास पासवान अमर रहे का नारा लगाया। मौके पर श्री पासवान को पासवान समाज के संरक्षक सुरेंद्र पासवान, बबन पासवान, मिथिलेश पासवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंदीप कुमार, बजरंगी कुमार समेत कई लोगों ने अंग वस्त्र एवं फूल माला देकर स्वागत किया। मौके पर कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## शाम ढलते ही सड़कों पर छा जाता है अंधेरा, एलईडी लाइट दुरुस्त कराने की उठी मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** प्रखण्ड मुख्यालय के मुख्य बाजार और बस स्टेंड तक विभिन्न विद्युत पोल पर लाखों की लागत से वर्षो पूर्व लगाई लाइटें दर्जनों जगहों पर खराब पड़ी हुई है। इसके अलावा प्रखंड के सभी पंचायतों में 14 वें वित्त मद से लगाए गए एलईडी लाइट खराब हो गये हैं जिसे लेकर व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने बताया कि एलईडी लाइट के खराब रहने पर पूरे प्रखंड क्षेत्र के साथ बाजार क्षेत्र और चौक चौराहों पर अंधेरा छाया रहता है। बरसात के मौसम में दुकानदारों के साथ- साथ राहगीरों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आखिर सरकार ने इसकी देखरेख के लिए किस विभाग को जिम्मेदारी दी है, इसकी कोई जानकारी लोगों को नहीं है। लेकिन इन सभी खराब पड़ी एलईडी लाइट को दुरुस्त करने या बदलने की ज़रूरत है। प्रखण्ड मुख्यालय के विभिन्न बिजली के खंभों पर स्ट्रीट लाइटें खराब होने से



शो पीस बनकर रह गए हैं। दीपक राज ने दुर्गापूजा, दीपावली और छठ महापर्व आदि त्यौहारों में श्रद्धालुओं, दुकानदारों और राहगीरों के समक्ष उत्पन्न होने वाली परेशानी को देखते हुए बरवाडीह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज और जिले की उपायुक्त गरिमा सिंह से सभी खराब पड़ी एलईडी लाइट को दुरुस्त करवाने या बदलवाने की मांग की है। वहीं बीडीओ ने आश्वस्त किया है कि वह इसके लिए संबंधित विभाग से वार्ता कर खराब पड़ी लाइटों को दुरुस्त करवाने का काम करेंगी।

## लातेहार विस सीट के लिए श्रावण पासवान का बड़ा कदम, आजसू सुप्रीमों से मिलने रांची रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** आजसू पार्टी के प्रमुख नेता श्रावण पासवान ने लातेहार विधानसभा सीट से टिकट के दावेदारी के लिए सोमवार को एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। पासवान ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पैदल यात्रा करते हुए रांची स्थित आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के आवास की ओर रवाना हो गए हैं। श्रावण पासवान ने इस अवसर पर अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा, कि मैं लातेहार विधानसभा के विकास और क्षेत्र की जनता की सेवा के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूँ। हमारी यह यात्रा हमारी एकजुटता और लातेहार की जनता की इच्छाओं का प्रतीक है। मैं आजसू पार्टी के नेतृत्व से अपील करता हूँ कि वे मुझे इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए मौका दें।लातेहार से रवाना होते समय उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थकों की उपस्थिति ने यह संकेत दिया कि क्षेत्र में श्रावण पासवान की लोकप्रियता और समर्थन तेजी से बढ़ रहा है। पैदल यात्रा के दौरान पूरे रास्ते में उनके समर्थन में नारेबाजी और उत्साह देखा गया।श्रावण पासवान की इस यात्रा को लातेहार विधानसभा क्षेत्र के चुनावी परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### बालुमाथ हेरहंज पांकी पथ की मरम्मत जल्द हो : अनीता देवी



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने बालुमाथ हेरहंज पांकी पथ को दुरुस्त कराने हेतु कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण प्रमंडल, लातेहार को पत्र लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने लिखा कि बालुमाथ हेरहंज पांकी पथ स्टेट हाइवे 10 अत्यंत जर्जर हो चुकी है। आये दिन उक्त पथ पर दुर्घटनाऐं हो रही है। जगह जगह पर बड़े बड़े गड्ढे बने हुए है। रात्रि के समय में कई दोपहिया चालक दुर्घटना के शिकार भी हो चुके है। परन्तु पथ निर्माण विभाग का इस पर कोई ध्यान नही है। जबकि बालुमाथ से पांकी तक 50 किमी लंबी इस सड़क से प्रतिदिन 200 से अधिक वाहनों का परिचालन होता है। यह पथ पलामू और लातेहार जिले के राष्ट्रीय राजमार्गो को जोड़ती है। अंत में उन्होंने आग्रह किया है कि उक्त जर्जर सड़क को जल्द से जल्द दुरुस्त कराने की जाए ताकि लोग दुर्घटना के शिकार होने से बचें।

## लातेहार जिला खेल स्टेडियम में आयोजित हुंकार रैली में शामिल हुए लोजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष

**भ्रष्टाचार में संलिप्त हेमंत सरकार ने झारखंड को शर्मसार किया: चिराग पासवान**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान सोमवार को लातेहार जिला खेल स्टेडियम में हुंकार रैली में शामिल हुए। इस रैली के माध्यम से चिराग पासवान ने जनता को संबोधित किया और पार्टी के एजेंडे, राजनीतिक मुद्दों और स्थानीय समस्याओं पर चर्चा की। रैली का उद्देश्य क्षेत्र में पार्टी के प्रभाव को मजबूत करना और जनता से सीधा संवाद स्थापित करना था। इस दौरान चिराग ने अपने भाषण में राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना की। कहा कि पिछले पांच वर्षो में देखा की झारखंड में विकास तीव्र गति से आगे बढ़ सकता था।लेकिन यहां विकास तो दूर बल्कि झारखंड की घटना क्रम में शर्मींदा होना पड़ा।झारखंड के मुख्यमंत्री को भ्रष्टाचार में संलिप्त के कारण जेल जाना पड़ा।उन्होंने कहा कि हमलोगों



को ऐसे जनप्रतिनिधि चुनने की जरूरत है।जो शर्मींदा न करें और जाति धर्म से ऊपर उठकर विकास करें। आगे उन्होंने कहा कि एक ओर जहां यूपी विकास के मापदंड पर आगे बढ़ा तो वहीं झारखंड में बुनियादी सुविधा और समस्या की स्थिति आज भी बनी हुई है। यहां महिलाओं का सम्मान नहीं, युवाओं को शिक्षा रोजगार के लिए पलायन करना पड़ रहा है।उन्होंने यहां के युवाओं और लोगों से वादा किया है,कि आप हमारा साथ दें हम आपको झारखंड का विकसित राज्य देंगे।युवाओं को रोजगार शिक्षा के लिए अन्य राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा। जात पात से ऊपर उठकर हम आपलोगों की सुख सुविधा की बात करेंगे।उन्होंने कहा कि उनके पिता, स्वर्गीय रामविलास पासवान, का झारखंड राज्य जन्म भूमि रही है।विकास के प्रति एक सपना था,कि झारखंड में भी विकास और समानता की एक नई राह खुले।चिराग ने वादा किया कि वे अपने पिता की उस अधूरी विरासत को पूरा करेंगे और झारखंड की जनता के अधिकारों और विकास के लिए संघर्ष करते रहेंगे।उन्होंने कहा कि आज भी पीएम मोदी के नेतृत्व में पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत देश में 80 करोड़ लोगों को लाभ दिया जा रहा है।

## लॉरेंस बिश्नोई गैंग के चार गुर्गे गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** लॉरेंस बिश्नोई गैंग के खिलाफ लातेहार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने लेवी वसूलने आए चार शुटरों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में सोमवार को प्रेस वार्ता कर एसडीपीओ अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस कप्तान कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि चंदवा थाना क्षेत्र में लॉरेंस बिश्नोई के गैंग के द्वारा किसी प्रतिष्ठित व्यवसाई से लेवी वसूलने और जान से मारने की उद्देश्य से कुल अपराधी जमा हुए हैं। जिसके बाद मेरे नेतृत्व में एक का गठन कर छापामारी किया गया इस दौरान रामपूर बारी जाने वाली मोड़ पर स्थित यात्री सेड के पास सात से आठ की संख्या में युवक नजर आए। जब उन्होंने छापेमारी टीम को देखा तो कुछ इधर उधर भागने लगे और कुछ बाइक में सवार होकर भागने के क्रम में पकड़ा गया। जबकि कुछ अपराधी भागने में सफल रहे। पकड़ाए अपराधियों के पास से पुलिस 25 ग्राम अफीम जैसा पदार्थ और दो किलो गांजा बरामद किया है। साथ ही एसडीपीओ ने आगे बताया की गिरफ्तार चार लोगों में दो लोग हरियाणा के रहने वाले हैं।दो चंदवा थाना क्षेत्र के हैं। इनमें कुछ अपराधी हरियाणा और दिल्ली में संगीन आरोप में जेल भी जा चुके हैं। इन अपराधियों की हुई गिरसारी अश्विनी कुमार उम्र 29 वर्ष, हरियाणा, प्रिंस कुमार उम्र 25 वर्ष पिता हरियाणा, उमेश कुमार सिंह, उम्र 26 वर्ष, सर्विस कुमार यादव, 18 वर्ष, दोनों ग्राम आन थाना चंदवा जिला लातेहार सामिल है छापेमारी टीम में मुख्य रूप से एसडीपीओ अरविन्द कुमार लातेहार, चंदवा थाना प्रभारी रंधीर कुमार, आनंद कु0 रवि अशोक कुमार, रामरेखा सिंह सरोज कुमार सिंह और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### आंगनबाड़ी सेविका संघ के संरक्षक बनाए गए प्रेम सिंह



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को बरवाडीह पुराना ब्लॉक परिसर में आंगनवाडी सेविका संघ का प्रखंड स्तरीय बैठक की गई जिसकी अध्यक्षा सीता मिश्रा ने की। बैठक का मुख्य उदेश्य आंगनवाड़ी सेविकाओं को हर परिस्थिति में सहयोग करने और आंगनवाड़ी सेविका को संबंधित पदाधिकारी के द्वारा हो रहे शोषण को बंद करने लिए यह बैठक रखी गई। बैठक में प्रखंड कमेटी का गठन किया गया जिसमें लीलावती देवी को अध्यक्ष, चम्पा कुमारी को सचिव, सांगिता को कोषाध्यक्ष और सर्वसम्मति से विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह को प्रखंड संरक्षक बनाया गया। मौके पर प्रखंड संरक्षक प्रेम कुमार ने कहा कि हमारी कोशिश होगी कि हम हर परिस्थिति में सुख दुख मे आंगनवाड़ी सेविका के साथ रहेंगे।बैठक में कई आंगनवाड़ी सेविका मौजूद रही।

# नगर निगम द्वारा नियुक्त एजेंसी के मालिक मनोज कुमार सिन्हा के द्वारा उचित वेतन नहीं दिया जा रहा है : कर्मी

▶ शहीद निर्मल महतो पार्क के कर्मियों को वेतन नहीं मिलने पर पहुंचे नगर आयुक्त के पास, पार्क बंद करने की दी चेतावनी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश सचिव धीरज कुमार सिंह ने शहीद निर्मल महतो पार्क में कार्यरत कर्मियों का उचित वेतन भुगतान ससमय वेतन भुगतान और भविष्य निधि की राशि नहीं जमा करने के संबंध में नगर आयुक्त नगर निगम हजारीबाग के साथ वार्ता की। उनके साथ राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला, हजारीबाग जिला महासचिव कजरू साव, जिला उपाध्यक्ष संतोष गुप्ता एवं शहीद निर्मल महतो पार्क के कार्यरत कई कर्मी मौजूद थे। जिसमें मुख्य रूप से भविष्य निधि का बकाया राशि, समय से वेतन न मिलाना, उचित वेतन वेतन भुगतान में कटौती करना शामिल था। शहीद निर्मल महतो पार्क के कर्मियों को निगम द्वारा नियुक्त एजेंसी के मालिक मनोज कुमार सिन्हा के द्वारा उचित वेतन नहीं दिया जा रहा है जिसके संदर्भ में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के मध्यस्थता में जुलाई 2024 को पार्क कर्मियों और मनोज सिन्हा के बीच में वार्ता हुई थी, जिसमें दोनों पक्ष वार्ता के बाद सहमति बनी कि अगस्त माह से बढ़ा हुआ वेतन दिया जाएगा, भविष्य निधि का बकाया राशि वर्तमान एवं पूर्व मिलकर दिया जाएगा। महीने की 10 तारीख तक वेतन दे दिया जाएगा, जिसके फल स्वरुप उग्र होकर मजदूर राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रतिनिधि के साथ नगर निगम आयुक्त के कार्यालय पहुंचे थे।जिसकी कॉपी पुलिस अधीक्षक हजारीबाग, एसडीओ हजारीबाग, डीसी हजारीबाग को भी दी गई है और बताया गया है कि अगर इस पर सम्मानजनक समझौता नहीं होता है तो बाध्य होकर निर्मल महतो पार्क को बंद करेंगे। नगर निगम के कमिश्नर योगेंद्र प्रसाद ने सभी बातों को सहानुभूति पूर्वक समझा है और उन्होंने अपने पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि मध्यस्थता करा कर पूरे मामले को अपने संज्ञान में लेते हुए मजदूरों की जो समस्या है उसको दूर करेंगे।



# भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने दारू प्रखण्ड मे किया सघन जनसंपर्क

▶ जनता इस बार राज्य में भाजपा की सरकार बनाने का मन बना ली है : शेफाली गुप्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के दारू प्रखण्ड में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने सघन जनसंपर्क किया। इस जनसंपर्क की शुरुआत दारू पंचायत के बसोबार ग्राम से हुई जहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका फुलमाला से स्वागत व अभिनंदन किया। यहां शेफाली गुप्ता ने मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगो को दी साथ ही राज्य में पिछले भाजपा सरकार में हुई विकास योजनाएं एवं विकास की कार्यो को सबो के बीच रखी। उन्होंने झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने एवं हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना की अपील की। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला, पूर्व मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश कुमार, रानी शुक्ला, प्रकाश कुमार, किशोरी मोहन प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, तुलसी राणा, जगदीश प्रसाद कुशवाहा, जानकी प्रसाद, मुनिया देवी, सरस्वती देवी, सरिता देवी, सुरेंद्र शंकर कुमार, वासुदेव प्रसाद, निरंजन कुमार, त्रिलोकी प्रसाद, काली प्रसाद, राजेश प्रसाद, अजय कुमार, पन्ना प्रमुख कुलदीप कुमार, रामचंद्र यादव, राजकमल प्रसाद, रूपा देवी, भारती कुमारी, सरिता देवी, चमेली देवी, सोनी कुमारी, संजू देवी, शिवानी देवी, अरविंद कुमार यादव, सोनू यादव, पवन कुमार, मोनू कुमार, रोहित पाण्डेय, मनोज पांडे एवं राहुल पांडेय सहित कई लोग उपस्थित थे।



# बरही ब्लॉक मैदान में आज भाजपा का प्रस्तावित परिवर्तन यात्रा, तैयारी पूरी

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान व राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश सभा को करेंगे संबोधित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग) :** बरही ब्लॉक मैदान में आज यानी मंगलवार को भाजपा का प्रस्तावित परिवर्तन यात्रा को लेकर जनसभा का आयोजन किया गया है। जिसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है, सोमवार को तैयारीयो का जायजा लेने पूर्व विधायक सह भाजपा नेता मनोज कुमार यादव ब्लॉक मैदान पहुंचे और सभी पहलुओं पर चर्चा किया। मौके पर उन्होंने बताया कि आज ब्लॉक मैदान में होने वाले प्रस्तावित परिवर्तन यात्रा में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश व हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल मौजूद होंगे। वहीं उन्होंने बताया कि बरही के चकुरातांड में बने हेलीपैड पर 11 बजे केंद्रीय मंत्री का आगमन होगा, जिसके बाद वे सभा स्थल पर 11=30 बजे पहुंच जाएंगे। सोमवार को जनसभा की तैयारियों का जायजा लेने के दौरान पूर्व विधायक के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा नेता अर्जुन साहू, मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी, मुखिया शमशेर आलम, राजदेव यादव, समाजसेवी मुन्ना यादव, संतोष निषाद, नागेश्वर रजक समेत कई लोग मौजूद थे।



# चार श्रम संहिता अंग्रेजों के ट्रेड डिस्प्यूट बिल से भी खतरनाक है : सीटू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** मोदी सरकार के द्वारा कोविड काल में लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष की अनुपस्थिति में 22 सितंबर 2020 को मजदूर चार श्रम संहिता को पास किया था. उसी के विरोध में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र फेडरेशनों के द्वारा 23 सितंबर 24 को अखिल भारतीय काला दिवस मना कर प्रधानमंत्री और श्रम मंत्री, भारत सरकार को मांग पत्र सौंपने का आह्वान किया था. इसी आह्वान के आलोक में सीआईटीयू से संबंधित यूनियनों ने काला पट्टी लगाकर विरोध किया और चार श्रम संहिता को रद्द करने ,न्यूनतम मजदूरी 26000 महीना करने, सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार समान काम के लिए समान वेतन देने, आंगनबाड़ी कर्मी, सहिया, रसोईया, संविदा पर रखें समस्त कर्मचारियों - अधिकारियों को नियमित करने, निर्माण मजदूरों के कल्याण कोष में जमा राशि को मजदूरों पर खर्च करने, नई पेंशन स्कीम को समाप्त कर ओ पी एस को लागू करने, बेरोजगारी और मूल्य वृद्धि को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने सहित 10 सूत्री मांग पत्र प्रधानमंत्री और श्रम मंत्री, भारत सरकार को श्रम अधीक्षक, हजारीबाग के माध्यम से सौपा गया. इस संबंध मे गणेश कुमार सीटू ने कहा की ये जो चार श्रम संहिता है ये अंग्रेजों के ट्रेड डिस्प्यूट बिल से भी खतरनाक है। मांग पत्र देने वालों में सी आई टी यू के जिला उपाध्यक्ष गणेश कुमार सीटू, जिला कमेटी सदस्य ईश्वर महतो, तपेश्वर राम, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन के विजय कुमार, सुमन शेखर, सुदीप्तो चटर्जी, साकेत कुमार, अभिषेक मिश्रा, अशोक कुमार, ज्ञानेंद्र कुमार, डीवीसी श्रमिक यूनियन के विजय चौधरी, लाल बहादुर शास्त्री सहित यूनियन के कई साथियों ने भाग लिया.



# सदर अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग के रूप में अशोक कुमार ने लिया प्रभार

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग के रूप में सोमवार को अशोक कुमार ने प्रभार ग्रहण किया। निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार ने आज नए अनुमंडल पदाधिकारी सदर को अपना प्रभार सौंपा।इस दौरान एसडीओ कार्यालय के गोपाल कुमार पासवान, मयंक कुमार, निशिकांत उपाध्याय एवं अशोक दास व अन्य मौजूद रहे।



# भाजपा पूर्वी मंडल की बैठक में विस्तारक ने मंडल कमिटि व बूथ कमिटि के विस्तार पर की चर्चा

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाजपा विष्णुगढ़ पूर्वी मंडल की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता विष्णुगढ़ पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुखदेव रजवार ने किया तथा संचालन महामंत्री प्रकाश साव ने किया। बैठक में माण्डू विधानसभा सभा विस्तारक ऋषिकेश पाण्डेय की उपस्थिति में की गई। साथ ही नए सदस्यो को जोड़ भाजपा को और मजबूती प्रदान करने की बात कही। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष नारायण महतो,भाजयुमों अध्यक्ष गोविंद कुमार महतो,भाजयुमों महामंत्री तुसली सिंह रजनी,बिनोद साव,रेवत लाल शर्मा,हीरालाल प्रसाद,सखी मिस्त्री,लखन साव,सूरज पाठक,निरंजन मिस्त्री,हुलाश महतो,दिनेश्वर यादव,जगदीश महतो,श्यामसुंदर विश्वकर्मा, भोला कुमार महतो समेत दर्जनों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।



# बरही प्रशासन ने सनराइज एकैडमी के प्रबंधन समिति को सौपा चाभी

▶ अभिभावक गोष्ठी के बाद आज से, स्कूल पुनः चालू करने का लिया गया निर्णय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग) :** प्रखंड के करियातपुर जीटी स्थित संचालित सनराइज एकेडमी में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका संचालन समाजसेवी जितेंद्र गिरी ने किया। गोष्ठी का आयोजन बरही प्रशासन के द्वारा स्कूल प्रबंधन समिति को चाभी सौंपने के बाद स्कूल चालू करने के निर्णय को लेकर की गई थी। अभिभावक गोष्ठी का शुरुआत सनराइज अकादमी के छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की वंदना गीत से शुरूआत कर किया गया। मौके पर उक्त गोष्ठी में अभिभावकों ने स्कूल पुनः खोलने पर अपनी सहमति दी, वहीं स्कूल प्रबंधन से सीसीटीवी कैमरे में बढ़ोतरी, एक गार्ड की व्यवस्था करने व पुराने शिक्षकों को फिर से बुलाने आदि की बात रखी।विदित हो कि पिछले 2 सितंबर को सनराइज एकेडमी स्कूल के संचालक पर छेड़खानी का आरोप लगा था, वही संचालक के साथ मारपीट की भी घटना घटी थी, संचालक अभी जेल में है। सोमवार को अविभक गोष्ठी का आयोजन कर स्कूल पुनः मंगलवार यानी आज से संचालित करने का निर्णय लिया गया। मौके पर धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद, दुलमाहा मुखिया नारायण यादव, युवा समाजसेवी बीरबल साहू, अनुज साहू, सागर कुमार, प्रकाश साहू आदि ने भी सुझाव दिया। उक्त बैठक में अभिभावकों में प्रभु यादव, दिनेश राणा, रणजीत पांडे, सागर चंद्रवंशी, मनोज यादव, प्रकाश साव, निर्मल साव, विकास कुशवाहा, अशोक यादव, गणेश शर्मा, प्रभु राम, सरजू साव, शंकर प्रसाद, राजू प्रसाद, सुनील प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, रूपलाल यादव, रविशंकर प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।



# स्वच्छता ही सेवा 2024 का हुआ शुभारंभ

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के नया बस स्टैंड परिसर में स्थित सुलभ शौचालय में स्वच्छता ही सेवा 2024 का शुभारंभ हुआ जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सहायक नगर आयुक्त अनिल कुमार पांडेय शामिल हुए कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री पांडेय ने को वर्ष 2014 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत हुई जिसके बाद साल दर साल स्वच्छता जागरूकता में गुणात्मक सुधार हुआ जिसके फलस्वरूप आज पूरे देश के स्वच्छता को लेकर लोग जागरूक हुए मौके पर उपस्थित नगर प्रबंधक राजीव रंजन ने कहा की स्वच्छता ही सेवा 2024 के तहत स्वच्छता को लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक इस संदेश को पहुंचाया जा रहा है मौके पर हजारीबाग नगर निगम के नगर प्रबंधक लेमांसु, फरहत अनीसी, महफूज आलम,अर्पण इंदवार, लेखा पदाधिकारी प्रशांत कुमार के साथ साथ सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस आर्गेनाइजेशन के मानद उपनियंत्रक शेषनारायण झा, रामानंद राय, सहायक नियंत्रक शैलेंद्र कुमार सिंह, प्रभारी पांडव कुमार झा एवं कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# महेशरा +2 उच्च विद्यालय में हुई चोरी, थाना में दिया आवेदन

**दारू(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** थाना क्षेत्र अंतर्गत महेशरा +2 उच्च विद्यालय महेशरा में चोरी की घटना सोमवार को सामने आया । इस संदर्भ में विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेम प्रकाश ने दारू थाना में लिखित आवेदन दिया है।उन्होंने अपने आवेदन में कहा है कि मैं दिनांक 20 सितम्बर को छुट्टी के बाद विद्यालय को अच्छी तरह से बंद किया था। दो दिन छुट्टी के बाद मैं 23 सितम्बर को जब विद्यालय पहुंचा तो देखा कि प्राचार्य कक्ष के साथ साथ बरामदा का ताला टूटा पाया।थाना प्रभारी की समक्ष विद्यालय के प्राचार्य कक्ष में प्रवेश किया गया तो पाया गया कि विद्यालय का बैटरी गायब था।उचित कार्रवाई हेतु आवेदन समर्पित किया गया।



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. -1. RANCHI**

**VERY SHORT NOTICE INVITING QUOTATION**

In Sealed quotation (inclusive of all taxes, labour Cess & overhead Charges) are invited for the work of **Audio Video work at conference Room of State Drugs Control Directorate, Namkum, Ranchi** by the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-1, Ranchi from agencies having similar works experience in any govt. building at the Office of the undersigned on 30.09.2024 up to 3.00 pm and will be opened on 30.09.2024 at 3.30 pm at B.C.D. Division No.-1, Ranchi by Executive Engineer or his authorized representative in the presence of Quotationers or their authorized representative. Who so ever desire may remain present at the time of opening. Detail list of work, specification, Quantity & Unit etc. may be obtained from the office in working day up to 28.09.2024 which Cost of Bid Rs. 10,000/- in shape of Demand draft (non refundable) on any State Bank Payable at SBI Main Branch, Ranchi (Code – 0167)/any Schedule Bank, Payable at Ranchi in favour of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-1, Ranchi.

Time of completion for work is **Three Month.**

The quotation should be accompanied with (1) Initial security deposit which will be *2%* of the quoted amount (Refundable) in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3 Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue)/fixed deposits of a scheduled Bank duly pledged in favour of Executive Engineer, Building Division No.-1, Ranchi. (2) Updated Income Tax Return and GST Return (3) Similar nature works experience in any govt. building (4) The letter of authorization from the main manufacturer. (5) All technical specification must be complied, no deviation will be accepted.

In the case of Gazetted holiday the quotation will be received/opened on the next working day.

*Executive Engineer*
*Building Construction Department*
*Building Division No.-1, Ranchi*

PR 336648 Building (24-25)_D

# महानगर कांग्रेस की बैठक संपन्न , पांच उम्मीदवारों के नाम अनुशंसा कर बंद लिफाफे में पर्यवेक्षक को सौंपा गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज सोमवार को महानगर कांग्रेस कमेटी की बैठक कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत की अध्यक्षता में और जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान और मनोज मेहता की उपस्तिथि में हुई। इस कार्यक्रम का मंच संचालन महानगर कांग्रेस उपाध्यक्ष परवेज अहमद और अधिवक्ता इजहार हुसैन और धन्यवाद ज्ञापन महानगर उपाध्यक्ष गुड्डू सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज नारायण भारत ने कहा आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के सभी पदाधिकारी और वार्ड के अध्यक्ष व पदाधिकारी गण तन मन से लग जाए और मजबूत संगठन ही कांग्रेस का मूल मंत्र है। इस अवसर पर प्रभारी कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष प्रवक्ता निसार खान ने कहा कार्यकर्ता ही संगठन के रीढ़ होते हैं, बीते लोकसभा चुनाव में हजारीबाग जिला में सदर हजारीबाग विधानसभा में हजारीबाग नगर क्षेत्र के 36 वार्ड में कांग्रेस प्रत्याशी को सबसे ज्यादा वोट मिला। इसी तरह हम लोगों को दोबारा सभी के प्रयास से नगर क्षेत्र में कांग्रेस का परचम फहराएगा यह हम सभी की सामूहिक प्रयास से ही संभव है।



# यशवंत सिन्हा ने हजारीबाग की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था पर उठाई आवाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** अटल विचार मंच के संस्थापक यशवंत सिन्हा जो पूर्व केंद्रीय वित्त और विदेश मंत्री भी रह चुके हैं उन्होंने हजारीबाग जिले में बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की है तथा अधिकारियों से सुधार की अपील। उन्होंने पुलिस अधीक्षक और उपायुक्त को लिखे पत्र में अनुरोध किया है कि ट्रैफिक समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए। अपने पत्र में सिन्हा ने बताया कि हजारीबाग में ट्रैफिक व्यवस्था निरंतर और भी ख़राब हो रही है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने स्थानीय अभिभावकों से यह भी अपील की है कि वे नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दें, क्योंकि इससे अन्य राहगीरों की जान भी खतरे में पड़ रही है।सिन्हा ने उचित पार्किंग व्यवस्था का भी उल्लेख किया है, उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि वे उचित पार्किंग सुनिश्चित करें, जिससे हजारीबाग की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार हो सके और जनता को राहत मिले।



# जिला स्कूल मैदान में खेलों झारखंड बालक वर्ग में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

▶ अंडर 17 बालक वर्ग वालीबॉल प्रतिस्पर्धा में चुरचू एवं अंडर 19 में कटकमदाग टीम बना विजेता

▶ वालीबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के बीच काफी उत्साह - प्रवीण रंजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग के जिला स्कूल मैदान में जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता में बालक वर्ग अंडर 17 एवं अंडर 19 बालक वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेलो झारखंड वालीबॉल प्रतियोगिता अंडर 17, एवं अंडर 19 बालक वर्ग का प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ जिसमे अंडर 17 क्वार्टर फाइनल में डाडी, पदमा, इचाक, चुरचू, चौपारण, एवं विष्णुगढ़ के बीच संघर्ष हुआ। वही अंडर 19 बालक वर्ग वालीबॉल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में बरही,डाडी,सदर, केरेडारी, कटकमदाग, चुरचू, एवं बड़कागांव ने अपना स्थान बनाया जिसमें सेमीफाइनल मुकाबले में कटकमदाग, बड़कागांव,डाडी, एवं सदर कि टीम के बीच खेला गया, फाइनल मैच के लिए डाडी बनाम कटकमदाग कि टीम के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबले में कटकमदाग प्रखंड कि टीम विजेता बना।खेलो झारखंड वालीबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों में खेल के प्रति काफी उत्साह देखा गया।बालक वर्ग के सभी वर्गो के विजेता और उपविजेता प्राप्त किए टीमों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में सफल बनाने में शारीरिक शिक्षक मधूसूदन कुमार सिंह, सरोज मालाकार, सुनिल यादव, अश्विनी श्रीवास्तव, अनुप मेहता, पवन कुमार,राजन गुरूंग, राहुल कुमार, कुंवर प्रसाद, संजू कुमारी, प्रिया कुमारी, अभिनव, गुप्ता प्रमोद दास, अनीश ,विशाल यादव, त्रिवेणी कुमार, गोपाल राम,सागर, सुरेन्द्र कुमार, मृत्युंजय वैष्णव,/प्रवींद कुमार सिंह, ओम प्रकाश कुमार, अनुपमा रानी, प्रभू साव, श्रीकांत कुमार, संतोष कुमार गौतम, प्रमोद कुमार मेहता, रामचंद्र राम, कुलेश्वर कुमार, कुलदीप कुमार, विकास कुमार, प्रवीण कुमार पांडेय, दीपक मेहता, अनिरूद्ध राणा ने अहम भूमिका निभाई



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. -1. RANCHI**

**VERY SHORT NOTICE INVITING QUOTATION**

In Sealed quotation (inclusive of all taxes, labour Cess & overhead Charges) are invited for the work of **Renovation Work of Kitchen with New Equipment's Fittings & Installation of Sound System in Garden at JCSOI Club, Morabadi, Ranchi** by the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-1, Ranchi from agencies having similar works experience in any govt. building at the Office of the undersigned on 30.09.2024 up to 3.00 pm and will be opened on 30.09.2024 at 3.30 pm at B.C.D. Division No.-1, Ranchi by Executive Engineer or his authorized representative in the presence of Quotationers or their authorized representative. Who so ever desire may remain present at the time of opening. Detail list of work, specification, Quantity & Unit etc. may be obtained from the office in working day up to 28.09.2024 which Cost of Bid Rs.5000/- for work in shape of Demand draft (non refundable) on any State Bank Payable at SBI Main Branch, Ranchi (Code – 0167)/any Schedule Bank, Payable at Ranchi in favour of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-1, Ranchi.

Time of completion for work is **One Month.**

The quotation should be accompanied with (1) Initial security deposit which will be *2%* of the quoted amount (Refundable) in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3 Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue)/fixed deposits of a scheduled Bank duly pledged in favour of Executive Engineer, Building Division No.-1, Ranchi. (2) Updated Income Tax Return and GST Return (3) Similar nature works experience in any govt. building (4) All technical specification must be complied, no deviation will be accepted.

In the case of Gazetted holiday the quotation will be received/opened on the next working day.

*Executive Engineer*
*Building Construction Department*
*Building Division No.-1, Ranchi*

PR 336652 Building(24-25)D

## अरगड्डा महाप्रबंधक कार्यालय में लघु निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजन

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा महाप्रबंधक कार्यालय में राजभाषा पखवाड़ा 2024 के अंतर्गत लघु निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में अरगड्डा क्षेत्र के इकाइयों के विभिन्न अधिकारियो एवम कर्मचारियों ने भाग लिया। ÷कोयला कंपनियों में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति - वरदान या अभिशाप के विषय पर लघु निबंध लेखन आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का आरंभ महाप्रबंधक संजय कुमार झा के द्वारा राजभाषा प्रतिज्ञा से की गई। कार्यक्रम में अमला अधिकारी (कार्मिक एवं प्रशासन) मोहम्मद फैयाजुल हक, प्रबंधक कार्मिक स्मिता पन्ना, नोडल अधिकारी (राजभाषा) मनीष कुमार अम्बष्ट एवं नोडल अधिकारी (लीगल) निखिल श्रीवास्तव के साथ अन्य अधिकारी तथा कर्मचारीगण मौजूद थे।



## शंकर चौधरी से मिले दशहरा समिति के अध्यक्ष, कार्यक्रम में उपस्थित होने का किया आग्रह

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रावण दहन कार्यक्रम को भव्यता से आयोजित करवाने हेतु अपनी तैयारियों में लगे कैंट दशहरा समिति के अध्यक्ष दीपक सोनकर एवं मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने सोमवार को समिति के संस्थापक सदस्य सह मुख्य संरक्षक शंकर चौधरी के आवास पर मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लेते हुए उन्हें कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया। शंकर चौधरी ने अध्यक्ष बनने पर दीपक सोनकर को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा की रामगढ़ में रावण दहन का आयोजन हम सब ने मिलकर करना शुरू किया था जो आज भी निरंतर जारी है और इसी तरह तरह समिति रामगढ़ वासियों का मनोरंजन करता रहे यही आशीर्वाद है।



## सहकारी समिति द्वारा समाज में महिलाओं के लिए नई राहें खोली रही है : सुधीर मंगलेश

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड होन्हे मंडा परिसर में सिकनी आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वालंबी सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश कैनरा बैंक कुल्ही के मैनेजर अशीष भगत होन्हे पंचायत मुखिया राजीव मेहता ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि महिलाओं की आजीविका और उनकी सामुदायिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से जिस तरह से आप सभी ने सहकारी समिति के माध्यम से कदम उठाए हैं, वह सराहनीय है। स्वालंबन की दिशा में यह समिति एक मिसाल कायम कर रही है, और मैं देख रहा हूँ कि आपके प्रयासों ने कितनी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मदद की है। यह वार्षिक आम सभा न केवल आपके पिछले वर्ष के कार्यों की समीक्षा का अवसर है, बल्कि यह भी समय है जब आप आगामी वर्ष की नई योजनाओं और लक्ष्यों पर चर्चा करेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि आपके विचार, सहयोग, और नेतृत्व में यह समिति आने वाले समय में और भी ऊँचाइयों को छुएगी।आपके सामूहिक प्रयासों से यह सुनिश्चित होगा कि महिलाएँ आत्मनिर्भर बनें और समाज में एक मजबूत स्थान बना सकें। मुझे विश्वास है कि आपके द्वारा उठाए गए कदम नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेंगे।समिति के सभी सदस्यों को मेरी शुभकामनाएँ। मुझे उम्मीद है कि आपके प्रयासों से समाज में बदलाव और सुधार की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे।



## सिरका दुर्गा मंडप के प्रांगण में बुथ अध्यक्ष बुथ प्रभारी की बैठक हुई संपन्न

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के सिरका दुर्गा मंडप के प्रांगण में बुथ अध्यक्ष बुथ प्रभारी की बैठक संपन्न हुई इस बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष दिवाकर सिंह ने किया संचालन महामंत्री रामप्रसाद मलिक ने किया धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष संत राज पासवान ने किया बैठक के दौरान सभी बुथ अध्यक्ष को वोटर लिस्ट दिया गया वोटर लिस्ट देने के बाद बुथ कमेटी दुरुस्त किया गया पन्ना प्रमुख का सत्यापन किया गया भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश द्वारा आगामी कार्यक्रम 27 सितम्बर को परिवर्तन रैली जो रामगढ़ में आयोजित होना है उसमें सभी बुथ से भारी से भारी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे इस कार्यक्रम में सिरका पूर्वी सिरका पश्चिम अरगड्डा पूर्वी पश्चिम हेसला मनुवां फुलसराय से भाजपा कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या में कार्यक्रम मैं भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे इसी निमित्त विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। इस बैठक में भाजपा जिला मंत्री रामगढ़ नगर परिषद के प्रभारी अनमोल सिंह अध्यक्ष मनोज गिरी ने अपने संबोधन में परिवर्तन यात्रा रथ यात्रा को सफल बनाने को लेकर दिशा निर्देश दिए बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता दीपक कुमार भाजपा युवा नेता सूरज पासवान वरिष्ठ नेता रविंद्र गुप्ता नेबैठक में अपने विचार दिए बैठक में रुपेश कुशवाह संजीव कुशवाहा लाल कुशवाहा कैलाश गिरी अभिमन्यु रजक जगदीश रवानी कन्हैया रविदास किशोर कुमार गौरव कुमार कार्यकर्ता शामिल थे।



## रामगढ़ महाविद्यालय से साहसिक अभियान दल के लिए श्रुति कुमारी चयनित

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई- एक से श्रुति कुमारी का चयन साहसिक अभियान दल के लिए हुआ है ,इसका चयन विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के तहत हुआ है ।इस अभियान दल में सभी विश्वविद्यालयों से चयनित 20 स्वयंसेवकों की टीम और साथ में दो प्रोग्राम ऑफिसर 27 सितंबर को झारखंड से रवाना होंगे । हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में अटल बिहारी बाजपेई माउंटेनियरिंग शिविर में 10 दिनों का कैंप लगेगा जो 30 सितंबर से प्रारंभ होकर 9 अक्टूबर तक चलेगा द्य इस अवधि में सभी स्वयंसेवकों को अपनी कार्य - कुशलता दिखानी होगी। रामगढ़ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रत्ना पांडे ने बड़े हर्ष के साथ कहा कि यह हमारे लिए बड़े ही गौरव की बात है कि हमारे महाविद्यालय की छात्रा का चयन हुआ है। पढ़ाई के साथ-साथ युवाओं का इस तरह के साहसिक कार्यों में अभिरुचि उनकी प्रतिभा को दर्शाता है। इकाई -एक की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. कामना राय ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े स्वयंसेवक बड़े ही दृढ़निश्चयी होते हैं ,और एडवेंचर कैंप उन्हें कठिन परिस्थितियों में भी जीना सिखाता है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई - दो की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ.अनामिका ने भी अपना शुभाशीष दिया और साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े सभी स्वयंसेवकों ने अपनी शुभकामनाएं दी।



# कुजू में भीषण सड़क हादसा : बाइक और ट्रक की टक्कर में तीन युवकों की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुजू :** कुजू ओ पी क्षेत्र अंतर्गत नया मोड़ एनएच 33 में 14 चक्का ट्रक और बाइक की हुई जबरदस्त टक्कर बाइक सवार दो युवकों का घटनास्थल पर ही मौत हो गया एक व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाने के क्रम में ही मौत हो गई । इस संबंध में बताया जाता है कि हजारीबाग की ओर से 14 चक्का ट्रक रामगढ़ की ओर जा रहा था रॉन्ग साइड से तीन बाइक सवार जाकर आमने-सामने भिड़ंत हो गया कुजू ओपी प्रभारी ने अकेले ही घायल को एंबुलेंस के द्वारा इलाज के लिए रामगढ़ सदर भेज दिया गया वही दो युवकों के शव को अपने कब्जे में लेकर कजू ओ पी ले आए इसके बाद मृतक के परिजन ने हा॥ 33 को घंटो जाम कर दिया है इसके बाद अंचल अधिकारी मुदस्सिर मंसूरी थाना प्रभारी दिगंबर पांडे के द्वारा काफी मशक्कत के बाद जाम को हटाया गया जिसके बाद अब आगमन सुचारू रूप से चालू हो सका चश्माद्वित लोगों ने बताया कि गलती बाइक सवार तीन युवकों पर है जो रॉन्ग साइड से आ रहे थे और जैसे ही ट्रक सामने आया कि बाएं से दाहिने हो गए जिससे यह बड़ी दुर्घटना घटी ट्रक वाले ने इतनी तेजी से ब्रेक लगाया कि उसका एक टायर फट गया।





## लोगों की हर समस्याओं का करेंगे समाधान : चंद्रप्रकाश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी हमेशा समाजहित में तरह-तरह के प्रयोग करते रहते हैं। अब उन्होंने एक नया प्रयोग शुरू किया है-चाय पर चर्चा। सोमवार को उन्?होंने छोटकी पोना पहुचकर चाय पर चर्चा की और लोगों के मन की बात सुनी। उनका उद्देश्य यही है कि नागरिकों की समस्याओं से सीधे रूबरू हो सके और उनका समाधान निकल सके। इस दौरान सब चाय की चुस्की लेते हुए अपने पंचायत के विकास से लेकर रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास पर चर्चा की। वही सांसद को अपने पंचायत में देखकर लोगों की भीड़ लगने लगी। देखते ही देखते सांसद से मिलने सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी सभी बड़े बुजुर्गों और छोटों से बड़ी ही विनम्रता और प्रेम से मिले। सभी को गले लगाकर सब का कुशल क्षेम भी जाना। इसके बाद चाय पीते हुए विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान लोगों ने अपनी अपनी व क्षेत्र की समस्याओं को उनके समक्ष रखा। इसपर सांसद ने कहा कि ग्रामीणों की सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। मौके पर आजसू के केंद्रीय अमृतलाल अमृतलाल मुंडा, अशोक राम बेदिया, नीना देवी, सतीश कुमार, मोतीलाल राम, अशोक कुमार, बढ़न राम दांगी, बासुदेव महतो, महानंद महतो, वरुण महतो, प्रेमनाथ महतो मौजूद थे।

## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत गोला प्रखंड में एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता


**रामगढ़ :** स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम से सफल संचालन हेतु सोमवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत प्रखंड गोला में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय शांडलीय द्वारा निदेशित किया गया कि 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024 तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान को सफल बनाने हेतु गोला प्रखंड की सभी जल सहिया ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगी। यह भी निदेशित किया गया कि प्रतिदिन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपने अपने ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित कराना सुनिश्चित करेंगे। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं जल सहिया को स्वच्छता शपथ भी दिलाया गया। साथ ही स्वच्छता ही सेवा के जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान एवं स्वच्छता सेल्फी प्वाइंट का भी उपयोग किया गया। उक्त कार्यशाला के क्रम में जिला समन्वयक आईसी द्वारा बताया गया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता और सफाई के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है एवं सामुदायिक भागीदारी से श्रमदान करने के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित करना है। उक्त कार्यक्रम के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ उपस्थित सभी कर्मियों द्वारा प्रखंड परिसर में अवस्थित पार्क में सुरक्षा का ध्यान रखते हुए पार्क की पूर्ण रूप से साफ सफाई की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोला, ज़िला समन्वयक आईसी रामगढ़, कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़, आईडीएफ टीम यूनिसेफ के स्टेट रिसोर्स पर्सन, जिला समन्वयक एवं टेक्निकल एक्सपर्ट सहित गोला प्रखंड की सभी जल सहिया आदि उपस्थित रहे।



# कोल कर्मचारियों के बोनस पर फैसला 29 को

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी/रामगढ़ :** कोल इंडिया कि मानकीकरण समिति कि बैठक 29 सितंबर को दिल्ली स्थित कोयला मंत्रालय के कार्यलय में दोपहर करीब तीन बजे से होगी। वहीं इस बैठक में कोल कर्मीयों के मिलने वाले सलाना बोनस(पनफामेंस लिंक्ड रिवार्ड) को लेकर मंथन व चर्चा किया जाएगा। वहीं इस बैठक में सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र से एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जेबीसीसीआई सदस्य कामरेड रमेन्द्र कुमार शामिल होंगे। वहीं कोल कर्मचारियों को मिलने वाले सलाना बोनस पर पुरे रामगढ़ व हजारीबाग जिला में दुर्गा पूजा कि बाजार सजती है। बता दें कि पिछले बार 2023 में कोल कर्मचारियों को 85000 हजार रुपए बोनस दिया गया था। इस बार सभी युनियन के द्वारा एक लाख रुपए से ज्यादा बोनस देने कि मांग कि जा सकती है। यह बता दें कि इस बार कोल इंडिया को नेट प्रॉफिट दस हजार करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। इस लिहाज से सभी श्रमिक संगठन के नेताओं द्वारा बैठक में बोनस पर चर्चा करेंगे। वित्तीय वर्ष 2023-24 में कोल इंडिया को लगभग 37,369 करोड़ रुपए का लाभ हुआ। वहीं कोयला उत्पादन कि बात कहे तो वित्तीय वर्ष 2023-24 में 773.63 मिलियन टन दर्ज किया गया था।किस वर्ष कितना बोलन मिला-2015 में 48,500,2016 मे 54000,2017 में 57000,2018 में 60500,2019 में 64700,2020 में 68500,2021 मे 72500,2022 में 76500,2023 में 85000 हजार रुपए दिया गया था। दिल्ली स्थित कोल मंत्रालय में आयोजित बैठक में एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जेबीसीसीआई सदस्य कामरेड रमेन्द्र कुमार,बीएमएस से सुधीर घुरडे, मजरूल हक अंसारी, एचएमएस से नाथूलाला पाण्डेय, शिव कुमार यादव, सीटू से डीडी रामनंदन सम्मिलित होंगे।




## समस्त सहायक अध्यापकों के साथ राज्य सरकार कर रही है छल : भागवत तिवारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** सहायक अध्यापकों का दर्द एकबार फिर छलका क्योंकि 28 अगस्त 2024 को शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम की अध्यक्षता में एक बैठक आहुत की गई थी जिसमें गिरिडीह सदर विधायक सुदीव्य कुमार सोनू और राजेश कच्छप के साथ मोर्चा के तमाम राज्य सदस्य के साथ वार्ता हुई। इस वार्ता में ईपीएफ, अनुकंपा, मानदेय वृद्धि, सहित आकलन को टेट के समतुल्य मानदेय/ वेतनमान भविष्य में मिले सहित अन्य बिंदु पर सहमति बनी थी तथा ये कहा गया था कि वार्ता के दिन के पश्चात 15 दिनों में इन सब कार्य को करके जल्द कैबिनेट से पारित करवा दिया जाएगा किंतु अब तक कैबिनेट से पारित नहीं होना शक पैदा कर रहा है। आम सहायक अध्यापक के साथ सरकार धोखा कर रही है। साथ ही 4त्न इंक्रीमेंट के साथ मानदेय भुगतान करने को लेकर सारी प्रक्रिया नियम संगत पूरा करने के बाद भी सहायक अध्यापक के मानदेय में जोड़े गए इंक्रीमेंट को एसपीडी साहब के मौखिक आदेश से रोका जाना बिल्कुल गलत है। आखिर जो समस्या समाधान हो रहा है उस पर पुनः इस प्रकार के रोक से सहायक अध्यापक में सरकार और अधिकारी के प्रति काफी रोष है। बहुत उम्मीद के साथ माटी की सरकार को तन मन से समर्थन कर सरकार में लाए थे की राज्य के 62 हजार का कल्याण होगा किंतु लगभग 5 साल बीतने को है किंतु अब तक अपने चुनावी घोषणा को पूरा नहीं किया जाना खेद का विषय है। उपरोक्त बातों की जानकारी राज्य सदस्य सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा सह् प्रमंडलीय अध्यक्ष सामुदायिक सहायक अध्यापक संघ भागवत तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

## रामगढ़ महाविद्यालय में दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता शुभारंभ

**रामगढ :** रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ में महिला कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को हुआ। विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग द्वारा अंतर महाविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ की मेजबानी में आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग, छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉ मिथिलेश कुमार सिंह ने और प्राचार्या ने अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि पुरुष वर्ग फुलबॉल प्रतियोगिता के बाद का आयोजन से आधी आबादी नहीं बल्कि पूरी आबादी को साथ लेकर चलने का संदेश संप्रेषित हो रहा है। खेल से जीवन में जीतने की सीख मिलती है ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रत्ना पांडेय ने अतिथियों, टीम मैनेजर, कोच, खिलाड़ियों और विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि व्यस्तता के बीच उच्च पदाधिकारियों ने समय निकाल कर हमारे महाविद्यालय को अनुग्रहित किया है।

## श्रम सहिंताओ में बदलाव को लेकर महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष किया धरना-प्रदर्शन : संयुक्त मोर्चा

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष सोमवार को केंद्रीय श्रम संगठन के संयुक्त तत्वावधान में विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विंध्याचल बेदिया व संचालन बासुदेव साव ने किया। वहीं इस विरोध प्रदर्शन के आंदोलन में मुख्य रूप से भाजपा कि नरेंद्र मोदी वाली केंद्र सरकार के द्वारा गुप्त तरीके से बिना बहस किए 44 श्रम सहिंता कानून में बदलाव कर चार कोड में तब्दील कर दिया गया है। यह चार कोड न्या कानून मजदूर विरोधी, उद्योग विरोधी एवं देश विरोधी कानून हैं। जिसका पुरे देश में चार केन्द्रीय श्रम संगठनों के द्वारा विरोध दिवस के तौर पर मना रहा है। वहीं इस विरोध प्रदर्शन में कन्हैया सिंह, अशोक गुप्ता,आरपी सिंह, नरेश सिंह, संजय वर्मा, संजय शर्मा, देवेन्द्र सिंह,लखेन्द्र राय, सुरेश प्रसाद, पप्पू सिंह, महावीर प्रसाद, उदय मालाकार, वरूण कुमार, विकास कुमार, दिनेश टुडू आदि लोग मौजूद थे।

## ऐक्टू एवं अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर तले देशभर में मनाया गया काला दिवस




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ पार्टी कार्यालय से ऐक्टू एवं अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर तले झंडा ,तख्ती , पोस्टर लेकर दर्जनों लोग मार्च करते हुए सुभाष चौक में सभा को सम्बोधित करते हुए ऐक्टू के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला सचिव अमल घोषाल ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार लगातार मजदूर विरोधी नीतियों को धड़ल्ले से लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम मजदूरी, काम के घंटे, सामाजिक सुरक्षा, हड़ताल, काम करने की स्थिति, संगठित होने, सामुहिक सौदेबाजी, श्रम विभाग का निरिक्षण जैसे तमाम अधिकारों को खत्म करने की पहल करने के खिलाफ गांव से कार्यस्थल तक मजदूरों की संघर्ष को तेज करने की जरूरत है। आगे सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान महासभा के नेता हीरा गोप ने कहा कि आज पुरे देशव्यापी में काला दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के किसानों ने किसान विरोधी तीन काले कानूनों के खिलाफ किसानों के आंदोलन के सामने मोदी सरकार को झुकना पड़ा। आज भी लड़ाई जारी है किसानों को एम एस पी लागू करने के सवाल पर। इस अवसर पर कार्यक्रम में ऐक्टू के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला सचिव अमल घोषाल, अखिल भारतीय किसान महासभा के नेता हीरा गोप, देवानंद गोप, सरयू बेदिया, बिएन मुंडा, चंद्रिका राम, नागेश्वर मुंडा, प्रकाश बेदिया, शैलेन्द्र बेदिया, अजीत बेदिया, सुरेंद्र बेदिया, लाल कुमार बेदिया, फुलचंद करमाली सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

## 27 को रामगढ़ छावनी फुटबॉल मैदान में विशाल जनसभा का अयोजन कर रथ यात्रा का स्वागत करेगी भाजपा

**रामगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला के निर्देश पर साहु भवन में रामगढ़ कैंट मंडल, रामगढ़ नगर परिषद और रामगढ़ ग्रामीण की संयुक्त बैठक बुलाई गई। अध्यक्षता रामगढ़ छावनी मण्डल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ने किया तथा संचालन नगर परिषद के मण्डल अध्यक्ष मनोज गिरि ने तथा धन्यवाद ज्ञापन कैंट मण्डल के महामंत्री ऋषिकेश सिंह द्वारा किया गया।बैठक में जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता विशेष रूप से उपस्थित थे।आगामी 27 सितम्बर को परिर्वतन संकल्प रथ यात्रा के भव्य आयोजन को लेकर चर्चा हुई और कार्य विभाजन कर प्रमुख कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। माहौल बन चुका है झारखंड में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बन रही है। बैठक में जिला महामंत्री राजू चर्तुवेदी, विजय जायसवाल जिला मंत्री सरदार अनमोल सिंह, पूर्व जिला महामंत्री रंजित पांडेय,जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, जिला सह मीडिया प्रभारी भीमसेन चौहान, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शीतल सिंह,दीपक कुमार , संतोष कुमार साह, सुशांत पांडेय,ऋषिकेश सिंह उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़**
**रामगढ़ थाना के सामने, थाना चौक/गांधी चौक, रामगढ़ कैन्ट,**
**जिला– रामगढ़, झारखण्ड– 829122, ई-मेल– eercdramgarh-jhr@nic.in**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 01 वर्ष– 2024–25 दिनांक– 21.09.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | दिनांक 30.09.2024 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 3. | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 01.10.2024 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 01.10.2024 को 03.30 बजे अपराह्न से। |
| 5. | परिमाण विपत्र की बिक्री की स्थान | 1. मुख्य अभियंता(या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०–2, धुर्वा, झारखण्ड, राँची<br>2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग।<br>3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | 1. मुख्य अभियंता(या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०–2, धुर्वा, झारखण्ड, राँची<br>2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग।<br>3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |

**7. कार्य की विवरणी निम्नवत् है :–**

| क्र० सं० | अंचल का नाम | प्रमण्डल का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हजारीबाग | रामगढ़ | Ordinary Repair Work of Ashok Cinema to Chhattarpur Road in KM 0.00 to 20.10 under Non-Plan Head for the year 2024-25 | 25.00 | 50,000/- | 5,000/- | 02(दो) माह |
| 2 | | | Ordinary Repair Work of Lalpania More via Petarwar- Gomia to Kujju Naya More Road in KM 0.00 to 8.625 under Non-Plan Head for the year 2024-25 | 20.00 | 40,000/- | 5,000/- | 02(दो) माह |
| 3 | | | Ordinary Repair Work of Sikidri to Kulhi Road in KM 0.00 to 5.10 under Non-Plan Head for the year 2024-25 | 20.00 | 40,000/- | 5,000/- | 02(दो) माह |
| 4 | | | Ordinary Repair Work of Naisarai to Giddi 'A' Road in KM 0.00 to 17.40 under Non-Plan Head for the year 2024-25 | 15.00 | 30,000/- | 2,500/- | 02(दो) माह |
| 5 | | | Ordinary Repair Work of Saunda 'D' to Urimari Road in KM 0.00 to 13.798 under Non-Plan Head for the year 2024-25 | 20.00 | 40,000/- | 5,000/- | 02(दो) माह |
| 6 | | | Ordinary Repair Work of Rajrappa to Dhobiyajara Road in KM 0.00 to 11.87 under Non-Plan Head for the year 2024-25 | 20.00 | 40,000/- | 5,000/- | 02(दो) माह |
| 7 | | | Culvert Repairing Work of Gola to Muri Road under Non-Plan Head for the year 2024-25 | 30.00 | 60,000/- | 5,000/- | 02(दो) माह |
| 8 | | | Construction of Drain in Naya More to Chainpur Road near Railway Crossing under Non-Plan Head for the year 2024-25 | 30.00 | 60,000/- | 5,000/- | 02(दो) माह |

- निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।
- प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।
- कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग का निबन्धन प्रमाण–पत्र, GSTiN से संबंधित प्रमाण–पत्र की सुस्पष्ट छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
- PWD कोड में संशोधन के फलस्वरुप 10% प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि० पथ प्रमण्डल रामगढ़

PR 336659 Road(24-25).D

## जेके लक्ष्मी सीमेंट ने रोहित शर्मा के साथ अपनी साझेदारी का लगातार पांचवें साल का किया विस्तार

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के अग्रणी सीमेंट निर्माताओं में से एक जेके लक्ष्मी सीमेंट (जेकेएलसी) ने आज क्रिकेट सुपरस्टार रोहित शर्मा को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाकर अपनी सफल साझेदारी को आगे बढ़ाने की घोषणा की। यह नया जुड़ाव ब्रांड की उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता और जेकेएलसी और रोहित शर्मा दोनों को परिभाषित करने वाले साझा मूल्यों को दर्शाता है। ब्रांड के साथ उनका पिछला जुड़ाव ज़बरदस्त सफलता भरा रहा,



जो उपभोक्ताओं और हितधारकों दोनों के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है।जेके लक्ष्मी सीमेंट के अध्यक्ष और निदेशक अरुण शुक्ला ने इस साझेदारी के नवीनीकरण पर अपनी टिप्पणी में कहा, रोहित शर्मा की असाधारण प्रतिभा और उपलब्धियों ने उन्हें भारत और विदेश के लिए एक प्रिय व्यक्ति बना दिया है। जेके लक्ष्मी सीमेंट के साथ उनके जुड़ाव ने उपभोक्ताओं के साथ हमारे ब्रांड के संबंध को मजबूत करने में मदद की है। राइज़ वर्ल्डवाइड द्वारा विशेष रूप से प्रतिनिधित्व किए जाने वाले रोहित शर्मा ने इस साझेदारी के बारे में कहा, मैं जेके लक्ष्मी सीमेंट के साथ अपनी यात्रा जारी रखने के लिए उत्साहित हूं। गुणवत्ता और नवोन्मेष के प्रति उनकी प्रतिबद्धता जीवन और क्रिकेट में हमेशा उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने तथा सीमा से आगे जाने के मेरे अपने दृष्टिकोण से मेल खाती है। साथ मिलकर, हमने उपभोक्ताओं के साथ स्थायी संबंध बनाया है और हम अगले एक साल में जो हासिल कर सकते हैं मैं उसके लिए उत्सुक हूं।रोहित शर्मा इस नई साझेदारी के साथ, देश भर में जेकेएलसी के विज्ञापनों और ब्रांड के विज्ञापन में, सभी प्लेटफॉर्म पर दिखाई देते रहेंगे। टैगलाइन भारत का सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मर(इंडियाज़ बेस्ट परफॉर्मर) को बिक्री नेटवर्क और उपभोक्ताओं के बीच अच्छी प्रतिक्रिया मिली है, जिससे ब्रांड स्कोर बढ़ा है और व्यावसायिक मूल्यांकन बेहतर हुआ है।

## डाल्टनगंज में नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम द्वारा कार्डियक ओपीडी का आयोजन

**डाल्टनगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हार्ट सर्जरी एक सर्जिकल प्रक्रिया है, जिसमें हृदय या रक्त वाहिकाओं में होने वाली समस्याओं के लिए सर्जरी करने पड़ती है। नारायणा अस्पताल, गुरुग्राम को वयस्क और बाल हृदय सर्जरी में उच्च जोखिम वाले और चुनौतीपूर्ण मामलों के लिए एक व्यापक केंद्र के रूप में जाना जाता है। जागरूकता बढ़ाने और उचित उपचार प्रदान करने के लिए नारायणा



अस्पताल, गुरुग्राम अब जेलहाता चौक रोड, डाल्टनगंज में नियमित ओपीडी का आयोजन करेगा। यह ओपीडी विनायक चाइल्ड हॉस्पिटल में महीने के तीसरे शनिवार शाम 05ः00 बजे से 07ः00 बजे तक आयोजित की चलेगी। जिसमें डॉ. विकास केशरी वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ (कार्डियक सर्जन) मरीजों की जांच एवं इलाज हेतु उपस्थित रहेंगे। डॉ. विकास केशरी को वयस्क हृदय सर्जरी प्रक्रियाओं में कई वर्षों का अनुभव है। नारायणा अस्पताल, गुरुग्राम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लोग समय पर परामर्श प्राप्त करें ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके। डॉ. विकास केशरी वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ (कार्डियक सर्जन) ने बताया कि दुनिया भर में हार्ट सर्जरी की संख्या बढ़ रही है। इस चिंताजनक समस्या के कई कारण हैं, जिनमें अनियमित जीवनशैली, खराब खानपान, शराब और धूम्रपान का बढ़ता सेवन और अधिक तनाव जैसे कारक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखना चाहिए, नियमित व्यायाम करना चाहिए, पौष्टिक आहार लेना चाहिए और एक अच्छी जीवनशैली अपनानी चाहिए।

## डीपीएस बोकारो में खिलाड़ी प्रतियोगिता में दिखाएंगे अपना दम : प्राचार्य




**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीपीएस बोकारो की मेजबानी में इस्पातनगरी बोकारो खेल-जगत के एक वृहद आयोजन का साक्षी बनने जा रहा है। विद्यालय परिसर में चार दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर 3 अंतर विद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता 24 सितंबर (मंगलवार) से शुरू हो रही है। आगामी 27 सितंबर तक चलनेवाली इस प्रतियोगिता में झारखंड, बिहार के सीबीएसई संबद्ध कुल 64 विद्यालयों से लगभग 1200 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। क्लस्टर लेवल पर सफल होने वाली टीमों को सीबीएसई नेशनल टूर्नामेंट में भाग लेने का मौका मिलेगा। बालिका वर्ग के लिए इंदौर (मध्य प्रदेश) में आगामी 9-13 अक्टूबर तथा बालकों के लिए आगरा (उत्तर प्रदेश) में 14-20 अक्टूबर को राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिता होगी। डीपीएस बोकारो के प्राचार्य एवं प्रतियोगिता आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. ए एस गंगवार ने सोमवार को एक प्रेसवार्ता में इस आशय की जानकारी दी। उन्होंने इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता की मेजबानी डीपीएस बोकारो को मिलना गर्व का विषय बताया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के ऐतिहासिक, भव्य और सफल आयोजन की तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके लिए पूरा विद्यालय परिवार प्रतिबद्ध है। खिलाड़ियों के ठहरने, खाने-पीने आदि की समुचित व्यवस्था विद्यालय परिसर में ही की गई है। उनकी सभी सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा गया है। खिलाड़ियों के जत्थे का आना सोमवार सुबह से ही शुरू हो गया। डॉ. गंगवार ने बताया कि प्रतियोगिता अंडर- 14, अंडर- 17 और अंडर 19 आयु वर्गों में हो रही है, जिसमें कुल 121 टीमें हिस्सा ली है ।

## शांति समिति की बैठक दोनों समुदाय ने कमेटी गठन करने का लिया निर्णय

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव में विश्वकर्मा पूजा जुलूस विवाद मामले में चल रहे गतिरोध को लेकर बड़कागांव थाना परिसर में अंचल अधिकारी बालेश्वर राम, की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक का संचालन एसडीपीओ कुलदीप कुमार ने



किया। बैठक में दोनों समुदाय से मुख्य मुख्य लोगों को बुलाकर विचार ली गई। अपने-अपने विचार देने के बाद दोनों समुदाय के उपस्थित लोगों ने इस गतिरोध को समाप्त करते हुए मुस्लिम मोहल्ला एवं ठाकुर मोहल्ला में शांति व्यवस्था बनाए जाने का प्रशासन को भरोसा दिलाई। साथ ही साथ अपने-अपने मोहल्ले में बैठक आयोजित कर 20-20 सदस्य का कमेटी निर्माण करने की बात कही गई। उक्त कमेटी के सदस्य के देख रेख में भविष्य में दोनों समुदाय का पर्व त्यौहार मनाने में अहम भूमिका निभाने का काम करेंगे। वहीं प्रशासन ने कहा कि आप सबों को इसी गांव मोहल्ला में रहना है। इस तरह से गतिरोध बरकरार रहने से परेशानी आप सभी परिवार को ही होगी। इसे समझने की आवश्यकता है। बैठक में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, ललित कुमार, थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, मध्य पंचायत के मुख्य मोहम्मद तकरीमुल्लाह खान, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र प्रसाद, जिला परिषद प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम, पूर्व मुखिया भीखन महतो, पूर्व मुखिया विष्णु रजक, सरोज सोनी, शिव शंकर ठाकुर, मेवालाल नाग, सुभाष ठाकुर, पप्पू खान, रोशन ठाकुर, नवीन ठाकुर, संतोष ठाकुर, मंहगू ठाकुर, विनोद लाला, विवेक सोनी, प्रकाश ठाकुर, मोहम्मद साबिर, हकीम परवेज, अजीमुद्दीन, मोहम्मद नईम, मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद इसरारउल हक सहित अन्य लोग शामिल थे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत रीसाइकिल और वेस्टेज उत्पादों की बिक्री का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोकारो :** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में आज स्वच्छता पखवाड़ा स्वच्छता ही सेवा अभियान-24 के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों और रेलवे इकाइयों में रीसाइकिल और आर्ट ऑफ वेस्टेज उत्पादों की बिक्री अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ कचरे के पुनः उपयोग को प्रोत्साहित करना और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।रीसाइकिल और वेस्टेज उत्पादों की बिक्री अभियान के दौरान विभिन्न रीसाइकिल किए गए उत्पादों और कचरे से बनाई गई कलात्मक वस्तुओं की बिक्री की गई। इन उत्पादों को मंडल के विभिन्न इकाइयों और स्टेशनों पर प्रदर्शित




किया गया। यह पहल न केवल कचरे के सही प्रबंधन को बढ़ावा देती है, बल्कि लोगों को यह भी दिखाती है कि किस तरह कचरे को रचनात्मक रूप से उपयोग में लाया जा सकता है। इस अवसर पर रेलवे परिसरों, प्लेटफार्मों, ट्रेनों और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से इस स्वच्छता अभियान में भाग लिया और यात्रियों के बीच स्वच्छता के महत्व पर जागरूकता फैलाई। रीसाइकिल और वेस्टेज उत्पादों की बिक्री से न केवल पर्यावरण संरक्षण में योगदान मिलेगा, बल्कि यह एक स्थायी भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ज्ञात हो कि स्वच्छता पखवाड़ा ÷स्वच्छता ही सेवा अभियान-24÷ के अंतर्गत आद्रा मंडल में विभिन्न स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि स्वच्छता के प्रति जागरूकता को और बढ़ावा दिया जा सके। इस अभियान के तहत आद्रा मंडल में अन्य गतिविधियाँ भी आयोजित की जाएंगी, जिनमें सफाई अभियान, जागरूकता कार्यक्रम और स्वास्थ्य शिविर प्रमुख हैं।

## पाकुड़ के पयादापूर में भू माफ़ियाओं का महिला दस्ता सक्रिय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** इन दिनों भू माफियाओं का कहर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में देखने को मिल रहा है. भू माफियाओं की ताकत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है की वे अपने टीम में महिला दस्ता को भी शामिल कर लिया है. कही भी और किसी की भी जमीन को हड़पना है तो महिलाओं को आगे कर दिया जाता है. जिस कारण पुलिस प्रसाशन भी मुकदर्शक बन गई है.सोमवार को भू माफ़ियाओं ने पाकुड़ के पयादापूर गाँव में महिला दस्ता तैयार किया है जो ज़मीन,तालाब पर जाकर सामने से मोर्चा संभालती हैं।यद्यपि इसके पीछे एक बड़ा सरग़ना काम कर रहा होता है। ऐसी ही घटना पयादापूर तालाब में ज़मीन मालिक थाना पाड़ा निवासी शाहिद अनवर के साथ हुई। 50 साल पुरानी उनकी पुश्तैनी तालाब जो रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे पयादापूर में है।जिसका केवाला संख्या 152 ,केवाला संख्या 153 निबंधन दिनांक 16/1/1974 शाहिद अनवर के पिता स्वर्गीय यार मोहम्मद एवं हफ़ीज़ुद्दिन दिगर तथा नफ़ीस अख़्तर पिता स्व नेकनाम अली पाकुड़ थाना पाड़ा निवासी के नाम से दर्ज है.नगर थाना को समर्पित जाँच प्रतिवेदन संख्या 715 दिनांक 2/8/21 नगर थाना के डी आर संख्या 112 /21 केस में बताया गया है कि मौजूदा जमाबंदी संख्या 77 ऊपर वर्णित रैयत के क़ब्ज़े में है।भू माफ़ियाओं द्वारा समय समय पर भिन्न भिन्न तरीक़े पयादापूर तालाब को क़ब्ज़े में करने का तथा उसे प्लॉटिंग कर बेचने का प्रयास करते रहे हैं। इसी क्रम में अवैध तरीक़े से तालाब में मछली पकड़ने पर शाहिद अनवर ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है।

## झारखण्ड सरकार
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

**67वीं औपबंधिक सूची**
**जिला–लातेहार (पार्ट–1)**

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अनिज मिंज , सत्येन्द्र सिंह एवं धनेश्वर उराँव द्वारा माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–307/24<br>2. आवेदक–राजेश उराँव, पिता–स्व0 धनदेव उराँव<br>3. ग्राम–धनदेव , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हथेली पर तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–308/24<br>2. आवेदक–महावीर उराँव , पिता–स्व0 सुकरा उराँव<br>3. ग्राम–धाधू , पोस्ट–मैंसादोन , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती पर तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–309/24<br>2. आवेदक–तापेश्वर भगत , पिता–स्व0 करमा भगत<br>3. ग्राम–खुटेर , पोस्ट–मुरपा , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–310/24<br>2. आवेदक–राजेन्द्र उराँव , पिता–चैतू उराँव<br>3. ग्राम–बनियो, पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–311/24<br>2. आवेदक–महादेव उराँव , पिता–स्व0 सोमा उराँव<br>3. ग्राम–बनियो, पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–312/24<br>2. आवेदक–मंजवा उराँव , पिता–स्व0 बनिया उराँव<br>3. ग्राम–बनियो, पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने कान के पिछे जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–313/24<br>2. आवेदक–बासदेव उराँव , पिता–स्व0 गुजर उराँव<br>3. ग्राम–बनियो, पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती पर सफेद दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–314/24<br>2. आवेदक–संजय उराँव , पिता–स्व0 बनया उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर पर जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–315/24<br>2. आवेदक–रमला मसोमात, पति–स्व0 लालदेव उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–महिला , आयु–64 वर्ष , पहचान चिन्ह–चेहरे पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–316/24<br>2. आवेदक–सुगन देवी , पति–स्व0 धनदेव उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–महिला , आयु–67 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाँये कान के पास तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–317/24<br>2. आवेदक–गोदे उराँव , पिता–स्व0 सोमा उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष , पहचान चिन्ह–पेट पर सफेद दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–318/24<br>2. आवेदक–लखन उराँव , पिता–स्व0 भिखा उराँव<br>3. ग्राम–घुटाम पाल्ही , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–319/24<br>2. आवेदक–पौलूस उराँव , पिता–सोमरा उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–320/24<br>2. आवेदक–परमेश्वर उराँव , पिता–स्व0 लेला उराँव<br>3. ग्राम–बालू , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें अंगुठे पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–321/24<br>2. आवेदक–रूपवा मसोमात , पति–स्व0 विषूनदेव उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–महिला , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–माथे पर गोदने का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–322/24<br>2. आवेदक–दासो देवी, पति–रामधनी उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–महिला , आयु–62 वर्ष , पहचान चिन्ह–सीने पर गोदने का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–323/24<br>2. आवेदक–शुक्र उराँव , पिता–स्व0 गुजर उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने पैर पर सफंद दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–324/24<br>2. आवेदक–मुकेश उराँव , पिता–धनेश्वर उराँव<br>3. ग्राम–कोमर , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ के अंगुठे पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–325/24<br>2. आवेदक–सुन्दर लाल उराँव , पिता–स्व0 मुन्ना उराँव<br>3. ग्राम–बालू , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर पर दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–326/24<br>2. आवेदक–बुद्धदेव उराँव , पिता–स्व0 भिखा उराँव<br>3. ग्राम–घुटाम पालही , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष , पहचान चिन्ह–चेहरे पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–327/24<br>2. आवेदक–लालो देवी, पति–स्व0 नागदेव उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–महिला , आयु–71 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–328/24<br>2. आवेदक–महादेव उराँव , पिता–स्व0 रामदेव उराँव<br>3. ग्राम–बालू , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–329/24<br>2. आवेदक–उपेन्द्र उराँव , पिता–स्व0 बालेश्वर उराँव<br>3. ग्राम–धाधो , पोस्ट–मैंसादोन , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–330/24<br>2. आवेदक–जयलाल उराँव , पिता–स्व0 मुन्ना उराँव<br>3. ग्राम–बालू , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने पैर पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–331/24<br>2. आवेदक–भीम उराँव , पिता–भैरो उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर सिखा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–332/24<br>2. आवेदक–बुद्धदेव उराँव , पिता–स्व0 सुखदेव उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–333/24<br>2. आवेदक–चैतु उराँव , पिता–स्व0 मुन्डल उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–78 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–334/24<br>2. आवेदक–रेगलाल उराँव , पिता–स्व0 मुन्ना उराँव<br>3. ग्राम–बालू , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने आंख के उपर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–335/24<br>2. आवेदक–तुलसी उराँव , पिता–स्व0 भोला उराँव<br>3. ग्राम–बालू , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–336/24<br>2. आवेदक–ब्रहम्देव उराँव , पिता–स्व0 फागु उराँव<br>3. ग्राम–गाड़ी सुरांगी टोला, पोस्ट–बरियातु , थाना–बरियातु, प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–337/24<br>2. आवेदक–लखन उराँव , पिता–पहला उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–338/24<br>2. आवेदक–श्यामदेव उराँव , पिता–स्व0 गुंजर उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने आंख पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–339/24<br>2. आवेदक–फुलदेव उराँव , पिता–स्व0 नागदेव उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने पैर पर जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–340/24<br>2. आवेदक–सोमा उराँव , पिता–स्व0 गुंजर उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–341/24<br>2. आवेदक–मुनेश्वर उराँव , पिता–स्व0 डहरू उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष , पहचान चिन्ह–हाथ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–342/24<br>2. आवेदक–जगरनाथ उराँव , पिता–स्व0 धनदेव उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–343/24<br>2. आवेदक–रूपन उराँव , पिता–स्व0 जितू उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने भौं पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–344/24<br>2. आवेदक–रामधनी उराँव , पिता–स्व0 जगवा उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने आंख के बगल तिल । | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–345/24<br>2. आवेदक–सोमरा उराँव , पिता–स्व0 बसु उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती पर तिल । | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–346/24<br>2. आवेदक–रामेश्वर उराँव , पिता–स्व0 लैला उराँव<br>3. ग्राम–बालू , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने आंख के बगल कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–347/24<br>2. आवेदक–महेश उराँव , पिता–स्व0 लच्छु उराँव<br>3. ग्राम–बालू , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने कान में बतुर का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–348/24<br>2. आवेदक–बाबूलाल उराँव , पिता–स्व0 चरवा उराँव<br>3. ग्राम–बालू , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें आंख के उपर बतुर का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–349/24<br>2. आवेदक–रामेश्वर उराँव , पिता–स्व0 साधु उराँव<br>3. ग्राम–बालू , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–माथे पर दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–350/24<br>2. आवेदक–ईश्वरी उराँव , पिता–पच्चु उराँव<br>3. ग्राम–बान्दरलौरिया , पोस्ट–हेरहंज , थाना–हेरहंज , प्रखण्ड–हेरहंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–351/24<br>2. आवेदक–सावित्री देवी, पति–बुद्धदेव उराँव<br>3. ग्राम–घुटाम , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–महिला , आयु–68 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें हाथ पर जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–352/24<br>2. आवेदक–सुरेन्द्र उराँव , पिता–जगेश्वर उराँव<br>3. ग्राम–बालू , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने घुटने पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–353/24<br>2. आवेदक–विशू उराँव , पिता–जितु उराँव<br>3. ग्राम–बनिया , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें आंख के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–354/24<br>2. आवेदक–मंगरा उराँव , पिता–स्व0 चरवा उराँव<br>3. ग्राम–बालू , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने पैर पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–355/24<br>2. आवेदक–लालदेव उराँव , पिता–स्व0 मुखा उराँव<br>3. ग्राम–घुटाम , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष , पहचान चिन्ह–गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–356/24<br>2. आवेदक–लालसहाय उराँव , पिता–स्व0 बन्दे उराँव<br>3. ग्राम–बालू , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गर्दन पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–357/24<br>2. आवेदक–मो0 शकील जैदी , पिता–मो0 युसूफ<br>3. ग्राम–जामा मस्जिद रोड बालूमाथ,पोस्ट–बालूमाथ,थाना–बालूमाथ, प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर पर जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–358/24<br>2. आवेदक–संतोष कुमार सिन्हा , पिता–कृष्णा सिंन्हा<br>3. ग्राम–बालूमाथ , पोस्ट–बालूमाथ, थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें घुटने पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–359/24<br>2. आवेदक–सरिता देवी , पति–महावीर उरांव<br>3. ग्राम–धाधो , पोस्ट–मैंसादोन, थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–360/24<br>2. आवेदक–बाबू लाल भगत , पिता–स्व0 रूपनारायण भगत<br>3. ग्राम–बनियो झाबर , पोस्ट–बालूमाथ, थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–361/24<br>2. आवेदक–हिरा बाबू उराँव, पिता–जगरनाथ उरांव<br>3. ग्राम–बनियो झाबर , पोस्ट–बालूमाथ, थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–20 वर्ष , पहचान चिन्ह–होठ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 56. | 1. आवेदन क्र0–362/24<br>2. आवेदक–बालेश्वर उराँव, पिता–स्व0 चैतु उरांव<br>3. ग्राम–बनियो झाबर , पोस्ट–बालूमाथ, थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–नाक पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0–363/24<br>2. आवेदक–भुनेश्वर गंझू , पिता–स्व0 बासुदेव गंझू<br>3. ग्राम–हाथडीह , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने कान के पास का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–364/24<br>2. आवेदक–सुमेश्वर उराँव , पिता–स्व0 भैरो उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें आँख के पास तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0–365/24<br>2. आवेदक–विसुन उराँव , पिता–रति उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 60. | 1. आवेदन क्र0–366/24<br>2. आवेदक–ठिकेदार उराँव , पिता–स्व0 लैला उराँव<br>3. ग्राम–बालू , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष , पहचान चिन्ह–माथे पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 61. | 1. आवेदन क्र0–367/24<br>2. आवेदक–मंगल देव उराँव , पिता–स्व0 शनि उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 62. | 1. आवेदन क्र0–368/24<br>2. आवेदक–शिबू उराँव , पिता–युकदेव उराँव<br>3. ग्राम–गाड़ी सरांगी टोला , पोस्ट–बरियातु , थाना–बरियातु , प्रखण्ड–बरियातु<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर पर जखम का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 63. | 1. आवेदन क्र0–369/24<br>2. आवेदक–ईश्वर उराँव , पिता–स्व0 प्रेम उराँव<br>3. ग्राम–बसिया , पोस्ट–बालूमाथ, थाना–बालूमाथ, प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 64. | 1. आवेदन क्र0–370/24<br>2. आवेदक–भोला उराँव , पिता–स्व0 लाला उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ, प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–80 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने आंख के बगल तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 65. | 1. आवेदन क्र0–371/24<br>2. आवेदक–चन्द्रलाल उराँव , पिता–स्व0 लल्लू उराँव<br>3. ग्राम–बालू , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ, प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने पैर पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 66. | 1. आवेदन क्र0–372/24<br>2. आवेदक–सरयू उराँव , पिता–सोभा उराँव<br>3. ग्राम–बचरा , पोस्ट–डाढ़ा , थाना–बरियातु , प्रखण्ड–बरियातु<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 67. | 1. आवेदन क्र0–373/24<br>2. आवेदक–सुखदेव उराँव , पिता–सूरजा उराँव<br>3. ग्राम–सुइयाटोला , पोस्ट–बारिखाफ , थाना–बरियातु , प्रखण्ड–बरियातु<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

| (भुवनेश्वर महतो)<br>सदस्य | (नरसिंह मुर्मू)<br>सदस्य | (दुर्गा उराँव)<br>अध्यक्ष |
|---|---|---|

PR 336682 (Home) 24-25 (D)

# परिवर्तन यात्रा को लेकर भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित, हेमन्त सरकार की नाकामियों का खुलेगा पिटारा

## परिवर्तन यात्रा में दिग्गज-दिग्गज नेता करेंगे शिरकत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी का परिवर्तन यात्रा के निमित्त गांधी मैदान सिमडेगा में 25 सितम्बर, दिन बुधवार को विशाल जनसभा का आयोजन होगा। अनुमंडल पदाधिकारी सुमंत तिर्की एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार ने गांधी मैदान पहुंच विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम के रूपरेखा से संबंधित पार्टी के कार्यकर्ताओं से जानकारी ली। विधि-व्यवस्था संधारण हेतु कार्यक्रम स्थल पर कार्यपालक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी तथा पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक तथा जिला प्रभारी बबन गुप्ता के द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर परिवर्तन यात्रा की तैयारियों का निरीक्षण किया गया। जिला महामंत्री सह सिमडेगा विधानसभा कार्यक्रम प्रमुख दीपक पूरी ने बताया कि सिमडेगा गांधी मैदान तथा कुरडेग प्रखंड के माईकल किंडो स्टेडियम के जनसभा में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, छत्तीसगढ़ के मंत्री केदार कश्यप, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व राज्य सभा सांसद समीर उराँव, हटिया के विधायक नवीन जायसवाल सहित पार्टी के माननीयों का आगमन होगा, जो जनसभा को संबोधित करेंगे। जिला महामंत्री सह कोलेबिरा विधानसभा कार्यक्रम प्रमुख मुकेश श्रीवास्तव ने बताया कि कोलेबिरा में आयोजित जनसभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल एंटनी, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व राज्य सभा सांसद समीर उराँव का आगमन होगा, जो जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में सत्ता परिवर्तन तय है। जनता हेमन्त सरकार के रवैये से तंग आ चुकी है। गठबंधन की सरकार केवल वोट बैंक की राजनीति करती है। जिला महामंत्री दीपक पूरी ने बताया कि वर्तमान हेमन्त सरकार के निक्कमेपन और नाकारापन के चलते झारखंड की जनता त्रस्त हो चुकी है। जनता में हेमन्त सरकार के प्रति आक्रोश है। इसी को लेकर पूरे झारखंड प्रदेश में भाजपा के द्वारा परिवर्तन रथ यात्रा शुरू किया गया है। 24 सितम्बर को परिवर्तन रथ यात्रा सिमडेगा जिला के बानो प्रखंड में प्रवेश करेगी, जंहा रोड शो होगा और कोलेबिरा में आकर जनसभा का आयोजन होगा। माननीय अतिथियों के द्वारा हेमन्त सरकार की नाकामियों को जनता को बताया जाएगा। 25 सितम्बर को सिमडेगा गांधी मैदान में विशाल जनसभा का आयोजन होगा। गांधी मैदान में जनसभा समाप्ति के उपरांत परिवर्तन रथ यात्रा सिमडेगा होते हुए ठेठईटांगर में रोड शो करेगी। इसके उपरांत बोलबा तथा केरसई में रोड शो करते हुए कुरडेग प्रखंड के माईकल किंडो स्टेडियम में जनसभा का आयोजन होने के पश्चात सिमडेगा जिला में परिवर्तन रथ यात्रा का समापन होगा।

## केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ मनाया गया काला दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ए आई सी सी टी यू लोहरदगा के तत्वावधान में सेन्ट्रल ट्रेड यूनियनों एवं स्वतंत्र फेडरेशनों के संयुक्त मंच के निर्णयों के आलोक में समाहरणालय लोहरदगा के समक्ष इक्युलिप्टस मैदान में कार्पोरेट निर्देशित केन्द्र सरकार की मजदूर विरोधी तथा 04 लेबर कोड के खिलाफ देश व्यापी काला दिवस महेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में मनाया गया। श्री सिंह ने चार लेबर कोड की खामियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि न्युनतम मजदूरी में कमी, काम के घंटे में बढ़ोतरी, सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था में कमी, काम करने की स्थिति में मैनेजमेंट की मनमानी, संगठन बनाने पर रोक, सामूहिक समझौते से मालिकों को सरकार के द्वारा छूट, हक नहीं मिलने पर भी हड़ताल पर रोक आदि सरकार के द्वारा मैनेजमेंट का पक्ष लेने में सहयोग कर रही है,जो सरासर अन्याय है। मनमाने कार्य एवं वेतन-भत्ते में कमी करने पर श्रम विभाग का निरीक्षण आवश्यक है।04 लेबर कोड द्वारा कानूनी-अधिकारों को खत्म करने की साजिशों का खिलाफत अतिआवश्यक है। देश व्यापी काला दिवस में-मजदूर विरोधी काला कोड वापस लो, काला कानून नहीं चलेगा, दुनिया के मजदूरों एक हो, मजदूर एकता जिन्दाबाद आदि नारा लगा रहे थे। कार्यक्रम में काफी संख्या में मजदूर शामिल थे।

## इंद्रजीत कुमार ने हिंदी सप्ताह पर आयोजित विविध प्रतियोगिताओं में आए विजेताओं को किया सम्मानित



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिको, कुरु, लोहरदगा में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमे प्रतिदिन विविध प्रकार की हिंदी की जानकारियां, हिंदी चलचित्र, और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा हिंदी की महान विभूतियों के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।आयोजित प्रतियोगिताओं में अभिनय निरूपण जिसमे तृतीय स्थान मन्नू भंडारी का व्यक्तित्व जीवंत किया मारिया प्रवीन ने,द्वितीय कृष्णा सोबती का अभिनय अंशु खलखो द्वारा, प्रथम स्थान मीराबाई का जीवंत अभिनय करने वाली अंकिता साक्षी को मिला,स्वरचित हिंदी कविता पाठ में तृतीय स्थान रानी, द्वितीय स्थान कुंदन कुमार, प्रथम स्थान अमित अंबर को मिला, हिंदी शब्द और हिंदी प्रयुक्त गीत अन्त्याक्षरी प्रतियोगिता में अंकिता साक्षी, यशोदा, विराजनी, कुंदन, दिलेश्वर समूह विजेता रहे, सभी को आकर्षक वस्त्र, डायरी, आदि उपहार स्वरूप सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा प्रदान किया गया। निर्णायक की भूमिका रेणुका महतो द्वारा निभाई गई, इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, आफताब, पंकज, ममता, कुंदन, जंगबहादुर, शशि, शिव, मनु चिनिवास, प्यारी, तबस्सुम, आदि उपस्थित रहे। हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने, हिंदी साहित्य से परिचय कराने आदि को यह सप्ताह समर्पित रहा।

## एनडीए झारखंड में प्रचंड जीत दर्ज करेगी : चिराग पासवान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पलामू जाने के क्रम में कुडू बस स्टैंड में लोजपा सुप्रीमो चिराग पासवान का आजसू पार्टी के लोहरदगा विधानसभा प्रभारी सह केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत एवं केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। इसी क्रम में आजसू के कार्यकर्ताओं से वार्ता करते हुए चिराग पासवान ने कहा की एनडीए प्रचंड बहुमत के साथ झारखंड में सरकार बनाएगी और भ्रष्ट हेमंत सरकार को उखाड़ कर दम लेगी। इसमें एनडीए के बड़े से बड़ा नेता एवं कार्यकर्ता दिन-रात एक लगे हुए हैं तथा जनता के जा कर।इस नाकाम गरीब विरोधी सरकार की जन विरोधी नीतियों को उजागर कर रहे हैं।अब यह सरकार ज्यादा दिन नहीं चलेगी इसकी उम्र खत्म हो गई है। इन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा की झारखंड निर्माण जिस सोच के साथ हुआ था। वह अभी तक अधूरा है। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी ने यह राज्य बिहार से अलग कर इसको विकसित राज्य की श्रेणी में लाने का सपना देखा था। परंतु आज बिहार को लूट खसोट कर बर्बाद करने वालों के हाथों में झारखंड चली गई है ।बिहार के बाद यह झारखंड को बर्बाद कर रहे हैं। अब इनकी मनमानी नहीं चलेगी। एनडीए की सरकार बनेगी और राज्य का समुचित विकास किया जाएगा। उनके स्वागत में नीरू शांति भगत एवं लाल गुडडू नाथ शाहदेव के साथ साथ उपाध्यक्ष आशीष साहू, अनुसूचित जनजाति जिला अध्यक्ष विजय उरांव, कूडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, सचिव परमेश्वर महतो, जावेद खान, किशोर सिंह, विपिन सिंह, कॉल सिमरी पंचायत अध्यक्ष शकील रहमान, आयुष मेहता आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा कोलेबिरा प्रखंड कमेटी का हुआ गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता रीतेश कुमार सिंह ने की। जिला अध्यक्ष सुमन कुल्लू, जिला महासचिव अमर समद और जिला कोषाध्यक्ष आह्लाद केरकेट्टा ने प्रखंड कमिटी का गठन किया। प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद साहू, उपाध्यक्ष सुभाष सिंह, सचिव प्रकाश प्रधान सिंह, सह सचिव मतियास केरकेट्टा, संगठन सचिव सेवक सिंह, मीडिया प्रभारी लाल कृष्णा सिंह और अन्य सदस्यों का चयन किया गया। जिला अध्यक्ष ने पार्टी विस्तार और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए लोगों से एकजुट होने का आह्वान किया। सुमन कुल्लू ने कहा कि पार्टी झारखंड के विकास और लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए काम करेगी। उन्होंने लोगों से पार्टी के नीतियों और सिद्धांतों के प्रति समर्थन करने का आग्रह किया। बैठक में लीलावती देवी, अनिल सिंह, बिनोद डुंगडुंग, सुखदेव संकर सिंह, सुदर्शन सिंह और मनोज कुमार सिंह सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित थे। इस गठन से पार्टी की कोलेबिरा प्रखंड में मजबूती बढ़ेगी और आगामी चुनाव में पार्टी की जीत के लिए मजबूत आधार तैयार होगा।

## तिसिया में हिंडॉल्को कंपनी से शिक्षा स्वास्थ्य व रोजगार की मांग को लेकर ग्राम सभा का हुआ आयोजन



**किस्को-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाखर पंचायत के तिसिया बाजार में पाखर पंचायत के मुखिया फुलमनी देवी व पाखर विकास समिति के द्वारा ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा के माध्यम से बिकेबी बालाजी पाखर माइंस में पाखर पंचायत के लोगों को पाखर बॉक्साइट माइन्स में रोजगार दिलाने से संबंधित चर्चा की गई। पाखर बॉक्साइट माइन्स में सैकड़ो लोग बाहर से आकर काम कर रहे हैं और पाखर पंचायत के एवं माइंस के प्रभावित गांवों के लोग बेरोजगार हैं। पाखर बॉक्साइट माइंस से बाहरी लोगों को हटाकर स्थानीय लोगों को बहाल कराने, माइंस में कम से कम 300 नये मजदूर को बहाल करने, माइंस में काम कर रहे मजदूरों को प्रतिदिन 1100 रुपया वेतन देने, ड्राइवर हेल्पर मुंशी फोरमैन आदि पदों पर स्थानीय लोगों को बहाल करने, बॉक्साइट का ट्रांसपोर्टिंग एवं रेजिंग पंचायत के लोगों को दिलाने, ट्रक मालिको को अविलंब ट्रांसपोर्ट नंम्बर देने, पाखर पंचायत में इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने, यातायात के लिए दो और बस की माँग की गई। वही डिएमएफ़टी फण्ड पाखर पंचायत में देने, स्वास्थ्य केंद्र सीएसआर से पंचायत में विकास योजना का कार्य कराया जाए खोलने, व अन्य कई माँग ग्राम सभा के माध्यम से रखी गई। मौके पर मुखिया ने कहा कि लोगो को उनका अधिकार दिलाना उनका मुख्य उद्देश्य है। ग्राम सभा मे कहा गया कि इन सभी मांगों पर 2 सप्ताह के अंदर विचार करते हुए माँग को पूरा की जाए अन्यथा बॉक्साइट धुलाई बंद किया जाएगा। मौके पर मुखिया फुलमनी देवी, बिरेंद्र उरांव, पंचायत समिति सदस्य, राजेन्द्र यादव, रंथू उरांव, राजू गुप्ता, बुदु उरांव, चारो भगत, बारीक अंसारी, आनंद बैठा, उदय राय व ग्रामीण मौजूद रहे।

## झारखंड में घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं : सचिन कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 257 बूथ मैं नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू के द्वारा बैठक की गई जिसमें सर्वसम्मति से 257 बूथ अध्यक्ष बलदेव साहू को बनाया गया। सचिव अजय साहू, बी.एल.ए.2 प्रभु साहू, युवा प्रमुख कुश साहू, महिला प्रमुख प्रियंका साहू, मन की बात प्रमुख नेहा देवी, पलक, रामदेव साहू, लाभार्थी प्रमुख सुषमा देवी, प्रभावशाली वोटर प्रमुख विश्वनाथ साहू। को बनाया गया। नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आगमन 27 सितंबर को 1:00 बजे समरहाणालय मैदान में हो रहा है आप सभी इस कार्यक्रम में आमंत्रित हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में बाबूलाल मरांडी की अगुवाई में बनने वाली सरकार झारखंड का विकास की स्तंभ माना जाएगा। आज जिस तरह से हेमंत सरकार के द्वारा भ्रष्टाचार, अवैध घुसपैठिया का हब बन चुका है जिसे जनता समझ चुकी है। आगामी चुनाव में हेमंत सरकार को दूर-दूर तक कोई नजर नहीं आएगा। और आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार राज्य में स्थापित होगी।इस मौके पर उपस्थित संकल्प पत्र अभियान संयोजक सत्यम कुमार, रोशन कुमार, अनुभव कसकर, मनीष गुप्ता, दुर्गा गुप्ता, मनोज कुमार के साथ अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मानसा रानी के नेतृत्व में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 2024, के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सफाई अभियान के अंतर्गत सेन्हा प्रखंड के बरही चौक में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मानसा रानी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से आदित्य कुमार साहू, तोड़ार पंचायत मुखिया शोभा देवी सहित अन्य सदस्य के द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के बाद सभी ने मिलकर शपथ लिया मौके पर उपस्थित आदित्य कुमार साहू ने कहा गंदगी के कारण लाखों लोग आज बीमारी से जूझ रहे हैं इसलिए हम सबों को मिलजुल कर लोगों को जागरूक करना होगा और हमारा गांव को स्वस्थ और गंदगी को दूर भगाना होगा। मौके पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मनसा रानी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के स्वस्थ भारत अभियान को सफल बनाना है और आज हर घर में शौचालय की व्यवस्था की गई है एवं नल से जल की व्यवस्था की गई है ताकि लोग इधर-उधर ना भटके। तोड़ार पंचायत मुखिया शोभा देवी ने कहा कि अपने पंचायत के जितने भी गांव आते हैं उसे सफाई रखने का संकल्प लेता हूं जिससे आने वाले भविष्य में बीमारी से ग्रसित ना हो लोग। मौके पर उपस्थित अनीता देवी जलसहिया, बसंती देवी स्वस्थ सहीया, खदीजा बैगन, संगीता देवी, नीता लकड़ा, आभा देवी, आकाश, नवनीत, पंकज, सुनील, अनिल, अभिषेक आदि लोग मौजूद थे।

## जय श्री राम समिति के अध्यक्ष बने सुनील अग्रवाल, महामंत्री प्रदीप साहू, कोषाध्यक्ष बिक्की कसेरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** हिंदूवादी संगठन जय श्रीराम समिति का चुनाव खेमराज स्मृति भवन में मतदान की प्रक्रिया शाम 3 बजे तक जारी रही, जबकि शाम 5 बजे मतों की गणना शुरु की गई। बता दें कि अध्यक्ष पद के लिए दो दावेदार मैदान में व महामंत्री में चार दावेदार, कोषाध्यक्ष में दो दावेदार मैदान में थे। जानकारी के अनुसार जय श्रीराम समिति के चुनाव में मतदान के लिए वहीं प्रक्रिया अपनाई जा रही है जो विधायक या सांसद के चुनाव में अपनाई जाती है। इस चुनाव में वोट डालने के लिए सदस्यों को आधार कार्ड या सदस्यता कार्ड दिखाना अनिवार्य है। जय श्रीराम समिति मुख्य चुनाव अधिकारी सह पूर्व विधायक रमेश उरांव ने बताया कि हजारों हजार सदस्य जय श्रीराम समिति के चुनाव में वोट किया। इनकी सुविधा के लिए 2 काउंटर बनाए गए हैं। चुनाव प्रभारी सुषमा सिंह ने बताया कि मत डालने के लिए सदस्यता कार्ड या आधार कार्ड दिखाना होगा व कैमरे की निगरानी में मतदान प्रक्रिया हो रहा है।बता दें कि सात साल बाद हो रहे जय श्रीराम समिति की चुनाव प्रक्रिया में सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी रखी जा रही है। इसके अलावा पुलिस बल की तैनाती गई है। 18 साल पुरानी समिति के चुनाव के लिए 15 लोगों का पैनल भी बनाया गया है। मतदान की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए चार कैमरे लगाए गए हैं,अध्यक्ष पद के लिए इस बार सुनील अग्रवाल, अशोक साहू मैदान में आमने-सामने थे।

## डॉ. रामेश्वर उरांव द्वारा लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में लगाया जा रहा है 25 हाईमास्ट एवं 500 सोलर लाइट



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के आदेश पर जरेडा द्वारा लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में 25 हाई मास्क लाइट एवं 500 सोलर लाइट लगाया जा रहा है जिसकी सूची तैयार कर ली गई है जल्द ही लोहरदगा क्षेत्र मंत्री डॉ रामेश्वर राव के अथक प्रयास से अंधेरे से निजात पाएगा एवं क्षेत्र प्रकाशमान हो पाएगा। माननीय मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने बताया कि इससे पहले लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में सांस्कृतिक स्थल अखाड़ा पर सैकड़ो सोलर लाइट लगाए गए हैं। इसके साथ-साथ अब विभिन्न जरूरतमंद क्षेत्रो में सोलर लाइट लगाया जाएगा इससे बिजली की बचत के साथ-साथ पर्यावरण को नुकसान से काफी हद तक बचाए रखने में मदद करता है इससे शहर एवं गांव की गलियां भी दूधिया रोशनी से जगमग होगा।

## व्यवस्था से नाराज दर्जनों ग्रामीणों ने थामा झापा का दामन : एनोस



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वर्तमान जनप्रतिनिधि और सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कुरडेग प्रखंड के दर्जनों लोग झापा के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का के घर पहुंचे। सभी ग्रामीणों ने चुनाव में बदलाव का संकल्प लेते हुए झारखंड पार्टी को जीत दिलाने की बात कही। सभी लोगों ने पार्टी के साथ जुड़कर काम करने बात कही। इसके बाद झापा नेताओं ने दुपट्टा पहना कर सभी का पार्टी में स्वागत किया। पूर्व मंत्री एनोस एक्का, आईरिन एक्का, प्रखंड अध्यक्ष आनंद इंडरूस, प्रदीप टोप्पो आदि ने सभी का स्वागत किया। मौके पर रसिम लकड़ा, सफिरा तिग्गा, सुनील लकडा, पुस्पा कुजूर, इलाजाबेथ कुजूर, सुशीला लकड़ा, रोशनी बाड़ा, प्रीति खलखो, अनिमा लकड़ा, सुभिला मिंज, सुषमा तिग्गा, ग्लोरिया लकड़ा,अर्चना लकड़ा, अब्यानी तिर्की, नीलिमा कुजुर, प्रेमा तिर्की सहित कई लोगों ने झापा का दामन थामा।

## झारखंड निर्माण के पुरोधा शहीद विनोद बिहारी महतो हमारे दिलों में है : नीरु शांति भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड के अंबेडकर कहे जाने वाले झारखंड निर्माण के पुरोधा शहीद विनोद बिहारी महतो जी की 101 वीं जयंती कुडू बस स्टैंड के नजदीक मनाई गई ।शहीद विनोद बिहारी महतो जी को याद करते हुए माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि दी गई, लोगों ने उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनकी दूरदर्शी सोच और कुशल नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा जैसे पार्टी का गठन किया और झारखंड अलग राज्य आंदोलन को एक नई धार दी तीन बार विधायक और एक बार सांसद रहते हुए इन्होंने बिहार विधानसभा में और लोकसभा में झारखंड राज्य के लिए हमेशा आवाज बुलंद किया। और क्षेत्र में आंदोलन को नई ऊंचाइयों पर ले गए इनके कर्मठता के कारण ही झारखंड राज्य आंदोलन सशक्त हो पाई और आंदोलन तेज होते हुए चरम पर पहुंच पाया था। इन्होंने झारखंड के लिए अपना सर्वस्व त्याग किया। पूरे झारखंड आंदोलन के दौरान इनका कुशल नेतृत्व देखने को मिला। जिसमें आज के झारखंड राज्य के हर एक क्षेत्र से लोग जुड़ते गए और आंदोलन मजबूत होता चला गया। झारखंड अलग राज्य का इनका सपना साकार हुआ परंतु तब तक यह दुनिया छोड़ चुके थे। इसलिए इनका बलिदान सर्वोत्तम और सर्वस्व बलिदान है। हमें ऐसे बलिदानियों की आज फिर से आवश्यकता है। जिससे सशक्त राज्य का निर्माण हो सके। आजसू पार्टी उनके सपनों को साकार करने की पुरजोर कोशिश करेगी एवं आंदोलनकारीयों के बताएं रास्तों पर चलने की कोशिश करेगी। जिस सोच के साथ झारखंड लड़ कर लिया गया। उस सोच को फिर से जिन्दा करने की आ सकता है जो आजसू पार्टी करने की कोशिश करेगी। इस कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में झारखंड आंदोलनकारी लोहरदगा के पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की पत्नी एवं लोहरदगा विधानसभा प्रभारी आजसू पार्टी के नीरू शांति भगत, केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव जिला उपाध्यक्ष शशि साहू, अनुसूचित जनजाति जिला अध्यक्ष विजय उरांव, कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, सचिव परमेश्वर महतो, जावेद खान, किशोर सिंह, विपिन सिंह, कॉल सिमरी पंचायत अध्यक्ष शकील रहमान एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राजेंद्र महतो ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर कैरो मे ग्रामीण के बीच अच्छ्त वितरण कर दिया आमंत्रण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** देश के सर्वाधिक लोकप्रिय मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी जी के 27 सितंबर को लोहरदगा समाहणालय मैदान मे आगमन को लेकर कैरो भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र महतो एवं जिला मंत्री कैलाश महतो के अगुवाई मे प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गाँवो, मुह्लो मे डोर-टू-डोर अच्छ्त वितरण कर युपी के मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी जी के लोहरदगा आगमन पर कार्यक्रम मे भाग लेने हेतू लोगों को दिया न्योता। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र महतो ने प्रखंड के गुड़ि पंचायत के गुड़ि, नगड़ा, चिपो आदि गाँवो के मुह्लों मे लोगो के बीच जाकर अच्छ्त देते हुए कहा कि आप सभी युपी के विकासपुरुष मुख्यमंत्री योगी जी के कार्यक्रम मे भाग लेकर झारखंड से आगामी विधानसभा चुनाव मे झामुमो, कांग्रेस, और राजद की महाठगबन्धन की सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें। महाठगबन्धन की सरकार में जितनी भी परीक्षाएं हुई सभी परीक्षा मे प्रश्न पत्र का परीक्षा से पहले ही सील टुट जाता है 22 सितंबर को जेएसएससी की परीक्षा हजारीबाग के एक परीक्षा केंद्र मे एक ताजा उदाहरण है, भ्रष्ट सरकार के कार्यकाल मे युवाओं का भविष्य अंधकारमय है,आनेवाला विस चुनाव मे राज्य के युवा इसका करारा जबाब देंगे और महाठगबन्धन की सरकार को उखाड़ फेकेंगे एक बार फिर से राज्य मे डबल इंनजन की सरकार पुर्ण बहुमत के साथ बनेगी और राज्य में युवाओं, महिलाओं, किसानों को रोजगार के तलाश में भटकना नहीं पड़ेगा। इस अवसर पर अच्छ्त वितरण सह आमंत्रण कार्य में अनेको भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## योगी आदित्यनाथ के आगमन पर अक्षत वितरण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ : सचिन कुमार साहू

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लोहरदगा आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा नगर में अक्षत वितरण कर नगर के वासी को निमंत्रण दिया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा कि 27 सितंबर को 1:00 बजे समरहाणालय मैदान में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बॉक्साइट की नगरी लोहरदगा में आगमन हो रहा है। जिसमें आप सब सादर आमंत्रित है। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू, भाजपा संकल्प पत्र नगर संयोजक सत्यम कुमार, बुथ अध्यक्ष मनीष साहू, बूथ सचिव दुर्गा साहू, राहुल साहू, आरती देवी, दिनेश साहू, राजेश साहू, नीरज कुमार, अभिषेक वर्मा, नरेंद्र साहू, प्रभु साहू, विनोद साहू, पिंटू साहू, सूरज साहू, वीरेंद्र साहू, वासुदेव साहू, आशीष गुप्ता, सीता साहू, संध्या कुमारी, रजनी देवी, मोहन राज, साहिल करवा, प्रीतम, किरण देवी, बबली कुमारी, रीता देवी, कलावती देवी, सिमरन कुमारी के अन्य लोग उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### 24 को झारखंड आएंगे पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी 24 सितंबर को धनबाद जिले के सिंदरी के बलियापुर स्थित हाई स्कूल मैदान में सुबह 10:30 बजे परिवर्तन यात्रा महासभा को संबोधित करेंगे। वे बलियापुर से बिरसा ब्रिज तक आयोजित रोड शो में दोपहर 12 बजे हिस्सा लेंगे। अधिकारी चंदनक्यारी के चांदीपुर फुटबॉल मैदान में आयोजित परिवर्तन यात्रा जनसभा को दो बजे संबोधित करेंगे। इसके बाद 3:00 बजे से बांग्ला भाषी बुद्धिजीवियों के साथ चंदनक्यारी में बातचीत करेंगे। वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 24 सितंबर को सुबह दस बजे खूंटी जिले के तोरपा स्थित ब्लॉक मैदान में परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे। मरांडी सिमडेगा जिले के कोलेबिरा स्थित कॉलेज मैदान में तीन बजे से आयोजित परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे।

### राहुल चाहते हैं कि सिख अपने देश के खिलाफ दोबारा हथियार उठा लें: रवनीत सिंह बिट्टू

**जयपुर :** रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को सोमवार को जयपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाए। बिट्टू सोमवार को जयपुर में एक शूटिंग चैंपियनशिप कॉम्पिटिशन का उद्घाटन करने आए थे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में एक बार फिर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पप्पू हैं या बहुत ही शैतान शातिर आदमी हैं। राहुल चाहते हैं कि सिख अपने देश के खिलाफ दोबारा हथियार उठा लें। उनके अंदर ये बीज बोया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में सिख को झुककर सरदार जी कहकर संबोधित किया जाता है। मुझे नहीं लगता कि किसी को ये सम्मान मिलता है। वो चीज ये खत्म करना चाहते हैं। ये आग में घी डालने का काम रहे है। चाहे वो किसानों का आंदोलन हो या हरियाणा में इलेक्शन हो। बिट्टू ने विरोध कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को लेकर कहा कि उन्हें तकलीफ करने की जरूरत क्यों है। मेरे पास आ जाते, मैं उनको खुद बुला लेता। वो आकर मेरे साथ बात करें। मैं तो उनमें से ही आया हूं। मेरे से ज्यादा वो राहुल गांधी के बारे में नहीं जानते हैं। मैं तो 15 साल उनके साथ रहा। उनका तीन बार जीता हुआ एमपी था। तब उन्हें छोड़कर आया हूं। मेरे से ज्यादा राहुल गांधी को कौन जानता है। बिट्टू ने कहा कि मुझे देश में पगड़ी नहीं बांधने दी जा रही। मुझे देश में कड़ा नहीं पहनने दिया जा रहा। मैं गुरुद्वारा नहीं जा सकता। आप मुझे बताओ, ये कहना कोई अच्छी बात है। आप क्यों माइनॉरिटी को बार-बार छेड़ रहे हैं। वायुसेना जिनके अंदर है, वो पगड़ी बांधते हैं। सीआईएसएफ के डीजी एक पंजाबी सिख हैं। इनके अंदर में एयरपोर्ट, मेट्रो और संसद की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। राहुल गांधी को भी उनसे होकर जाना है। मैं भी एक सिख हूं। आपके सामने बैठा हूं। इस तरीके की बात करना वो भी अमेरिका में जाकर इसका मतलब क्या है। बिट्टू ने कहा कि राहुल गांधी के परिवार ने दरबार साहिब पर हमला किया। दरबार साहिब को छलनी किया, फिर भी राहुल गांधी दरबार साहिब पर मत्था टेकने पगड़ी बांधकर जाते हैं। उनको कौन रोक रहा है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी मुझे ये बताए कि सिखों को कौन रोक रहा है। कोई प्रूफ तो दें कि इस सिख को गुरुद्वारा जाने से रोका है।

# सक्षम के परिवार को तत्काल मिले मुआवजा : अरुणा

### पूरे व्यवसाई जगत में शोक : चेंबर अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** तीन दिनों से खोज चल रही बाजार के व्यवसाई बलि साहू के पोते बंटी के बेटे सक्षम का बॉडी अंततः सिंगरा से मिल गया। तीन दिन हो जाने के कारण बॉडी फुल चुका था।

इस पूरी घटना पर सक्रिय रूप से लगे चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर को जैसे ही पता चला कि बॉडी मिल गई है। तुरंत उन्होंने निगम से शव वाहन को भेज कर बॉडी को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया और आरक्षी अधीक्षक पलामू से बात कर अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि बॉडी को रांची पोस्टमार्टम हेतु ना भेजी जाए। उसे यही पोस्टमार्टम करा कर बॉडी को परिजनों को दे दी जाए। जिस पर आरक्षी अधीक्षक ने कहा कि अगर डॉक्टर यहां पोस्टमार्टम कर सकते हैं तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है द्य श्री शंकर ने सांसद वीडी राम से अनुरोध किया। डॉ राजीव रंजन से बात कर पोस्टमार्टम यही कर दी जाए। वही प्रथम महापौर अरुणा शंकर सक्षम के घर जाकर अपनी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि हमारे शहर के लिए और राज्य के लिए दुखद बात है।

इतनी बड़ी घटना तीन दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन गोताखोर नहीं बुला सकी। वहीं बाजार के व्यवसाययों में काफी रोष है। व्यवसाईयों ने कहा कि अगर आनंद शंकर एवं प्रथम महापौर अरुणा शंकर जो हम सबों के दुख सुख के साथी हैं, नहीं होते और अगर अपने निजी खर्चे से दाउदनगर से गोताखोर



नहीं बुलाए होते तो हम सबों के पास हाथ पर हाथ रखे रहने के अलावे कोई विकल्प नहीं होता। सभी व्यवसाईयों ने आनंद शंकर एवं प्रथम महापौर अरुणा शंकर को इस सहयोग के लिए भूरी भूरी प्रशंसा की। प्रथम महापौर ने उपायुक्त पलामू से अनुरोध किया है कि सक्षम के मां-बाप आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आते हैं।

उन्हें सरकार की ओर से मिलने वाली चार लाख की राशि तुरंत दी जाए। क्योंकि अब उनका इकलौता पुत्र जो इस परिवार का सहारा था अब नहीं रहा। प्रथम महापौर ने इस पूरे घटना में विशेष रूप से सहयोग करने वाले चेंबर के पदाधिकारी विक्रांत सिंघानिया एवं वार्ड पार्षद लाल बाबू को इस दुख की घड़ी में पीड़ति परिवार को बढ़ चढ़कर सहयोग करने के लिए प्रशंसा की और राजा हरिशचंद्र घाट चेंबर व्यवस्था कमेटी को निर्देश दिया। इस बच्चे का अंतिम संस्कार मेरे खर्च से की जाए।

### अरुण कुमार झारखंड जदयू के सह प्रभारी बने

**रांची :** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने तत्काल प्रभाव से अरुण कुमार को झारखंड प्रदेश जदयू का सह प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने सोमवार को बताया कि इस संबंध में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आफ़ाक़ अहमद ख़ान ने अधिसूचना जारी कर दी है। अरुण कुमार पूर्व में भी झारखंड के सह प्रभारी रहे हैं। फिर से उनको सह प्रभारी बनाये जाने पर प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो, विधायक सरयू राय, पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, पूर्व विधायक कामेश्वर दास, जदयू नेता आफ़ताब जमिल, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, मधुकर सिंह, सागर कुमार, रेणु गोपीनाथ, उपेंद्र सिंह, अशोक शर्मा एवं अन्य ने उन्हें बधाई दी।

## गृह सचिव डाडेल को चुनाव कार्य से रखा जाय मुक्त : भाजपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्य चुनाव आयुक्त एवं उनकी टीम से राजनीतिक दलों के नेता मिले और अपनी अपनी बातों को रखा । इस संदर्भ मे प्रदेश भाजपा की तरफ से प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद एवं विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव को पार्टी के तरफ से पक्ष रखने के लिए अधिकृत किया गया था। राकेश प्रसाद ने बताया कि भाजपा ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के समक्ष घुसपैठिये की बात उठाई और कहा कि किसी हाल में घुसपैठिये मतदान न कर पाएं ये व्यवस्था हो, पाकुड़, राजमहल, बरहेट, महेशपुर, जामताडा, मधुपुर, मंझगाव, विशुनपुर, महगामा, गोड्डा, लोहरदगा, हटिया, मे कई बूथों पर मतदाता 123त्न तक बढ़ गए जबकि पांच वर्ष मे 15 से 17 त्न तक वृद्धि होती है , इसकी जांच आवश्यक है। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले चुनाव मे जिस प्रकार झंडा, बैनर, घर पर लगाने पर पूरे राज्य मे प्रशासन ने दादागिरी दिखाई थी की पूरे राज्य मे झंडा विहीन चुनाव हुआ तब ये लोकतंत्र का पर्व नहीं बल्कि डर का पर्व बन गया था। घरों मे झंडा के बारे मे इस बार प्रशासन को स्पष्ट निर्देश हो । दिव्यांगों के लिए रैंप, और बूथ पर पानी, शौचालय, आदि की व्यवस्था की मांग की गयी है।चुनाव के दौरान पैसे अगर पकड़े जाएं तो 72 घंटा मे अनुसंधान हो और प्रकाशित हो की किसका पैसा था किस पार्टी का था। विदेशी फंड का कुछ एन जी ओ विशेष पार्टी को मदद करने के लिए खर्च करती है ऐसे एन जी ओ का खाता चुनाव तक फ्रिज करने की मांग की गयी है। अर्द्ध सैनिक बल की प्रति नियुक्ति का नोडल ऑफिसर आईजी रैंक के अधिकारी से हो ताकि बलों का नियुक्त सही ढंग से हो। बूथ के बाहर जिस प्रकार टेबल रखने पर प्रशासन दबंगई दिखाता है वो बंद हो और बूथ के बाहर टेबल कुर्सी का स्थान का मार्किंग चुनाव आयोग खुद करे।

घोस्ट मतदाता का भी जांच होना जरूरी है। चुनाव एक चरण में हो इसकी मांग की गयी है क्योंकि अब उग्रवाद की समस्या मे काफी कमी आई है। बूथों पर अतिरिक्त ई वी एम रखने का भी मांग किया गया। बूथ पर अगर कोई मतदाता घायल हो जाए या मृत हो जाए तो उसका पुरा जिम्मेवारी चुनाव आयोग और राज्य सरकार ले क्योंकि मतदाता अपना मत देने चुनाव आयोग के कहने पर जाता है ये मांग भी की गयी। गृह सचिव वंदना डाडेल का कार्य और व्यवहार पिछले दिनों एक अधिकारी का नहीं बल्कि राजनीतिक पार्टी का कार्यकर्ता ऐसा रहा है उन्होंने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर मांग किया था की राज्य मे कृषि मंत्री शिव राज सिंह चौहान और असम के मुख्य मंत्री हिमंता विश्वशर्मा के झारखंड आने से तनाव फैल रहा है ।

## मेदिनीनगर सदर एसडीओ के पद पर सुलोचना मीणा ने दिया योगदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर सदर के अनुमंडल पदाधिकारी के पद पर युवा आईएएस सुलोचना मीणा ने सोमवार की शाम योगदान दिया। अनुमंडल पदाधिकारी के पद पर योगदान देने के बाद उन्होंने कहा कि मेदिनीनगर अनुमंडल क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। बता दें कि आईएएस सुलोचना मीणा राजस्थान के सवाई माधोपुर के आदलवाड़ा गांव की रहने वाली हैं. उनके पिता रामकेश मीणा रेलवे अधिकारी और मां गृहणी हैं. सुलोचना दो बहनों में बड़ी हैं. वह अपने कॉलेज के दिनों में नेशनल सर्विस स्कीम यानी एनएसएस की एक्टिव मेंबर रही हैं. आईएएस सुलोचना मीणा ने दिल्ली



यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है. उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी के मिरांडा हाउस कॉलेज से बॉटनी में ग्रेजुएशन किया है. वह सेल्फ स्टडी के महत्व को समझती हैं और सफलता के लिए उसे ही बेस्ट मानती हैं. उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी एक पोस्ट के कैप्शन में इस बात का जिक्र किया है. सुलोचना मीणा ने कॉलेज की पढ़ाई के साथ ही यूपीएससी परीक्षा की तैयारी भी शुरू कर दी थी. वह उन भाग्यशाली उम्मीदवारों में से एक हैं, जिन्होंने अपने पहले प्रयास में मात्र 22 साल की उम्र में सफलता हासिल कर ली. उन्होंने अपने पिता से वादा किया था कि उनकी बिटिया अफसर बनकर दिखाएंगी. उन्होंने आईएएस ऑफिसर बनकर उसी सपने को साकार कर दिखाया. यूपीएससी परीक्षा 2021 का रिजल्ट आते ही सुलोचना मीणा और उनके परिजनों का जोरदार तरीके से सम्मान किया गया था. उन्होंने ऑल इंडिया लेवल पर 415वीं तथा एसटी श्रेणी में 6वीं रैंक हासिल की है. पहले प्रयास में एसटी वर्ग में छठा स्थान प्राप्त कर सुलोचना ने सभी के लिए एक मिसाल कायम की है.

# कार्यकर्ताओं के बल पर यात्रा भव्य और सफल होगी : अविनाश वर्मा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** गत दिन लातेहार जिला अंतर्गत बालूमाथ प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के तत्वाधान में निकल जा रही परिवर्तन यात्रा की सफलता के लिए बैठक संपन्न की गई। तत्पश्चात परिवर्तन यात्रा में बतौर अतिथि सांसद सह फिल्म स्टार मनोज तिवारी और रवि किशन के द्वारा विशाल जनसभा को संबोधित किए जाने वाले स्थल का निरीक्षण किया गया।विदित हो कि झारखंड के सभी प्रमंडलों से निकली परिवर्तन यात्रा आगामी 25 सितंबर दिन बुधवार को लातेहार जिले के हेरहंज प्रखंड होते हुए बरियातू टमटम चौक से रोड शो करते बालूमाथ के जोगियाडिह के मैदान में पहुंचेगी। जहां पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के द्वारा एक विशाल जनसभा को संबोधित किया जाएगा।उक्त जनसभा के स्थल निरीक्षण के क्रम में लातेहार विधानसभा के प्रभारी सह



भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने यात्रा को यादगार बनाने के उद्देश्य से सभा में आने वाले लोगों की सुविधा के साथ चाक चौबंद सुरक्षा और सभा में हजारों लोगों की उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए वाहन पड़ाव की व्यवस्था भी सुव्यवस्थित ढंग से करने का सुझाव दिया। एवं जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने यात्रा और कार्यक्रम की सफलता के लिए सभा प्रभारी को पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी के द्वारा सहयोग करने पर जोर दिया। जबकि सभा प्रभारी सह पूर्व विधायक प्रकाश राम ने मौसम को देखते हुए पूरी व्यवस्था, लोगों की सुविधा और सुरक्षित मंच के साथ मानक अनुरूप हेलीपैड बनाने की बात कही, मौके पर उपस्थित जिला महामंत्री अमलेश सिंह ने सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफल होने की उम्मीद जताई। आज स्थल निरीक्षण के मौके पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, बालूमाथ मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, लातेहार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह यात्रा के भोजन प्रभारी अनिल सिंह, अमित कुमार, आरके गुप्ता, विष्णु वर्मा, त्रिवेणी साव, सुरेश गंजू, संजय गुप्ता, अशोक साहू, रामकुमार गुप्ता, विजय यादव, सोमनाथ मंडल, प्रदीप यादव, अशोक साहू, डाल्टनगंज निवासी नागेंद्र चौबे और आकाश वर्मा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।


### इंडी गठबंधन की एकता और मजबूती से भाजपा नेता भयभीत : राजद

**रांची :** राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि इंडी गठबंधन की एकता और मजबूती से भाजपा नेता भयभीत है। भाजपा नेताओं को झारखंड में हार का डर सता रहा है। भाजपा को अपने किए गए कार्यों पर इतना ही भरोसा और विश्वास है तो झारखंड में भाजपा के राष्ट्रीय नेता रात दिन पसीना क्यों बहा रहे है सिर्फ इसलिए कि झारखंड में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के जरिये कई उल्लेखनीय कार्यों से भाजपा नेताओं की नींद उड़ गई है। इससे भाजपा को अपने झारखंड के नेताओं पर भी विश्वास और भरोसा नहीं रहा है। इसलिए प्रधानमंत्री,गृह मंत्री, रक्षा मंत्री सहित कई केंद्रीय नेता झारखंड भ्रमण पर है। उन्होंने सोमवार को कहा कि तमाम सरीखे नेता केंद्र सरकार के जरिये किए गए कार्यों को नहीं बता कर सिर्फ और सिर्फ झारखंड सरकार एवं मुख्यमंत्री पर झूठा आरोप प्रत्यारोप लगाने का काम कर रहे है।

## संतान की दीर्घायु, सुखी और निरोगी जीवन के लिए जीवित्पुत्रिका व्रत 25 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** संतान की दीर्घायु, सुखी और निरोगी जीवन के लिए जीवित्पुत्रिका व्रत रखा जाता है। यह व्रत हर वर्ष आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रखा जाता है। सनातन संस्कृति में संतान की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना के लिए जितिया व्रत की पुरातन परंपरा रही है। बिहार और उत्तर प्रदेश में प्रचलित इस जितिया पर्व में माताएं पूरी एक तिथि निर्जला उपवास रखकर जीमूतवाहन की आराधना करती है। इस व्रत की शुरुआत एक खास और अनोखी परंपरा से होती है, जो व्रत से एक दिन पहले निभाई जाती है। मंगलवार को निर्जला व्रत शुरू करने से पहले सोमवार को महिलाओं ने परंपरागत मान्यताओं के अनुसार मडुआ की रोटी और मछली का सेवन किया। हर व्रती को माछ-मडुआ उपलब्ध हो, इसलिए यह मान्यता है कि जो जितना बांटता है, उसके संतान की



आयु में उतनी बढ़ोतरी होती है। मंगलवार सुबह सूर्योदय से पूर्व महिलाएं ओठगन (अल्पाहार) करके निर्जला व्रत की शुरूआत करेंगी। इस संबंध में पंडित राजदेव पाण्डेय बताते हैं कि पुराने जमाने में खाने की इतनी वैरायटी नहीं होती थी। मडुआ की खेती बड़े पैमाने पर होती थी और बरसात के मौसम में मछली आसानी से मिल जाती थी। इसलिए यह व्रत इन पौराणिक मान्यताओं और उस समय की भोजन संबंधी परिस्थितियों से जुड़ा है। उनका कहना है कि हमारे हिंदू धर्म में व्रत से पूर्व संतुलित आहार को बहुत महत्व दिया गया है। जितिया व्रत से पूर्व महिलाओं के खानपान का पूरा ध्यान रखा जाता है। इस संतुलित आहार के कारण लंबी अवधि तक शरीर को ऊर्जा मिलती है और गैस जैसी परेशानी से निजात मिलती है। मडुआ हर कोई भर पेट खा सकता है। मधुमह के मरीज भी यह भोजन ले सकते हैं। यही कारण रहा कि यह सबके लिए अनिवार्य किया गया है। वैसे वैष्णव संप्रदाय की महिलाएं आज के दिन मछली के बदले नौनी साग बनाती हैं।24 सितंबर मंगलवार की शाम 6⁓07 से अष्टमी का प्रवेश होगा जो बुधवार 25 सितंबर शाम 5⁓05 मिनट तक अष्टमी रहेगा। उसके बाद महिलाएं पारण कर सकती हैं। मिथिला पंचांग को मानने वाले 23 को माछ-मडुआ खाए। ओठगन तीन बजे सुबह कर लें। 24 सितंबर को व्रत करें और 25 को शाम 5⁓05 में पारण होगा। मंगलवार अहले सुबह से महिलाएं 35 घंटे का निर्जला उपवास रखेंगी।

# देश चलाने का उत्तम दस्तावेज है भारतीय संविधान : अविनाश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नगर निगम मेदिनीगर के बजराहा में भारतीय संविधान पाठ सह मूलनिवासी मेला में बतौर उद्घाटनकर्ता संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन सह झामुमो युवा नेता अविनाश देव शामिल हुए। मौके पर आयोजक रवि पाल ससम्मान उन्हें मुख्यमंच तक ले गए। वहीं दर्शक दीर्घा ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। अपने संबोधन में अविनाश देव ने कहा कि भारतीय संविधान देश चलाने का उत्तम दस्तावेज है। अतः इसका हर घर में पाठ करना अतिआवश्यक है।

आगे उन्होंने कहा कि भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, वोट का अधिकार, सूचना का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार बराबरी का अधिकार, अभिव्यक्ति का अधिकार, संपत्ति का अधिकार आदि इसी संविधान ने दिया है। समकालीन दौर में कुछ लोगों को यह अधिकार रास नहीं आ रहा है और संविधान बदलने की साजिश हो रही है। बड़ी हसरत व बड़े अरमान से अपने जन प्रतिनिधि को संसद में भेजा था, ताकि गरीब, मजदूर, किसान, शोषित, पीड़ति आदि के अधिकार पर कानून बनाकर उन्हें बराबरी के हक व अधिकार दिलाएंगे, पर वहां सेंगोल के पक्ष में वोटिंग करने लग रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि काबिल-ए-तारीफ है संविधान का पाठ और मूलनिवासी मेला, जिससे समाज में जागरूकता फैल रही है। अभी तक हम सभी गाय, गदहा, घोड़ा आदि पर ही निबंध लिखते आए थे, पर यहां बच्चों को निबंध प्रतियोगिता का विषय डॉ. अंबेडकर एवं उनके विचार पर मैं सफल प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार सात हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार पांच हजार रुपये एवं तृतीय पुरस्कार तीन हजार रुपये नगद देकर अभिभूत हूं।

### उपभोक्ताओं को जागरूक करने को लेकर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रांची :** राँची यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज डिपार्टमेंट ने सोमवार को मोराबादी मैदान में उपभोक्ताओं को जागरूक करते हुए उन्हें उनके अधिकारों के बारे में बताया तथा महिलाओं को मासिक धर्म से संबंधित कई अनेक महत्वपूर्ण बातों और योजनाओं के बारे में बताया और उन्हें जागरूक किया । डिपार्टमेंट के छात्र रिद्धि सान्याल, सुमित कौशिक, माधव राव,कुमार अक्ष, आंचल,अतुल वर्मा, आर्यन देव, प्रकीति सार्थक, सबा परवीन, रेहमा परवीन, जश्मिन परवीन, अंजली कुमारी, मुनमुन कुमारी, दीपशैली, खुशनुमा परवीन, मेहविश, सिद्धार्थ, वर्णिका द्विवेदी, ऋषभ राज,नूर मोहम्मद ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया तथा डिपार्टमेंट की प्राध्यापिका रिमझिम वैष्णवी ने भी इस नुक्कड़ नाटक में अपना पूरा समर्थन दिया ।

### विधायक ने 6 महत्वपूर्ण सड़क निर्माण योजना का किया ऑनलाइन शिलान्यास

# जनहित का ख्याल रखने वाला ही जनता का सच्चा प्रतिनिधि : कमलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने रविवार को हुसैनाबाद व हैदरनगर प्रखंड की छह महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इन सड़कों पर विगत दस वर्षो से कोई कार्य नहीं हुआ था।

ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी होती थी। सिमरसोत मोड़ पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन संबोधन किया। उन्होंने कहा कि जिन सड़कों का शिलान्यास किया गया उसमे जपला चौबे आंगनबाड़ी केंद्र से कुकही सिमरसोत पीडब्ल्यूडी रोड तक, चचेरिया हरिजन स्कूल से मुसहर टोला पाल टोला होते हुए सोनपुरवा मेन रोड तक, जपला दंगवार रोड से महुअरी तक, नबीनगर रोड से मालवारिया



तक, जपला नबीनगर मुख्य पथ से दरुआ तक, सामुडीह पथरा रोड निम्हत मोड़ से इटवा तक पथ निर्माण शामिल है।

श्री सिंह ने कहा कि उन्होंने सम्पूर्ण इलाके का बिना भेद भाव कार्य किया है। जिससे सभी जात धर्म व समुदाय के लोगों को फायदा हो रहा है। हुसैनाबाद में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क व बिजली के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। उनके पहले और अभी के कार्यकाल में कितना काम हुआ और बीच के कार्यकाल में किसने क्या किया, जनता जानती है।

दोनों कार्यकाल के दौरान उन्होंने जो कार्य किया है, उससे जनता वाकिफ है। विधायक ने विरोधियों पर प्रहार करते हुए कहा कि दस वर्ष वह विधायक नहीं थे, तब उन्होंने क्षेत्र में क्या काम किया, उन्हें जनता को हिसाब देना चाहिए।

विधायक ने कहा कि अगर कुछ समस्या रह गई होगी तो उसका भी समाधान आने वाले समय में करा दिया जाएगा। शिलान्यास के मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की एक एक सड़क को ढूंढ ढूंढ कर बनवाने का काम विधायक ने किया है। पांच और सड़कों के निर्माण कार्य की निविदा निकलने वाली है।

मौके पर हैदरनगर प्रमुख कलावती देवी,उप प्रमुख पप्पू पासवान, बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह,पप्पू सिंह,हंसराज सिंह, संजय सिंह, वीरेंद्र सिंह, अनिल सिंह,सुधीर सिंह, रविरंजन सिंह,अकबर खान, गुड्डु सिंह, रमा अनुज, जय प्रकाश उपाध्याय ,उदित सिंह, पूर्व मुखिया यमुना यादव, विजय राजवंशी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने नामकुम में दो योजना की रखी आधारशिला



रांची/नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता): खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने खिजरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नामकुम प्रखण्ड में विधायक राजेश कच्छप जी के अनुशंसा पर जिला अनावध्द निधि से स्वीकृत दो पथ का विधि-विधान से नारियल फोड़कर शिलान्यास ग्राम बरगांवा में दिपक महतो के घर से सपाही नदी तक 1380 फीट पीसीसी पथ का निर्माण कार्य एवं महुआ टोली में डोरण्डा पथ से अमेठिया नगर पथ तक 3130 फीट पीसीसी पथ का निर्माण है। मौके पर कृष्णा गोप, अरुण गोप, मुखिया अनिता तिर्की, मुरलीधर कुमार, सामु बेग, राजेश नायक एवं अन्य लोग उपस्थित थे

## सभी लोग एकजुट होकर अपने हक और अधिकार को बुलंद करे : जयराम महतो




**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व उप मुखिया परवेज खान के घर जेबीकेएसएस के सुप्रीमो जयराम महतो पहुचे और उन्हें बधाई भी दिया. इस बावत जयराम महतो ने कहा कि विनोद बाबू का कथन था कि पढ़ो और लड़ो इसी को चरितार्थ करते हुए वक्त आ गया है कि झारखंड में माटी, बेटी, रोटी, अस्मिता की लड़ाई में सभी लोग एकजुट होकर अपने हक और अधिकार को बुलंद करें. तभी हमें झारखंडियों का हक अधिकार मिल सकता है। मौके पर मार्शल महतो एवं आकाश खान मौजूद थे.

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी प्रखंड अंतर्गत राजीव गांधी सेवा केंद्र सभागार में सोमवार को तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण खलारी प्रखंड के सभी मुखिया सभी पंचायत सचिव एवं पंचायत के वीएलई का मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। पहले दिन के सत्र में मास्टर ट्रेनर पंकज ठाकुर के द्वारा मनरेगा का सेवन रजिस्टर एवं मनरेगा मेट के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। तत्पश्चात मनरेगा पोर्टल और पंजीकरण, कार्य एवं भुगतान संबंधी पोर्टल, मनरेगा में मुखिया की भूमिका और चुनौतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर खलारी प्रखंड के प्रखंड समन्वयक पंचायती राज स्वशासन परिषद असित कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर राजू कुमार, कनिय अभियंता प्रवीण उरांव, मुखिया तेजी किस्पोट्टा, संतोष कुमार महली, मलका मुंडा, शिवरात मुंडा, पुतुल देवी, पंचायत सचिव रिशु कुमारी, महावीर महतो, पूषा मुंडा, हरकुलश साहू, राजेंद्र नायक एवं सभी पंचायत के वीएलई उपस्थित थे।

## मजदूर नेता ने चार परिवारों को किया आर्थिक मदद

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी प्रखंड के चार परिवारों को बारी-बारी से मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने सोमवार को आर्थिक मदद किया। अब्दुल्ला ने बताया कि खलारी क्षेत्र के ग्राम ठरहा गांव के स्वर्गीय सुगनी देवी, सामू टोंगरी के स्वर्गीय कोटिया महतो, अंबा टोंगरी के स्वर्गीय प्रतीमा कुमारी एवं राय बस्ती के स्वर्गीय सुक्रो देवी को कुछ दिन पूर्व सभी लोगों का बीमारी के कारण मृत्यु हो गयी। जानकारी मिलने पर मजदूर नेता अब्दुल्लाह ने सभी परिवारवालों से मिलकर संवेदना व्यक्त कर परिवालों को ढांढस बढ़ाया। साथ ही चारों परिवारों को खाद सामग्री तथा आर्थिक सहयोग किया। अंसारी ने आश्वासन दिया कि इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ा हैं।

# आजसू पार्टी टुटकी पंचायत की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** प्रखंड के टुटकी गांव में सोमवार को आजसू पार्टी टुटकी पंचायत की एक बैठक मनोज कुमार सिंह मुंडा के अध्यक्षता में किया गया। बैठक में पूर्व जिप सदस्य सह केंद्रीय सचिव गौतम कृष्ण साहू, प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाईक, प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र करमाली, ग्राम प्रभारी धीरेन्द्र नाथ महतो, पंचायत प्रभारी महावीर महतो आदि उपस्थित हुए। इस दौरान सर्वसम्मति से पंचायत के ग्राम प्रभारीयों का चयन किया गया जिसमें धीरेन्द्र नाथ महतो व महावीर महतो को ग्राम प्रभारी टुटकी, शिशुपाल महतो व निपेन महतो को ग्राम प्रभारी नवाडीह, महिला ग्राम प्रभारीयों में सुजाता देवी व सुषमा देवी को ग्राम नवाडीह, रिंकी देवी,सुनिता देवी,सरिता देवी को टुटकी, प्रफुल्ल कुमार महतो,शशि सोनार , अलोका देवी व संगीता देवी को टुटकी पंचायत का पंचायत प्रभारी बनाया गया। इस मौके यूथ कमिटी का गठन किया गया जिसमें पर 20 से 30 वर्ष आयु वर्ग के लड़के एवं लड़कीयों का चयन किया गया। बैठक में बुथ संख्या 78 एवं 79 के चूल्हा प्रमुख एवं उपस्थित ग्रामीणों के बीच आगामी बिधानसभा चुनाव को लेकर बिस्तृत चर्चा की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए गौतम कृष्ण साहू ने पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो द्वारा क्षेत्र में किए गए कार्यो एवं भविष्य में विकास की रोड मेप की जानकारी दी। वहीं उन्होंने आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी को भारी बहुमत से विजय बनाने के लिए पंचायत प्रभारी, ग्राम प्रभारी एवं चुल्हा प्रमुख को समन्वय बनाकर कार्य करने का आह्वान किया। बैठक को प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक एवं धीरेंद्र नाथ महतो ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन चारु बाला देवी ने किया। इस मौके पर नरोत्तम गोरांई , गुणाधर महतो,जनमेजय महतो, प्रफुल्ल महतो, रामचरण महतो,धनीराम महतो, सुमन ताँती, अरूण कुमार महतो, जयंती महतो, जनकलाल महतो, राजेश कुमार महतो, शम्भु कुमार महतो,तरणी ताँती, गोविंद कोईरी, किशोर हजाम, उर्मिला देवी, मीना देवी, ममता देवी, टुटकी, नवाडीह एवं हाहेलुपुंग के ग्रामीण उपस्थित हुए।

## रैयतों को यथाशीघ्र रोजगार की मांग, प्रदुषण कोष का भी किया मांग



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चुरी कोलियरी विस्थापित ग्रामीणों ने चुरी पूर्वी के बर टोला में रविवार को बैठक की। जहां जेबीकेएसएस पार्टी के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। अध्यक्षता जेबीकेएसएस रांची जिला महिला मोर्चा के सचिव किरण देवी ने की। बैठक में प्रदूषण की समस्या, नौकरी-रोजगार आदि विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया गया। बताया गया कि चुरी कोलियरी परियोजना अंतगर्त हुए विस्थापित रैयतों को जमीन के बदले नौकरी अभी तक नहीं मिल पाया है। साथ ही कोलियरी से हो रहे प्रदूषण प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को प्रदूषण का कोष ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पा रहा है। ग्रामीणों ने परियोजना पदाधिकारी से उंचीत रैयतों की जांचकर रैयतों को यथाशीघ्र रोजगार और प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को प्रदुषण कोष का मांग की है। बैठक में किरण देवी, निशा देवी, मीनाक्षी कुमारी, खुशबू कुमारी, पुनीता देवी, मंजू देवी, सुजीत देवी, कुंती देवी, सविता देवी, कौशल्या देवी, बसमतिया देवी, फूलमती देवी, रजनी देवी, गांधारी देवी, फुल्को देवी, मालती देवी, सावित्री देवी, आशा देवी, काजू देवी, रेणु देवी, अनीता देवी, मंगरी देवी, राधा देवी के अलावा जेबीकेएसएस टीम से राजेंद्र महतो, नरेंद्र महतो, कृष्ण कुमार, प्रमोद महाजन, कृष्णा बड़का महतो, मुन्ना गंझू, प्रसाद महतो, लखन कुमार उपस्थित थे।

# बेड़ो पुलिस ने गौ वंशीय पशु लदा पकड़ा एक ट्रक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** थाना क्षेत्र के महावीर चौक के समीप पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ट्रक न0 जे एच 01 बी एच 5545 में अवैध रूप से ले जा रहे गौवंशीय पशु पकड़ा। वहीं चालक भागने में सफल रहा। ट्रक के ऊपर सो रहे एक युवक मौका देख कर उतर कर भागने लगा। जिसे पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया। वहीं मवेशी लदा ट्रक को जब्त कर थाना ले आई। पकड़े गए युवक ने अपना नाम मोजिद अंसारी पिता मोहिब अंसारी ग्राम पंडरी थाना चान्हो बतलाया।

वहीं उसने बताया कि वे लोग पत्थलगांव,छत्तिसगढ़ से गोवंशीय पशु को ट्रक में लोड कर रांची के नगड़ी के पास ले जा रहे थे। इधर बरामद पशु की सूचना पर पशु चिकित्सक सभी मवैसी का परीक्षण किया। पुलिस ने हिरासत लिये पशु तस्कर से पूछताछ कर रही है। चालक और खलासी की तलाश तेज कर दी गई है। सभी मवैशी को थाना परिसर में रखा गया है। वही पशु पकड़े जाने की सूचना मिलते ही पशु पालने के लिए ले जाने की ग्रामीणों में होड़ मच गई। थानेदार के पास लोग गाय ले जाने की बात कही। पशुओं की संख्या लगभग 37 है।

## टाईगर जयराम की सभा में उमड़ी भींड़ ने बता दिया, जनता बदलाव के मुड में है, गाजे-बाजे साथ हुआ स्वागत



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय मैदान में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की बदलाव संकल्प सभा में उमड़ी भीड़ ने बता दिया कि खिजरी विधानसभा की जनता बदलाव चाहती है।हलांकि यह सभा जो 17 सितंबर को होना था लेकिन मौसम की मार ने कार्यक्रम को पांच दिन पीछे धकेल दिया नहीं तो जिस तरह की तैरारी थी सभी राजनैतिक दल हकलान रहते। फिरभी अल्प समय में जेएलजेएम को रांची जिला में अपने तन मन धन से सींचने वाले केन्द्रीय संगठन मंत्री फलिन्द्र करमाली, जिला संगठन महासचिव बिमल महतो, वरीय उपाध्यक्ष लखींद्रमहतो,, केंद्रीय सचिव सुमित महतो, सुरेश सर रोहित महतो, सावना महतो,राजेश बैठा,, कर्मठ साथी महेन्द्र महतो, दीपक कुमार दीपक, लखीराम महतो, हीरा लाल साहू,अनंत राम महतो, जीतबहन महतो, कर्मठ साथी गजेंद्र महतो, जय मेहता, केन्द्रीय महिला मोर्चा केंद्रीय मंत्री मोहरी देवी, केंद्रीय मंत्री मंजू देवी,बालो देवी , पूर्णिमा देवी, बिनीता तिर्की,रीता देवी, अनीता देवी, शांति देवी केंद्रीय संगठन मंत्री अमृता देवी, लक्ष्मी देवी, अंजली देवी, रामिता देवी,रानी देवी, सुनीता देवी, रीना देवी, शीला देवी, कविता देवी,बिनोद महतो, सोनार कुम्हार, गुमेश्वर महतो, महावीर महतो, संजय लोहारा, मोहन बड़ेक, दीपक महतो, गजेंद्र महतो, सृष्टि धर महतो, जोहर महतो , अगमलाल महतो, राहुल महतो, उपाध्यक्ष हेमंत महतो, कृष्णा लोहारा,, सजीत तिर्की, सोरेन महतो, के अथक गांव-गांव जाकर किये गये जन जागरण परिणाम स्वरूप जुटी भींड़ ने रांची पुरुलिया रोड़ हेसल के पास, ढ़ोल-नगाड़ा व गाजे-बाजे ने जयराम को स्वागत कर जुलूस की शक्ल में जश्न का माहौल बना दिया।जिससे लग रहा था जैसे फलिन्द्र करमाली ही खिजरी विधान सभा का प्रबल दावेदार हों।जबकि इस स्वागत सामारोह की हुजूम में केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्रनाथ महतो व केन्द्रीय महिला मोर्चा अध्यक्ष दमयंती मुंडा की टोली ने शामिल होकर चारचांद लगा दिया और अनगड़ा अंचल मैदान में भीड़ उमड़ पड़ा।

## भादरिया झूमर सह करम मिलन समारोह का आयोजन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भादरिया झूमर सह करम मिलन समारोह का आयोजन ई ई इफ मैदान टाटीसिलवे में टाटीसिलवे आयोजन समिति द्वारा किया गया। प्रसिद्ध कलाकार अश्वनी कुमार महतो व दिनेश महतो द्वारा करम व पचपरगणिया सुमधुर झारखण्डी गीत प्रस्तुत की गई।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से टाटी पूर्वी मुखिया कृष्णा पाहन डॉक्टर हरीश चंद्र महतो,सुखदेव महतो,माथुर प्रसाद महतो, एस पी महतो,किशलय महतो,मान सिंह,राम सिंह इत्यादि गणमान्य लोगों के आलावे सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## सड़क किनारे सूखे पेड़ दे रहे हादसे को आमंत्रण

**मरकच्चो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सजीव के लिए हरे भरे पेड़-पौधे जिदगी देते हैं, तो सूखे पेड़ जान भी ले सकते हैं। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बरियारडीह मरकच्चो मुख्य मार्ग के दोनो किनारे में सूख चुके पेड़ ऐसी घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं, लेकिन इस ओर ना तो वन विभाग का ध्यान है और ना ही स्थानीय प्रशासन का ध्यान है। मरकच्चो बरियारडीह मुख्य सड़क के किनारे सूखे पड़े है। बरसात के दिनों में इन सूखे पेड़ों के गिरने का खतरा प्रबल हो जाता है। जबकि कभी कभी तेज हवा से सूखे पेड़ के सुखी टहनी तेज हवा से टूट कर गिरने लगते है। इसके जिम्मेदार विभाग इन पेड़ों कटवाने को लेकर संवेदनशील नहीं दिख रही है। लोगों की मानें तो मौसम के मिजाज के मुताबिक चलने वाली तेज हवा से ये पेड़ कभी भी धराशायी हो सकते हैं। आंधी चलने से इन सूखे पेड़ों के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ये पेड़ कभी भी सड़क पर गिर सकते हैं, जिससे सड़क पर आने-जाने वाले राहगीरों को क्षति भी हो सकता है। बरियारडीह मरकच्चो पथ पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में गाड़ियां गुजरती है। बाइक, साइकिल सवार और पैदल स्कूल के बच्चे जाते हैं। इस पथ पर नावाडीह1,गरगडीहा, दरदाही,बिचरिया एवम मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय समीप दर्जनों सूखा शीशम का पेड़ खड़ा है। यह पेड़ कभी भी तेज हवाओं के चलने के साथ सड़क पर गिर सकता है, जो पूरी तरह सूखकर सड़न का शिकार हो रही है। दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहा है। इसकी लगभग सभी डालियां सड़कर आंधी की भेंट चढ़ रही है। संयोगवश ये डालियां किसी वाहन या पैदल राहगीर को अपना निशाना बना लेगी।इसे कटवाकर विभाग द्वारा बेचा जय तो सरकार को करोड़ो का फायदा हो सकता है। जानकारी हो की 16 मार्च को सरकारी वाहन में मरकच्चो प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचलाधिकारी, बीपीओ समेत वाहन चालक और अंचल गार्ड सभी एक ही गाड़ी में लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ संख्या 417 का निरीक्षण करके वापस पंचायत पपलो की ओर जा रहे थे इसी दौरान रोशन बागी में वर्षो पुराना पेड़ सरकारी वाहन पर गिर गया। सरकारी वाहन छतिग्रस्त हो गया। मगर वाहन में बैठे पदाधिकारी गण को कुछ नहीं हुआ। इस दौरान दबी जुबान से लोगो का कहना था कि भगवान की कृपा इन लोगो के ऊपर था जो कोई अनहोनी नही हुआ था। जिससे एक बहुत बड़ी घटना टल गई। अगर मरकच्चो बरियारडीह मुख्य मार्ग के किनारे सूखे पेड़ नही कटे तो कभी भी बड़ी घटना घट सकती है।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रशिक्षुओं ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता)::** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में भारत सरकार के युवा एवं खेलकूद मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत शपथ कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2023-25 के प्रशिक्षुओं द्वारा कोडरमा जिले के विभिन्न शिक्षण अभ्यास केंद्रों सी. डी. बालिका उच्च विद्यालय, झुमरी तिलैया,सी. एच. उच्च विद्यालय, झुमरी तिलैया, गांधी उच्च विद्यालय, झुमरी तिलैया, आर एम एम+2 उच्च विद्यालय, चंदवारा, अपग्रेडेड हाई स्कूल जोंगी आदि में उपस्थित प्रशिक्षुओं, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं सभी सदस्यों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई साथ ही स्वच्छता के प्रति सदैव सजग रहने हेतु प्रेरित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मदुला भगत ने सभी प्रशिक्षुओं को स्वच्छता के लिए जागरूक किया और अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता ही अच्छे स्वास्थ्य का मूल मंत्र है।इस अवसर पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला नोडल पदाधिकारी सौरभ शर्मा कहा कि राष्ट के विकास, पर्यावरण संरक्षण वो संतुलन एवं निरोग रहने में स्वच्छता अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ।

# मुरी स्टेशन में अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** आरपीएफ पोस्ट मुरी के अधिकारी टीम ने मुरी स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो से 25 वर्षीय युवक को शराब के साथ गिरफ्तार कर आबकारी विभाग रांची को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार आरपीएफ पोस्ट मुरी के अधिकारीयों एवं कर्मचारियों द्वारा मुरी रेलवे स्टेशन में गहन जांच की गई।उसी दौरान सोमवार की सुबह 7 बजे के लगभग मुरी स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर एक युवक को भारी बैग लेकर जल्दबाजी में संदिग्ध तरीके से ट्रेन संख्या 18626 हटिया पुर्णीया कोर्ट एक्सप्रेस में चढ़ने का प्रयास करते देखा गया। ड्यूटी कर रहे आरपीएफ के द्वारा व्यक्ति को हिरासत में लिया गया।

और बैग की तलाशी लेने पर शराब की 31 बोतल बरामद हुआ जिसमें बियर की 24 बोतल और रॉयल स्टैग की 7 बोतल शामिल हैं।जिसकी कुल किमत 7,700 है। युवक से पुछताछ के दौरान अपना नाम सुरज कुमार उम्र 25 वर्ष पिता लेफ्टिनेंट तिलक देव प्रसाद, गांव दीपकुला, थाना धनरवा, जिला पटना बिहार का बताया गया।और शराब लेकर मुरी से तारेगना जा रहा था।और निजी लाभ के लिए अपने मुल स्थान शराब बेचने का इरादा रखता था।जांच पड़ताल के दौरान वह ऐसी शराब रखने का कोई ठोस लाइसेंस या कानूनी दस्तावेज दिखाने में असमर्थ था।जो रेलवे परिसर में सख्त वर्जित है। मुरी आरपीएफ पोस्ट के अधिकारीयों ने उपलब्ध गवाहों की उपस्थिति में एएसआई रवि शेखर द्वारा प्रतिबंधित शराब को जब्त कर लिया गया एवं युवक और शराब को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए आबकारी विभाग को सौंपा दिया गया।इस अभियान में आरपीएफ पोस्ट मुरी के एएसआई संजय बैठा,सीटी प्रदीप, एएसआई रवि शेखर (फ्लाइंग टीम रांची)सीटी प्रदीप, सीटी हेमंत मौजूद थे।

# स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो की जयंती का भव्य आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो जयंती समारोह का भव्य आयोजन विनोद बिहारी महतो स्मारक समिति चतरा द्वारा स्वर्गीय विनोद बिहारी स्मारक स्थल पर किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत आंदोलनकारी व झारखंड के पितामह रहे स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो के चित्र पर पुष्पांजलि व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम में पूर्व सांसद राम टहल चौधरी,वरिष्ठ भा ज पा नेता जैलेंद्र कुमार,पूर्व विधायक राम कुमार पाहन,डॉक्टर अमर चौधरी,सुषमा बड़ाइक,उपप्रमुख वीणा कुमारी,जयपाल हजाम,उमेश बड़ाइक सह संयोजक जनजाति सुरक्षा मंच, किस्टो कुजूर प्रधान,जितेंद्र सिंह,काशी महतो, कृष्णा पाहन,रणधीर चौधरी,अजय महतो,नरेश साहू,राजेश मिश्रा,सत्यदेव मुंडा,सुरेंद्र महतो,सखीचंद महतो,रामनाथ महतो मानकी राजेंद्र शाहि सुनिल महतो।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष कुमार महतो,रोहित कुमार महतो,आकाश कुमार महतो, सुकूल महतो,रमेश मुंडा,सुरेश महतो,नरेश महतो, बनमाली महतो,शंकर महतो, सावना महतो,विजय महतो, छोटेलाल महतो,आशीष वर्मन,राकेश महली, दीपक साहू,दिलीप ठाकुर,संतोष सिंह,सरोज महतो, दीपक महतो,सचिन महतो,कमलेश महतो, अमरनाथ महतो,रोहन महतो,रवि रंजन सिंह,अमन महतो, चंदन हजाम,शंकर पाहन,बलराम महतो,हरिचरण महतो, संजय महतो इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।